# कहत कबीर

(व्यग्य-सग्रह)

ज्ञान भारती
४/१४, रूपनगर दिल्ली ११०००७

# कहत कबीर

## हरिशंकर परसाई

ज्ञान भारती
४/१४ रूपनगर
दिल्ली ११०००७
द्वारा प्रकाशित

सर्वाधिकार
श्री हरिशंकर परसाई • मूल्य ३५ ००

प्रथम संस्करण
१९८८

प्रदीप प्रिंटर्स नयी दिल्ली
में मुद्रित
[158 1 11 1088/G]

KAHAT KABEER (Satire) by Hari Shankar Parsai Rs 35 00

सुखिया सब ससार है खावै और सोवै
दुखिया दास कबीर है जागै और रोवै

# कैफियत

इस पुस्तक म मेरे कुछ 'सुनो भई साधो' स्तभ सब[illegible]
स्तभ मैं सन् १९५८ से दैनिक 'नयी दुनिया', अब 'नवीन दुनिया' जबलपुर, में लिख रहा हू। १९४७ से ही मैं नियमित स्तभ-लेखन कर रहा हू। १९४७ से 'प्रहरी' साप्ताहिक, जबलपुर मे 'अघोर भैरव' के उपनाम से कभी-कभी स्तभ लिखा। फिर 'कल्पना' मे 'और अत मे', 'सारिका' मे 'कबिरा खडा बाजार मे', 'तीसरी आजादी का जाच कमीशन' और तुलसिदास चदन घिसै' लिखे। १९५६-५७ मे 'परिवतन' जबलपुर मे 'अरस्तू की चिट्ठी' स्तभ लिखा। 'करेंट' मे 'माटी कहे कुम्हार से' तथा 'जनयुग' मे 'ये माजरा क्या है' स्तभ लिखे। अभी भी 'सुनो भई साधो' चल रहा है। 'देशबधु' मे 'पूछिए परसाई से' सप्ताहिक स्तभ मे पाठको के प्रश्नो के उत्तर देता हू।

विपुल सामग्री इन स्तभो की मेरे पास है, जिसमे से बहुत थोडी पुस्तक-रूप मे आयी है। इस पुस्तक मे 'सुनो भई साधो' स्तभ के कुछ लेख हैं।

इन्हें पाठको ने शुरू से बहुत पसद किया। साहित्य शास्त्रियो ने पहले खीजकर इनकी अवहलना की। पर मैं लिखता गया—

न सताइश की तमन्ना न सिला की परवा
न सही गर मरे अशआर मे मानी न सही।

तात्कालिक घटना के सदभ मे लिखे इन स्तभो के व्यापक और गभीर प्रयोजनो को पिछले कुछ समय से शास्त्री समझ रहे हैं और सौंदयशास्त्र मे तरमीम करने की जरूरत भी महसूस की जा रही है। बहरहाल, यह जो हो, पाठको के हाथ मे है।

पुस्तक की सामग्री का चयन और सपादन डॉ० श्यामसुदर मिश्र ने किया है।

—हरिशकर परसाई

# क्रम


| | |
|---|---|
| कफियत | (vii) |
| बी० जे० पी० का नाटक बदला | १ |
| फिसलने के सिद्धात | ५ |
| काश्मीर मे दो घटनाए | ९ |
| चर्बी का हल्ला और | १३ |
| अशाति के भूता की शाति-सेना | १७ |
| मुहरम और दशहरा की बधाई | २१ |
| चर्बी, गगाजल और एकात्मता यज्ञ | २५ |
| राजीव गाधी की अखबारो का नसीहत | २९ |
| बारूद पर बैठकर माला पहनना | ३३ |
| कामनवेल्थी भाईचारा | ३७ |
| ब्रेन ड्रेन की चिता नही जी ! | ४१ |
| दुनिया के कोतवाल की नयी हरकत | ४५ |
| चरणसिह गाधी से नाराज हैं | ४९ |
| जनरल जिया का पेकिंग मे कत्थक | ५३ |
| उपचुनावो म चर्बी निकल गयी | ५७ |
| भ्रष्टाचार पर फासी | ६१ |
| राष्ट्रीय एकता समिति भी हो गयी | ६५ |
| मूर्ति चोरी और जुलूस | ६९ |
| अकरम खा का जवाब क्यो नही ? | ७३ |
| किस विधि नारि रचेऊ जग माही | ७७ |
| रेलें क्यो टकराती हैं | ८१ |
| फिर वही लाउड स्पीकर | ८५ |

| | |
|---|---|
| ८९ | तो फिर इंद्र भी स्वाहा ! |
| ९३ | चुनावी बजट |
| ९७ | दहेज-देवता हवालात मे |
| १०१ | जाज, बीजू जिया के दरबार मे |
| १०५ | सयुक्त विरोध का अध्यात्म |
| १०९ | बूटासिंह धमवीर हो गय |
| ११३ | अकाली हिंसा और राजनीतिक कपट |
| ११७ | नकल क्यो होती है |
| १२१ | शम या गव की बात |
| १२४ | झापडो वालो की बात |
| १२८ | राकेश शर्मा और उदास लोग |
| १३२ | रावी की लडाई नमदा पर |
| १३५ | स्त्री अफसर और सस्कृति वाले |
| १३९ | मरहम लगाओ |
| १४३ | चुनाव के बैतुआ चले |
| १४७ | विरोध का फार्मूला |
| १५१ | बेशरम के पौधे |
| १५५ | अब ओलपिक का विलाप |
| १५९ | हनुमान फिर युद्ध-क्षेत्र म |
| १६२ | लोकतत्र की नगर वधुए |
| १६६ | कुलपति और पुलिस |
| १७० | जैक का जिल् को उपदेश |
| १७४ | फौजी अफसर और अमेरिकी प्रेम |
| १७८ | माया महाठगिनी हम जानी |
| १८२ | हनुमान जी हडताल पर |
| १८६ | उत्तर की डी० एम० के० |
| १८९ | देशभक्ति विभाजित |

# कहत कबीर

# बी जे पी. का नाटक बदला

साधो, भारतीय जनता पार्टी का खेला हुआ नाटक बहुत मनोरंजक है। इसे देखकर दिल खुश हो जाता है। अगर ये नाटक टिकिट से खेलें तो बहुत पैसे मिलें तथा चुनाव के लिए पैसा इकट्ठा हो। अभी एक ही हफ्ते मे तीन नाटक हो गये। डायरक्टर के आदेश से राम जेठमलानी ने अकाली नेता लोगोवाल की रिहाई की याचिका सर्वोच्च न्यायालय में पेश की। फिर निर्देशक के ही आदेश से एक पार्टी-नेता मदनलाल खुराना ने इस पर एतराज किया। तब निर्देशन पर राम जेठमलानी ने यह बयान दिया कि मैं ठीक कर रहा हूं। मैं हमेशा हिंदू सिख भाई-चारे का समर्थक रहा हूं। मैं तो लोगोवाल की पार्टी के लोगों को एतराज है तो मैं उपवास करता हूं।

साधो, यह हम लोगों के लिए बड़ा संकट की सास ऊपर और नीचे की सास नीचे। पार्टी में फूट पड़ जायेगी? दर्शक सांस रोके देखता रहा। तब भारतीय जनता पार्टी की कहानी बदला। बैठक में तय हुआ कि पार्टी तो हमेशा समर्थक रही है। हम अपने अकाली भाई राम जेठमलानी ठीक कर रहे हैं वे कृपाकर राम जेठमलानी ने कृपा करके इस्तीफा वापस

गयी कामेडी मे। मैंने समाचार पढा तो बडी देर तक तालिया बजायी।

साधो, हिटलर का प्रचारमत्री गोबिल्स कहा करता था कि एक झूठ को सौ बार कहो तो लोग उसे सच मान लेते हैं। भारतीय जनता पार्टी वास्तव म राष्ट्रीय स्वयसेवक सघ है जो हिटलर की नाजी पार्टी की पद्धति पर ही चल रहा है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी के लोग लगातार झूठ बोलते है। गलती से भी सच नही बोलत, न सच्चा आचरण करने। आज एक बात कहकर, कल ठीक उसके उल्टा कहने लगेंग। यह भी हिटलर की नीति थी। १९४० मे हिटलर ने फ्रास और ब्रिटेन से म्यूनिख समझौता किया मगर कुछ दिना बाद हमला कर दिया। यही आचरण भारतीय जनता पार्टी करती है।

साधो, स्वण मदिर परिसर म सैनिक कायवाही के पहले दो महीनो से सरकार से माग कर रहे थे कि तुरत सनिक कायवाही की जाये। कारण यह था कि पजाब म उनकी पार्टी के लोग मारे जाने लग थे और अटलविहारी वाजपयी का भी जान से मारने की धमकिया मिलन लगी थी। तब लाखा स्वयसेवका की शिक्षित फौज जिनके पास है उन्होने सरकार से प्रार्थना की कि अटलविहारी की सुरक्षा का प्रबध किया जाये। साधो सैनिक कायवाही हो गयी। स्वण मदिर परिसर से आतकवादी गिरफ्तार कर लिये गय और बहुत से मार दिये गये। अब वहा बिलकुल शाति है। मगर नाटक देखो, सना भेजने की माग अटल बिहारी ने की थी। मगर अब कायकारिणी एक प्रस्ताव पास करती है कि सैनिक कायवाही की उच्चस्तरीय जाच होनी चाहिए। खुद ने ही सैनिक कायवाही की माग की थी और जब वह हो गयी तब खुद ही माग करते हैं कि उसकी उच्चस्तरीय जाच होनी चाहिए। तीन महीन से अकालियो को एक चेहरा दिखा रहे थे और अब उससे ठीक अलग चेहरा दिखा रहे हैं। सना प्रधानमत्री और राष्ट्रपति के आदेश से गयी थी। इनसे उच्च स्तर का और कौन है इस देश के शासन म! तो उच्च स्तरीय जाच किनस करवाएग? मैं समझता हू कि यह पार्टी चाहती है कि रोनाल्ड रीगन और जनरल जिया उल हक मिलकर सैनिक कायवाही की जाच करें। अटलविहारी शायद दोनो स प्रार्थना भी

करेंगे कि हुजूर आप दोनो जाच करके बतायें कि भारत सरकार ने सैनिक कायवाही की तो ठीक की या गलत ।

साधो, अब दूसरा सीन भी । तीन महीने पहले से तो यह पार्टी अकालियो के खिलाफ कठोर से कठोर कायवाही करने की माग करती रही। राष्ट्रपति ने नजरबदी के लिए एक अध्यादेश जारी किया । उस अध्यादेश मे छेद है जिनमे से अकाली बाहर निकल सकते हैं। सार आतकवादी भी बाहर निकल सकते है और फिर हत्या शुरू कर सकते हैं। इस छेद का बद करने के लिए राष्ट्रपति ने अध्यादेश म सशोधन किया । इसका भारतीय जनता पार्टी को स्वागत करना चाहिए था क्योंकि लगातार कठोर सैनिक कायवाही की माग यही पार्टी कर रही थी । मगर अकालियो को खुश करने के लिए कायकारिणी न इस सशोधन का विरोध किया ।

साधो इस कायकारिणी म एक और ददनाक बात हो गयी । कई महीना से चौधरी चरणसिंह यह कह रहे हैं कि लोकदल और भारतीय जनता पार्टी का विलीनीकरण हो जायेगा । चौधरी का राजनीति बहुत कम समझ मे आती है । वे यह नही समझ सकते कि भारतीय जनता पार्टी वास्तव म राष्ट्रीय स्वयसेवक सघ है जिसकी कायपद्धति और उद्देश्य चौधरी से भिन्न है । कोई फासिस्ट सगठन इस तरह किसी मे विलीन नही होता । वे लोग चौधरी का उपयोग कर रहे हैं उनका शोषण कर रहे हैं और उनके राजनीतिक प्र
तक निचोड लगे । कायकारिणी न साफ नि
अपने अस्तित्व को अलग रखेंगे । किसी के
चौधरी चरणसिंह दिल्ली म बैठे-बैठे सिर
की मीठी लच्छेदार भाषा ने बूढे जाट नेता

साधो, तुम पूछोगे कि यह सब नाटक
लोग अब कह रहे हैं कि हम हिंदू सिख एक
येंगे । सही बात यह है कि पजाब म हिंदू
नही । किसी सिख किसान ने किसी
किया । सिख आतकवादियो ने उन्हे मारा

चाहे सिख हो, या हिंदू। ऐसे में जब इसकी जरूरत ही नहीं है तो हिंदू सिख भाई चारे का अभियान चलाने का मतलब है—हिंदू और सिख में झगड़ा पैदा करना। असल में ये निराश लोग हैं। सी० आई० ए० की योजना में यह था कि पंजाब में एक हिंदू मारा जायेगा तो बाकी भारत में कई सिख मारे जायेंगे। मगर ऐसा बिलकुल नहीं हुआ। इससे सी० आई० ए० भारतीय जनता पार्टी और अकाली दल निराश और दुखी है। वे सारे भारत में उपद्रव नहीं फैला सके। इसलिए हिंदू सिख भाई चारा अभियान के नाम पर यह नयी कोशिश है।

साथ ही योजना यह है कि अकालियों को पटाकर ऐसी स्थिति बनायी जाये कि आगामी चुनाव में अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी में मिली जुली सरकार बनायी जाये। मगर अटलबिहारी लोंगोवाल को यह विश्वास कैसे दिलायेंगे कि मैंने सैनिक कार्यवाही की मांग नहीं की लस्सी पिलाने की मांग की थी।

१ जुलाई, १९८४

# फिसलने के सिद्धात

साधो, इस दृश्य पर हसा जाय कि रोया जाय ! अगर यह मदारी का खेल होता और बदर बदरिया को दुल्हन बनाकर घूमता, तो हम हसत और पैसा देते। मगर यह राजनीति है जिस पर ७० करोड आदमियो का भला बुरा निर्भर है। न चरणसिह बदर और न अटलबिहारी वाजपेयी बदरिया। या न वाजपेयी बदर, न चरणसिह बूढी बदरिया। ये राजनेता है। ये इस देश पर राज कर चुके है। चरणसिह प्रधानमत्री रह चुके है। अटलबिहारी विदेशमत्री रह चुके है। ये फिर इस देश के भाग्य विधाता बनने की कोशिश कर रहे हैं। और हमें यह सोचकर हसी नही आती, रोना आता है कि इनका फिर राज हमारे देश पर हो सकता है।

साधो, अटलबिहारी आजकल चरणसिह को लेकर आम सभाओ मे जाते है। आम सभाओ मे अटलबिहारी की चुटकुलेबाजी के कारण भीड काफी होती है। सभा के मच पर ७८ साल के बूढे चरणसिह को लेकर अटलबिहारी इस तरह पहुचते है, जसे ऐलान करते जाते है— बेचारा बूढा अपग है। बुद्धि भी मद पड गयी है। सीधा आदमी है। जसा लोग बहका देते थे, बहक जाता था। एक से एक दुष्ट पडे है, राजनीति मे। मगर अब मैंने बेचारे बूढे को सभाल लिया है। आदमी भला है। जाटो मे बडी इज्जत है। जाट पूजते है, इस बाबा को।

साधो, अटलबिहारी चुस्त, चालाक, चतुर राजनीतिज्ञ हैं। वे भूले नही है, इसी आदमी ने आर० एस० एस० का विवाद उठाकर जनता

पार्टी तोड़ी थी और दरअस्ल की उस धारणा का झूठा कर दिया था कि ढाई साल में जनसंघ सरकार पर कब्जा कर लेगा—यानी अटल बिहारी प्रधानमंत्री होगा हमारा स्वयंसेवक। वाजपेयी को याद है। वह इस बूढ़े को निचोड़ने की कोशिश में है जिससे इसका रस—जाट वोट—ले लें और इसे मरे ढोर की खाल की तरह भूसे से भरवाकर रख दें। तब जाट उसके दर्शन करें और अटलबिहारी के ब्राह्मण चरण छूकर उन्हें वोट दें।

साधो, चौधरी ने सार्वजनिक बयान दिया है—मैंने राजनारायण के कहने में आकर तब जनता पार्टी तोड़ दी थी। राजनारायण ने मुझे बहका दिया था। अगर मैंने तब वाजपेयी जी की बात मान ली होती, तो जनता पार्टी नहीं टूटती। चौधरी खुला एलान कर रहे हैं कि मैं ऐसा बयावद्ध राजनीतिज्ञ हूं, जो किसी के बहकावे में आ जाता हूं। इसका एक अर्थ यह भी है कि इस बार मैं वाजपेयी के बहकाने में आ गया। फिर गलती हो गयी। खैर, मैं गलती सुधारता हूं। भारतीय जनता पार्टी से संबंध तोड़कर पांच पार्टियों के मोर्चे में जा रहा हूं। राजनारायण का कहना मान लेता तो इस बार आर० एस० एस० के चक्कर में नहीं पड़ता।

साधो, राजनारायण तब जानता था कि चौधरी बिना प्रधानमंत्री हुए रहेगा नहीं। और जनता पार्टी के तोड़े बिना यह प्रधानमंत्री बन नहीं सकता। इसके साथ ही इंदिरागांधी का समर्थन लेना पड़ेगा। इसके लिए राजनारायण ने संजय से बात की। और चरणसिंह ने इंदिरा जी का समर्थन इस विश्वास से मान लिया कि दोनों एक मां के जाये भाई-बहन हैं। बहन अपने प्यारे भैया को प्रधानमंत्री बना रही है। सब जानते थे कि इंदिरा गांधी मझधार में डुबायेंगी। मगर चौधरी तो भारत के प्रधानमंत्रियों की लिस्ट में अपना नाम लिखाना चाहते थे। राजनारायण ने चरणसिंह की इच्छा ही पूरी की थी।

साधो, जिसे जाकर समझा जाता है वह बड़ा कांइयां राजनीतिज्ञ है। जो हंसी हंसी में चरणसिंह का कुत्ता बन गया था। फिर हनुमान बन गया था। फिर प्रोमोट होकर लक्ष्मण हो गया था। वह

चमत्कारी पुरुष जिसने विंध्येश्वरी देवी की पूजा की थी, तो हफ्ते भर मे देवी के आभूषण चोरी चले गये थे। वह जादूगर—सिर पर लाल कपडा बाधे, दाढीदार ठुड्डी को छडी के बेट पर टिकाये, काइयापन से देख रहा है, सब कुछ। हनुमान कौन-सी कुलाच लेगा, इसका कुछ ठिकाना नही है। और चरणसिंह को पार्टी बदलने मे एक सेकड लगता है। पूरी जिंदगी उनकी पार्टी बदलते निकल गयी है। अभी चौधरी भारतीय जनता पार्टी के गले म ह पेट मे नही गये। कहावत है—जाट मरा तब मानिय जब तेरही हो जाय। हनुमान राजनारायण अपन राम को अहिरावण की कैद से छुडाकर फिर कधे पर बिठाकर ला सकता है। अटलबिहारी गले पर मजबूत पट्टी बाधे रह। चौधरी कही गला फाडकर न निकल जायें।

साधो, अब चद्रशेखर के सयोजकत्व म पाच पार्टियों के गुट का हाल सुनो। चद्रशेखर ने बहुत अच्छी बात कही है कि अब व्यक्ति की राजनीति नही, कायक्रम और सिद्धात की राजनीति होनी चाहिए। चद्रशेखर न कायक्रम घोषित भी किया है। दोना कम्यूनिस्ट पार्टिया ने समथन भी किया है। कुछ कायक्रम और सुझाये भी है। यह वाम-पथी मोर्चा बन सकता है। मगर ये जानत है कि हम दिल्ली म अपनी दम पर सरकार नही बना सकते। महाराष्ट्र म शरद पवार को अपने को जमाना है कोई राष्ट्रीय क्राति नही करना है। उन्ह जमाने मे भारतीय जनता पार्टी सहायक हो सकती है। उन्ह कायक्रम स क्या मतलब? रतूभाई अदानी को माधवसिंह सोलकी से लडने के लिए किस कायक्रम की जरूरत है!

साधो, अटलबिहारी जानते हैं कि उनका मोर्चा दिल्ली म अकेला सरकार नही बना सकता। चद्रशेखर का मोर्चा भी यह जानता है। इसलिए 'कायक्रम' पर आधारित कछुए की राजनीति चल रही है। धीरे धीरे कछुए बढ रहे हैं। अटलबिहारी कहते हैं—हमारे द्वार खुले हैं। हमारा गाधीवादी समाजवाद कायक्रम है। इधर अगर अखबार की रिपोट सही है तो चद्रशेखर ने कहा है—अगर आर एस एस वास्तव म सास्कृतिक सगठन है, तो भारतीय जनता पार्टी से समझौता वार्ता हो

सकती है। साथी मैं चंद्रशेखर से पूछता हूं—तुम्हें कितने जन्म लेने पड़ेंगे यह पता लगाने को कि आर० एस० एस० सांस्कृतिक संगठन है या नहीं? भूतपूर्व कम्यूनिस्ट नेता चंद्रजीत यादव को भी क्या इस बार में रिसर्च करना बाकी है? सुभद्रा जोशी को भी नये सिरे से क्या पता लगाना पड़ेगा कि संघ सांस्कृतिक संगठन है?

साथी मुझे आशा बंधने लगी है। राजनीति व्यक्ति की नहीं, कार्यक्रम की ही होगी। विपक्षी एकता भी होगी। यह कार्यक्रम पर ही होगी। और कार्यक्रम सीधा होगा—'इंदिरा हटाओ।' इन्दिरा विरोधी होने के बावजूद कम्यूनिस्ट पार्टियां संघ के कारण इस मोर्चे से दूर रहेंगी।

७ अक्टूबर, १९८४

## काश्मीर मे दो घटनाए

साधो, काश्मीर म इस समय खास घटनाए हो रही है। अभी वहा विपक्षी दलो के नेताओ की मीटिंग हो गयी जिसमे कुछ इस तरह की बातें हुई, जैसी मध्ययुग मे होती थी। तब क्या होता था—इधर शिवाजी का राज्य, उधर मालवा का, इधर कन्नौज का उधर बूंदी का, इधर मेवाड का, उधर विदर्भ, इधर मगध, उधर इन्द्रप्रस्थ। सब अलग-अलग और आपस मे लडने वाले। केन्द्रीय सत्ता लगभग नही के बराबर। नतीजा यह होता था कि करोडो भारतीयो को कुछ हजार विदेशी हमलावर हराकर राज करने लगते थे। लेनिन ने कहा था—मुझे बडा आश्चर्य है कि ३० करोड हिंदुस्तानियो पर सिर्फ १० हजार अंग्रेज राज कर रहे है। लेनिन को पता होगा कि इसका कारण था—नौ कनौजिये तेरह चूल्हे। श्रीनगर मे फारूख अब्दुल्ला ने जिन्हे बुलाया था, वे नौ कनौजिये तेरह चूल्हे बनाने पर आमादा थे। गनीमत है कि वहा राजेश्वर राव थे, जिन्होने बडी मेहनत से इन सूबेदारो को समझाया कि केंद्र को कमजोर करना देश के लिए खतरनाक होगा।

साधो, डॉक्टर फारूख अब्दुल्ला को एक बात समझ लेनी चाहिए कि शेरे काश्मीर का बेटा भी शेरे काश्मीर होगा, यह जरूरी नही। ऐसा तो जानवरो म होता है कि शेर का बेटा शेर होता है और कुत्ते का बेटा कुत्ता। आदमियो म ऐसा नही होता। होता, तो जवाहरलाल नेहरू, मोतीलाल नेहरू की तरह बडे बैरिस्टर होकर अंग्रेज रईस की तरह जिंदगी गुजार देते। हुआ उलटा। जवाहरलाल ने पिता के सूट

टाई उतरवाकर खादी के मोटे धोती कुरता पहनवा दिये। शेख अब्दुल्ला ने संघर्ष किया था। वे सही शेर काश्मीर थे। फारूख ने एश किया है ज्यादातर विलायत में वे शेर काश्मीर नहीं हो सकते। हो सकते हैं अगर आप वैसे संघर्ष करें। हम उन्हें शेर हिन्द मान लेंगे। मगर अभी वे अपनी जबान पर लगाम लगायें। अपनी मां बेगम अब्दुल्ला से कहें कि वे एक बड़े दबंग राजाता की बीवी हैं और एक मुख्यमंत्री की मां। वे कल्लू की मां की तरह बकती हैं—हमारा कल्लू बड़ा साहब बनेगा। वे बेटे को गरजिम्मेदारी की बात करने और बर्ताव करने के लिए उकसाती हैं। फारूख के चुनाव प्रचार में उनके एक तरफ मुस्लिम फंडामेंटलिस्ट' (मूलवादी) मौलवी फारूख बैठे थे, और दूसरी तरफ हिंदू फंडामेंटलिस्ट' विश्व हिंदू परिषद के भूतपूर्व अध्यक्ष राजा करणसिंह। यह खतरनाक मानसिकता की बात है। यह गृह युद्ध करा सकती है—इधर चरणसिंह ने भी कह दिया है कि हिंदू संगठित हो जायें और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हो जायें।

साधो, राजनीति की बात खत्म करता हूं। काश्मीर में हुए इससे बड़े हादसे की बात मैं करता हूं। काश्मीर में जब ये विपक्षी नेता राज्यों को और अधिकार देने तथा इंदिरा सरकार को गिराने की बातें कर रहे थे तभी दो समाज कल्याण अधिकारी इसलिए गिरफ्तार कर लिये गये कि उनके पास पाकिस्तान से बुलायी गयी २५ किलोग्राम चरस पकड़ी गयी। हो सकता है ये समाज कल्याण अधिकारी इन नेताओं के लिए ही चरस ला रहे हों। चरस के नशे में बुद्धि के सारे दरवाजे खुल जाते हैं और चेतना का स्तर बढ़ जाता है तथा विस्तृत हो जाता है। मगर इन समाज कल्याण अधिकारियों को बीच में ही पकड़ लिया गया। यह खबर बड़े अक्षरों में विशेष महत्त्व के साथ छपी है।

साधो, मुझे इस खबर को पढ़कर दुख हुआ। रामाराव अब साधु हो गये हैं, भगवा पहन लिया है। एक कान में कुंडल पहनकर 'अर्द्ध नारीश्वर' हो गये हैं। उनके ३ ४ एकड़ के प्लाट में एयर कंडीशंड कुटिया बन गयी है—यानी अब उन्हें गांजा, चरस की जरूरत है। हर साधु को होती है। वैसे वे जिस तरह शासन चला रहे हैं उससे लगता है, वे

भाग का गाला लिय रहते ह। पर गाजा, चरस, मोदक, चड का मजा ही अलग है। आल्डस हक्सले ने गाजा पीकर प्रयोग किया था। उनका निष्कर्ष था कि गाजा पीने के कारण ही भारतीय ऋषि त्रिकालदर्शी' होते थे।

बहरहाल, साधो य जो पकडे गय, समाज कल्याण अधिकारी ह। इनका काम समाज का कल्याण करना है। समाज को चरस चाहिए, तो इनका कर्तव्य है कि ये चरस का इन्तजाम करें। सारी दुनिया म नशे की आदत बढ रही है। भारत म बहुत तेजी से नशीले पदार्थों का सेवन बढ रहा है। अखबारा म खबरें पढना ह कि सरकारी अस्पताला म रोगियो को 'पेलेडिन' नहीं मिलती। कैसे मिले? लगभग आधे डाक्टरा को पेलेडिन लेने की आदत हो गयी है। मुफ्त म मिलती है न! मेडिकल कालेजा के होस्टला म आधे छात्र नशीली गोलियां लेते ह। कुछ कम प्रतिशत होगा पर लडकिया भी नशे की गोलिया लेती है। दिल्ली विश्वविद्यालय म पचास फीसदी छात्र नियमित नशे की गोलिया लेते है और तीस प्रतिशत छात्राए। इनमे स बहुता के पिता चाचा, मामा भी य गोलिया लेते ह।

साधो तुमने कभी 'मरिजुआना,' और 'हशीश' के 'ट्रिप' और 'ट्रिप' का मजा लिया है? एक फूल जोर से खीचो तो 'ट्रिप' हो जाती है। साधो मे नशे ऐसे है कि सबसे पर म मिला तो [illegible] हो जाता है—शिथिल। यह मुर्दा हो जाता है। उसकी आत्महत्या करने की इच्छा होती है। मै जब अस्पताल म भर्ती था, तब मुझे एक [illegible], चगा, अधेड, पढा लिखा आदमी मिला। वह खुद डॉक्टर था। वह खुद भरती था। उसे रोग क्या था? वह 'हिरोइन' का आदी था। 'हिरोइन' सबसे ऊचा नशा होता है, जो मेहनत से कमाया जाता है। वे दिन म आठ बार 'हिरोइन' लेते थे और परेशान हो गये थे। वे नशा छुडवाने के लिए अस्पताल म दाखिल हो गये थे। वह कहते थे—डॉक्टर ने आठ की जगह अब चार बार कर दिया है। धीरे धीरे छोडूंगे। पर मै बेचैन रहता हू। तो लगी रहती है। आपसे बात कर रहा पर मन म यही लगा है कि कब घडा भर बीते और मैं [illegible]

स लू।

साथी काश्मीर के व समाज कल्याण अधिकारी समाज के पीड़ितों का कल्याण चरस से करते रहे होंगे। वे कई वर्षों से 'चरस' 'स्मगल' कर रहे होंगे। भारत से भी ता रस' और ठर्रे की बोतलें इस्लामी हुकूमत की मदद के लिए पाकिस्तान 'स्मगल' होती है। दो देशों में सबसे मजबूत दोस्ती नशे के 'स्मगलिंग' से ही होती है। तस्कर हमारे सबसे अच्छे मैत्री प्रतिनिधि हैं।

१४ अक्टूबर, १९८३

# चर्बी का हल्ला और

साधो, इन दिनों चर्बी ही चर्बी है। दिल्ली के जैन बधुओ से ऐसी गलती हुई कि राष्ट्र उन्हें कभी क्षमा नही करेगा। तुम शायद सोच रहे होगे कि जैन बधुओ से यह गलती हुई कि उन्होने वनस्पति तेल मे मिलावट के लिए विदेश से गाय की चर्बी बुलायी ? अभी कुछ नही कह सकते क्योंकि मामला सिद्ध नही हुआ। मैं यह नहीं कहता कि इन लोगो ने मिलावट के लिए चर्बी क्यो बुलायी। चर्बी तो कई सालो से बुलायी जा रही है देश मे भी निकाली जा रही है। राष्ट्र को और राष्ट्रवासियो को इस पर कोई एतराज नही है। हमें शिकायत इन जैन बधुओ से यह है कि इसमे रंगे हाथो मे लोग पकड क्यो लिए गये। हम इन्हे पकड़े जाने के लिए शिकायत है, घी मे चर्बी मिलाने के लिए नहीं। इनसे चूक कहां हो गयी ? क्या मुखबिरो को ठीक पैसा नहीं दिया ? क्या लाश निकालने के अधिकारियो को उचित जायज पेमेंट नहीं किया ? क्या मिलावट पकड़ने वालो को सतुष्ट नहीं किया ? क्या राजनीतिक संबंधों की छीछा हो गयी ? कहीं भूल जरूर हुई जो चर्बी पकड़ ली गयी।

साधो इनकी इस भूल से हमारा मुंह काला हो गया। लोग तो ये जैन अहिंसा परमोधर्म वाले। सो अभी परेशान। मगर जैन बड़े शालीन होते हैं। किसी मुनि ने, जैन धर्म सभा ने, किसी जैन संगठन ने इसकी निंदा नहीं की। मुनि सुशीलकुमार जी चुप। आचार्य भी चुप। अणुव्रत वाले भी चुप। धार्मिक सामाजिक भी

सहिष्णुता होनी चाहिए कि धर्म भी निभता रहे और व्यापार भी चलता रहे। साधो लोग यह कहते हैं कि गौ माता वाला देश, गौ रक्षा के आंदोलन करने वाला देश, मगर घी में गौ माता की चर्बी मिलाकर उससे पकवान बनाकर खाता है। मैं इनसे कहता हूं कि अगर कंपनी के मालिक मुसलमान होते, तब हम गौभक्ति बतलाते। फिर यह चर्बी आयात की हुई है विदेशी गाय की। हर देश की गाय हमारी मां नहीं है। अब तुम कहोगे—गुरु विदेशी चर्बी इतने कारखानों के लिए काफी नहीं है देशी गाय की चर्बी का इस्तेमाल भी होता है। तो मैं कहता हूं—इसमें क्या अनैतिक है? जो गाय हम दूध पिलाती है, वह माता अगर हमें मिलावट के लिए चर्बी दे देती है तो क्या बुरा करती है? गौमाता धर्म से धंधे को ज्यादा पवित्र मानती है।

साधो, धंधे और मुनाफे की नैतिकता अलग होती है। धर्म आचरण अलग होता है। कानून किताबों की चीज है धंधे में आचरण की नहीं। अगर यह सिद्ध हो जाय कि आदमी की चर्बी ज्यादा अच्छी क्वालिटी' की और सस्ती होती है तो गुप्त रूप से स्वस्थ आदमियों के बूचड़खाने खुल जायेंगे और आदमी की चर्बी निकलने लगेगी। सरकार के मंत्रियों व पुलिस अफसरों के शासन के अधिकारियों के सहयोग से ही ये बूचड़खाने चलेंगे इसलिए जैन एंड कम्पनी सरीखे पकड़ा जाने का डर नहीं रहेगा। बस धार्मिक उन्माद के कारण धीरे धीरे सारा देश आदमी का बूचड़खाना हुआ जा रहा है। पंथ की रक्षा के लिए जिन उग्रवादी सिखों को आदमी की हत्या करनी पड़ रही है, वे वनस्पति घी की कंपनियों से सौदा क्या नहीं कर लेते? अभी हैदराबाद के दंगे में सौ हिंदू मुसलमानों की चर्बी बेकार चली गयी। जिन नेताओं ने, इत्तेहादुल मुसलमान और संघ के लोगों ने राजपुरुषों ने ये दंगा कराया उन्हें पहले से हैदराबाद की किसी वनस्पति घी के कारखाने से ऊंची क्वालिटी की चर्बी की सप्लाई का सौदा कर लेना था। राजनीति भी सधती और आमदनी भी होती। या तो लोग इस देश में गरीबी और भुखमरी से लाखों अकाल मौत मरते हैं पर कम्बख्त सूखकर मरते हैं। चर्बी नहीं होती। किसी काम की मौत नहीं इनकी।

साधो, अब तो बाजार की हर चीज खाने में डर लगता है। सुबह पेस्ट से मुंह साफ करते हैं, तो समझते हैं, जहर मुंह में डाल रहे हैं। उधर बेचारे चरणसिंह और अटलबिहारी वाजपेयी बारह घंटे के लंबे अनशन पर बैठने वाले हैं चर्बी की मिलावट के खिलाफ। इनकी एक तो ग्राम चर्बी घट गयी तो राष्ट्रीय राजनीति कमजोर हो जायेगी। वैसे हम आश्वस्त हैं। सौ में से पचहत्तर भारतीय जनता पार्टी के सदस्य और समर्थक मिलावटी, मुनाफाखोर व्यापारी होते हैं। यह पार्टी उन्हीं की है और सामंतवादियों की। अटलबिहारी अनशन करके इन्हें निर्भय कर रहे हैं।

साधो, चर्बी की मिलावट का हल्ला हुआ, तो राज्य सरकारें भी सुगबुगायीं। खाद्य विभाग का सख्त हुक्म दे दिया गया कि मिलावट रोको। खाद्य विभाग के लोगों ने व्यापारियों से कहा—सैंपल दो जांच के लिए। अब व्यापारियों ने कहा—हम सैंपल नहीं देंगे। अधिकारियों ने कहा—हम सैंपल लेंगे। ऊपर के आदेश हैं। साधो तो व्यापारियों ने विरोध में एक दिन बाजार बंद किये। अधिकारियों से कहा—तुम्हें ऊपर का हुक्म है न! तो हम ऊपर राजधानी जाकर ठीक कर लेते हैं। साधो, मिलावट कई स्तरों पर होती है, सिर्फ उत्पादन के स्तर पर नहीं। डिस्ट्रीब्यूटर, होलसेलर फुटकर व्यापारी—सब स्तरों पर होती है। इस सैंपल की जांच में अधिकारियों को आमदनी अच्छी होती, यह सही है। मगर व्यापारियों को डर यह था कि दुकानें बदनाम हो जायेंगी। साधो, अब सैंपल' का हल्ला शांत है। इसका मतलब है कि व्यापारी ऊपर राजनीतिक नेता वर्ग से मिल गये। व्यापारियों ने कहा होगा—आप लोगों को आगामी चुनाव का तो ख्याल करना चाहिए।

तो साधो ये सब कसरतें बेकार हैं। मुझे उम्मीद है जन बंधुओं का भी कुछ बिगड़ेगा नहीं। 'पर्यूषण पर्व' कभी 'प्रदूषण पर्व' नहीं होगा। बीच बीच में हल्ला होता है और फिर दुराचार डबोला होकर आगे बढ़ता है। कौन किसे सदाचार सिखाये, कौन रोके कौन पकड़े कौन सजा दिलाये—कड़ी में कड़ी तो फंसी है।

साधो, राष्ट्रपति ने साबुन से नहीं नहाने की घोषणा कर दी कि

वह चर्बी से बनता है। उन्हें सलाह दो कि यह प्रतिज्ञा छोड़ दें। कई देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उनकी पत्नियां जैलसिंह की बगल में बैठते हैं। अभी भी उन्हें यह अड़चन होती होगी। साबुन से नहीं नहायेंगे, तो उनसे ये लोग ठीक से बात नहीं कर सकेंगे। जल्दी उठ जायेंगे।

१२ अक्टूबर १९८३

# अशांति के भूतों की शांति सेना

साधो, बेरुत में काड ही काड होते रहते हैं। पिछले साल इन्हीं दिनों बेरुत में फिलिस्तीनी नागरिकों, स्त्री बच्चों को इसराइलियों ने इस तरह काटा जैसे सब्जी के लिए भिंडी काटते हैं। यह इसराइल ने अमेरिकी दम पर किया था। मगर हम भारतवासी किसी से पिछड़े हुए नहीं हैं। हमारे यहां के 'देशभक्तों' ने असम में, नेली में बेरुत जैसा ही हत्याकांड करके दिखा दिया। स्त्री और बच्चों को भी घास की तरह महान संस्कृति वाली जाति के बीच कायरों ने काटा। जैसे इसराइली हत्यारों को पछताया नहीं है, वैसे ही हमारे इन कायर जानवरों को भी पछतावा नहीं है।

साधो, अभी बेरुत में एक और काड हो गया। वहां राष्ट्रसंघ में संयुक्त राष्ट्र संघ ने शांति स्थापना के लिए सेना भेजी है, जिसमें ज्यादा अमेरिकी सिपाही और कमांडर हैं। कुछ फ्रांसीसी सैनिक हैं। साधो, ये सैनिक हैं। पेट पालने के लिए सेना में नौकरी कर रहे हैं। ये राजनीतिज्ञ नहीं हैं। राज सत्ता के हुक्म से ये चाहे जिस पर गोली चला देते हैं। यह इनकी नौकरी है। ये वहां शांति स्थापना के लिए भेजे गये हैं। हफ्ता भर पहले यहां कुछ उग्रवादी टंकों में बम भर कर उन विशाल इमारतों में घुस गये जिनमें अमेरिकी और फ्रांसीसी फौजी रहते हैं। बमों से इमारतें उड़ गयीं। काफी अमेरिकी और फ्रांसीसी सैनिक मारे गये। ये शांति सेना के लोग थे। शांति सेना पर कभी हमला

नहीं किया जाता। मगर यह हुआ। यह उन उग्रवादियों ने किया, जो खुद भी मर गये। वे आत्महत्या छापामार थे। इन मौतों से सब दुखी हैं। सब निंदा कर रहे हैं।

मगर साधो कई सवाल उठते हैं। ये उग्रपंथी खुद मरकर अमेरिकी सिपाहियों को मारने पर क्यों आमादा हुए? इनका उद्देश्य क्या है? ये इतने उन्मादी क्यों हो गये? साधो, एक बात समझ लो—जो फ्रांसीसी मारे गये वे गेहूं के साथ घुन थे। हमला असल में अमेरिका पर था। मगर अमेरिका वहां शांति स्थापना के लिए उपस्थित था।

साधो इस क्षेत्र में सारी गड़बड़ी लड़ाई हिंसा, हत्या, पिछले कई सालों से अमेरिका करवा रहा है। अमेरिका ने ही हथियार और पैसा देकर इसराइल को आक्रामक बनाया। इसराइल ने फिलिस्तीनियों को उनके देश से भगाया। सीरिया की जमीन छीनी। लेबनान में लगातार जो गृहयुद्ध हो रहा है, वह भी अमेरिका का ही भड़काया हुआ है। अमेरिका लेबनान की सरकार को अपने कब्जे में रखना चाहता है। लेबनान को इसराइल के आतंक में रखकर उसका इस्तेमाल करके पूरे अरब क्षेत्र में आतंक कायम रखना चाहता है। अमेरिका शांति के लिए भी सिर्फ बंदूक और बम की भाषा जानता है। इसके सिवा उसे अंग्रेजी भाषा नहीं आती। अमेरिकी शासक पूरी तरह अपढ़ हैं।

साधो, राष्ट्रसंघ के महासचिव की बुद्धि क्या भ्रष्ट हो गयी थी या उन पर पागलपन का दौरा पड़ा था, जो उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना में अमेरिकी भेज दिये? यह अमेरिका के दबाव के कारण किया होगा। अमेरिका वहां लड़ाई भी कराता है अशांति फैलाता है अराजकता पैदा करता है—और फिर शांति स्थापना के बहाने और फौज भेज देता है। अमेरिका इस क्षेत्र के सारे झगड़े में प्रमुख पार्टी है। अपराधी पार्टी निष्पक्ष शांति स्थापना की शक्ति कैसे हो सकती है? हत्यारों को पुलिस सुपरिंटेंडेंट कैसे बनाया जा सकता है? डाकुओं को हाईकोर्ट का न्यायाधीश कैसे नियुक्त किया जा सकता है?

साधो राष्ट्रसंघ ने यही किया। हत्यारों को पुलिस बना दिया। नतीजा यह हुआ कि जिस कौम की हत्या अमेरिका करवा रहा है

उनके कुछ उग्रपंथियों को इतनी नफरत पैदा हुई, ऐसा क्रोध आया कि उन्होंने इन झूठे पुलिसवालों को मार डाला और खुद मर गये। साधो, इस काड से समझ में आ सकता है कि वहां के लोग अमेरिकी लोगों से कितनी नफरत करते हैं। उधर राष्ट्रपति रीगन मूर्खता से भरी वहां दुरी दिखा रहे हैं। कहते हैं—हम वहां से हटेंगे नहीं। हमें और फौज भेज रहे हैं और गोला-बारूद भेज रहे हैं। बमवर्षक भेज रहे हैं।

साधो, यह पागलपन है। उस क्षेत्र में शांति तब हो सकती है जब (१) फासिस्ट इसराइल को अमेरिका प्रोत्साहित न करे, (२) वहां फिलिस्तीनियों को अपनी मातृभूमि में स्वतंत्र राष्ट्र बने और उसे सब सुरक्षा की गारंटी दें, (३) इसराइल सीरिया की तथा आसपास की हड़पी हुई अरब भूमि वापस करे, (४) लेबनान में राष्ट्रीय सहमति से सरकार बने और दो क्षेत्रों को स्वायत्तता दी जाय, (५) अमेरिका एक देश को दूसरे से लड़वाना बंद करे (६) अमेरिका पूरी तरह इस क्षेत्र से हट जाये।

साधो, मगर अमेरिका न यह करेगा, न होने देगा। पिछले ३० सालों का रिकार्ड है कि अमेरिका जहां गया है, अशांति पैदा की है। वियतनाम में क्या अमेरिका शांति के लिए गया था? जब तक वियतनामियों ने उसे पीटकर भगा नहीं दिया वह बम बरसाता रहा। कोरिया में क्या शांति के लिए घुसा था? कभी कोरियाई विमान के २६९ निर्दोष यात्रियों को क्या शांति के लिए मरवा दिया? पाकिस्तान वगैरह को क्या शांति के लिए हथियारों से भर रहा है? लैटिन अमेरिकी देशों में क्या शांति के लिए फौजी हस्तक्षेप कर रहा है?

साधो अब अमेरिका का अर्थ हो गया है उपद्रव, युद्ध, अशांति। दुनिया में कोई अमेरिकी शासन का भरोसा नहीं करता—सिवा गुंडे तानाशाहों के। अमेरिका की उपस्थिति का मतलब है अशांति। अमेरिकियों ने समूची गोरी जाति को बदनाम कर दिया है। कहीं गोरा दिखता है तो लोग मानते हैं यहां यह उपद्रव करायेगा।

साधो राष्ट्रसंघ की यह बेहद नासमझी है कि अशांति के एजेंट अमेरिका को लेबनान में शांति स्थापना के लिए भेजा। राष्ट्रसंघ को

कहीं भी शांति स्थापना के लिए 'गारा' को खासकर अमेरिकियों को नहीं भेजना चाहिए। राष्ट्रसंघ को एशिया, अफ्रीका के गुटनिरपेक्ष देशों को शांति-स्थापना के लिए भेजना चाहिए। इन पर लोग विश्वास करेंगे।

१८ अक्टूबर, १९८३

# मुहर्रम और दशहरा की बधाई

साधो, मुहरम और दशहरा एक ही दिन हो और शहर साम्प्रदायिक मामले म नाजुक हो तो, पन्द्रह दिन पहले से पुलिस और प्रशासन घबड़ाने लगते हैं, साधारण नागरिक भी चिंतित हो जाता है। जिला शासन ऊपर भयंकर रिपोर्टें भेजता है कि शहर म बड़ा तनाव है। यह इसलिए किया जाता है कि ये पर्व शांति स निकल जायें, तो राजधानी मे राजनीतिक मालिकों पर यह प्रभाव जमे कि हालत तो बड़ी खराब थी, कुछ भी हो सकता था—मगर सक्षम और विशेष बुद्धिमान अफसरों ने शांति से निपटा दिया। सरकारी नौकरी मे ये तरकीबें चलती है। खरगोश की घेराबंदी के लिए दो-तीन बटालियनें लगा देते हैं और बाद म अखबारों मे लंबा समाचार छपा देते हैं कि पांच शेरों की घेराबंदी की थी, मगर वे भाग निकले।

साधो, जब मुहरम और दशहरा शांति से निकल जाते हैं, तब एक दूसरे की पीठ ठोकते है। खुद अपनी पीठ भी ठोकते हैं। नागरिक चैन की सांस लेता है। पुलिस और शासन की तारीफ करता है। साधो, मेरा शहर दो विशेषणों से विभूषित है। विनोबा भावे न इसे 'संस्कारधानी' कहा था और पंडित नेहरू ने 'गुंडा का शहर'। तो यहां के नेताओं पर तथा शासन पर दुहरी जिम्मेदारी आ जाती है—दोनों की बात निभाने की। इसलिए कभी इस शहर की छवि संस्कारशील बनायी जाती है और कभी गुंडागर्दी की। दशहरा मुहरम शांति से हो गये तो अखबारों

म ऐस समाचार छपत ह जैस कोई चमत्कार हो गया हो। जस आम स्वाभाविक तथ्यपूर्ण बात यह होनी है कि हिंदू मुसलमान लडन। पर व नही लडे। भाई साहब, चमत्कार हो गया। अखबारा म सपादकीय टिप्पणी छपती है—कि नागरिको को साधुवाद कि उन्होने 'सस्कार धानी' की लाज रख ली। शासन का भी धन्यवाद। नागरिका ने भाई चारे का आदश पश किया।

साधो, यह पढकर मुझे शम आती है। शम इसलिए आती है कि हम इतन गिर गय है कि हमन साप्रदायिक झगडे का सहज घटन वाली घटना मान लिया है। एक जरूरी राष्ट्रीय प्रक्रिया मान लिया है। हम मानसिक रूप स इतन बीमार हो चुक ह कि मानन लग ह कि दो सप्रदायो के लोगो क जीवन का उद्देश्य सिर्फ आपस म झगडना है। हमारे मन म बहुत गहर म जहर है। हम इसका आभास नही है। इसीलिए जब दगा नही होता तो हम इस चमत्कार मानते हैं।

मगर साधो, नागरिका का बधाइ क्या दना! सामान्य नागरिको के क्या श्रेय है? आम मध्यवर्गीय आदमी तटस्थ भाव स हर झूठी अफवाह पर भरोसा करता हुआ घर म दुबका रहता है। उसका रोल कुल इतना है कि वह डरे, नफरत करे और अफवाह फलाये। साधारण नागरिक न दगा शुरू करता, न उसम हिस्सा लता। दग कराते हैं विशिष्ट नागरिक, इज्जतदार नागरिक, राजनता, धमनता, सस्कृति नेता। इन्ह पुलिस क एम० पी० और कलेक्टर जानते ह। य लोग ही दगे की योजना बनाते है। य दग कराय हुए अनुभवी लाग है। उनके ऊचे राजनीतिक सबध ह, य अपनी पार्टिया क नेता है। हमार लोक तत्र की यह ट्रेजेडी और कामडी है कि कई लोग जिन्ह आजम जेलखान मे रहना चाहिए व जिदगी भर ससद या विधानसभा म बैठते ह।

साधो, चोरा, गुडा, उचक्का, जुआडिया, अपराधकर्मिया को तो शासन त्योहार के पहले जल म डाल दती है। यह ठीक है। मगर दगे मे इनका काम बाद म शुरू होता है। पहला काम है—दगा शुरू कराना। इन्ह पुलिस अफसर जानते ह कलेक्टर जानते है, मगर ये कभी जल म बद नही किये जाते। ये वे लाग है जो हिसाब लगाते ह कि कब दगा

कराने से राजनीतिक फायदा होगा। किनके आर्थिक हित साधे जायेंगे। यही तय करके बताते है कि कैसी वारदात करे, कैसी अफवाह उडाकर उत्तेजना पैदा करना है। ये हर कभी दगा नही कराते। मौका तय करके कराते है। इसलिए नागरिकों का अपनी और एक दूसरे की पीठ ठोकना मुझे हसी की बात लगती है। दगे के देवताओ को दगा नही कराना था, तो नही हुआ। जहा आम हिंदू मुसलमान का सवाल है— वे कभी आपस म नही लडते।

साधो, हैदराबाद म बार बार दगा यही बडे लोग कराते है। पिछले दगे के पहले मुख्यमत्री रामाराव ने इत्तेहादुल मुसलमान के नेता को राजी कर लिया था कि वे हैदराबाद बद का आह्वान वापस ले लें। मगर उन्हे फुसलाकर ले गये अन्य विधायक 'राक कासेल' पाचसितारा होटल। वहा उन्हे समझाया कि तुम अपनी राजनैतिक आत्महत्या कर रहे हो। अरे बद करवाओ। वे बहक गये। शहर बद और दगा चालू। वे विधायक जिन्होने दगा कराया, आगे मत्री हागे। उन्हे होना चाहिए जेल मे। बल्कि फासी होना चाहिए।

साधो, दगे के आसार दिखें तो साप्रदायिक सगठना के नेताओ, कुछ राजनेताओ, कुछ काले धधे वालो को जिलाध्यक्ष और एस० पी० बुलाकर कहे— हमे ऊपर से सरकार ने पूरी छूट दे रखी है कि हम चाहे जिस तरह दगा रोकें। आप लोगो को हम खूब मानते हैं। आप इज्जतदार है पर आप दगा कराते हैं। अगर जरा भी हम इशारा मिला कि आप खुराफात कर रहे हैं तो हम पहले तो आपको हवालात मे बद करके आपके कूल्हो की चमडी उधेडेंगे और हाथ-पाव तोडेंगे। फिर मुकदमे दायर करेंगे। आप चाहे कोई हो, कितने भी बडे हो। हम सरकार ने आदेश और अधिकार लिये हैं। मगर एसी सख्ती होगी नही। दगे हागे। तुम और हम अफवाहो के चक्कर मे पडेंगे।

साधो, अफवाह ऐसी होती है। पिछले दगे के वक्त एक प्रोफेसर साहब आये। कहने लगे सुबह दो मुसलमान परियट टैंक म जहर डालते देखे गये। परियट टैंक म विशाल जलाशय है, जिसम शहर को पानी सप्लाई किया जाता है। उस विशाल जलाशय मे दो आदमी जहर

डाल रहे थे। मैंने प्राफेसर साहब से पूछा—इतने बड़े टैंक के लिए कितना जहर लोगे? दो चार टन से कम तो नहीं लगेगा। फिर उसे सारे जलाशय में फैलाने का इंतजाम करना होगा। यह चार पांच दिन का काम है कई लोगों का। तब वह पानी जहरीला होगा। और आप कहते हैं—दो आदमी जहर डाल रहे थे। आप बुद्धि और तर्क से काम क्यों नहीं लेते?

साधो, अफवाह बुद्धि को भ्रष्ट कर देती है। अभी अपने को बधाई मत दो। पीठ मत ठोको। आगे चुनाव आ रहे हैं।

६ नवंबर, १९८३

## चर्बी, गंगाजल और एकात्मता यज्ञ

साधो, तुम पूछोगे कि गुरु यह मामला क्या है—चर्बी, गंगाजल और यज्ञ ? देखो, यह आगामी चुनाव के लिए कार्यक्रमों का घोषणा-पत्र है। अब तुम कहोगे कि गुरु चुनाव घोषणा पत्र में तो दुनिया भर में इस तरह की चीजें होती हैं—आर्थिक नीति, उत्पादन की योजना, कृषि विकास, विज्ञान और तकनीक, सामाजिक सुधार, गरीबी दूर करने के उपाय, विदेश नीति वगैरह। मगर यह क्या घोषणा पत्र है—चर्बी, गंगाजल और यज्ञ ! साधो, दूसरे देशों की बात छोड़ो। न वहां भगवान पैदा हुए, न इतने देवी देवताओं ने अवतार लिया, न वहां स्वर्ग जाने के इतने रास्ते हैं, न वहां इतने धर्म मूढ़ हैं। इसलिए वहां लंबे चौड़े प्रोग्राम बनते हैं। हमारा मामला दूसरा है, रास्ता सीधा है। यहां सिर्फ भगवान को अवतार लेना है और धर्म की स्थापना करना है। बस, चमत्कार से सब सुखी और समृद्ध हो जायेंगे। दूध दही की नदियां बहेंगी। यहां भगवान अवतार लेने को तैयार हैं। ठीक वक्त की तलाश में हैं। अगर जनता पार्टी सरकार १९८२ तक रहती, तो भगवान अवतार ले लेते। पर चरणसिंह ने वह सरकार गिराकर भगवान को अवतार लेने से रोक दिया। अब चरणसिंह को गलती समझ में आ गयी। अब चरणसिंह अटलबिहारी वाजपेयी के साथ मिलकर भगवान के अवतार की भूमिका बना रहे हैं।

साधो, यों तो भगवान के अवतार की तैयारी जनता सरकार ने १९७८ में शुरू कर दी थी, जब उसने विदेशों से गाय की चर्बी के

आयात को खोल दिया था। तब भगवान के अपने दूत धर्म के रक्षक जनसंघ वाले सरकार में थे। उन्हें पाप बढ़ाना था क्योंकि पाप बढ़े बिना भगवान अवतार नहीं लेते। अंदाज है कि तभी से वनस्पति घी में गाय की आयातित चर्बी मिल रही है। मगर मोहनधारिया कहते हैं कि तब नहीं मिलायी गयी क्योंकि वह महंगी पड़ती है। अब मिलायी जा रही है जब दिल्ली की एक फर्म को इस मामले में पकड़ा गया। पकड़े जाने का यह अर्थ नहीं है कि सिद्ध हो गया। मगर विपक्षी आरोप लगा रहे हैं कि इस अधर्मी कांग्रेस सरकार के राज में वनस्पति घी में गाय की चर्बी मिलायी जा रही है। जवाब में कांग्रेसी कहते हैं—१९७७ के पहले तक जब हमारी सरकार थी तब गाय की चर्बी आयात की सामान्य सूची में नहीं थी। गौ भक्त जनसंघिया वाली जब जनता सरकार बनी तब गाय की चर्बी के आयात की छूट दे दी गयी। पाप इन दक्षिणपंथी विपक्षियों के सिर पर है। इन्हीं ने गौ माता की चर्बी बुलवायी और इन्हीं ने वनस्पति घी में मिलाने दी। धर्म भ्रष्ट इन्होंने किया।

अब साधो, सवाल यह उठता है कि सन १९७८ में एकाएक ऐसी कौन सी जरूरत आ पड़ी थी कि चर्बी के आयात की छूट देनी पड़ी? उसके पहले भी तो बिना इस चर्बी के काम चल रहा था। क्या तब वनस्पति घी बनाने वालों से सौदा पट गया था? क्या उनका सरकार पर इतना दबाव था कि गौभक्त संघियों को भी गाय की चर्बी बुलाने की छूट देनी पड़ी?

साधो कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी वाले राष्ट्रीय मोर्चे में यह विवाद जोर पर है। तुम्हारी सरकार में वनस्पति में गाय की चर्बी मिल रही है। जवाब—गाय की चर्बी बुलाने की छूट तुमने दी थी। जवाब—मगर हमारे शासन में चर्बी नहीं मिलायी गयी। जवाब—झूठ है। मिलायी जाती थी, पर तुमने पकड़ी नहीं। हमने मिलावट पकड़ी। जवाब—तुमने मिलावट पकड़ी तो पाप तुम्हारे सिर पर। तुमने हिंदुओं का धर्म भ्रष्ट किया। कोई हिंदू तुम्हें वोट नहीं देगा। जो तुम्हें वोट देगा, वह नर्क जायगा। गौ माता उसे वैतरणी पार नहीं

करायेगी। साधो, इस विवाद मे चाहे जो जीत, बहुत से परिवारों में इस दिवाली पर पकवान नही बने।

साधो, इसी चर्बी के साथ कार्यक्रम लगा है—विश्व हिंदू परिषद का 'एकात्मकता यज्ञ'। यह धर्म की चर्बी है, जिसे देश मे ही निकालकर राजनीति मे मिलाया जा रहा है। काइयाँ साम्प्रदायिक राजनेता जानते है, इस देश का मूढ आदमी न अर्थनीति समझता, न योजना, न विज्ञान, न तकनीक, न विदेश नीति। वह समझता है—गौ माता, गौ हत्या, चर्बी गंगाजल, यज्ञ। वह मध्ययुग मे जीता है और आधुनिक लोकतंत्र मे आधुनिक कार्यक्रम पर वोट देता है। इस असंख्य मूढ मध्ययुगीन जन पर राज करना है तो इसे आधुनिक मत होने दो। इसे गौ माता, गंगाजल, यज्ञ और रथ मे उलझाये रखो। तो साधो, विश्व हिंदू परिषद की योजना है—'एकात्मकता यज्ञ'। विश्व हिंदू परिषद क्या है? एक ही ब्रह्म की माया के कई रूपों मे एक रूप है यह। वह ब्रह्म कौन है? वह ब्रह्म है, हिंदू साम्प्रदायिकता और पुनरुत्थानवाद। इस ब्रह्म का कारोबार सब देखता है? इस ब्रह्म की माया के दूसरे नाम है-भारतीय जनता पार्टी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विवेकानंद शिला स्मारक, कुछ हद तक अरविंद आश्रम, कल्याण आश्रम, महिला सम्मान आंदोलन, गिरिजन कल्याण संघ। किसी का कल्याण नही छूटा इस माया से। विद्वानो के कल्याण के लिए दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान है, भारतीय विद्वत परिषद है। मजदूरों के लिए भारतीय मजदूर संघ है।

तो साधो, एकात्मकता यज्ञ भारत यात्रा के रूप मे होगा। यह द्वारका से निकलेगा, मगर द्वारका का रूप रथ का होगा। साथ मे साधुओं को इकट्ठा चलाया जायगा। गंगोत्री और गंगासागर से लिया हुआ जल साथ मे होगा। इसे आचमन के लिए श्रद्धालुओं को दिया जायेगा। प्रवचन होंगे। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक यह यात्रा होगी। पश्चिम मे यात्रा सोमनाथ तक यह याद दिलाने के लिए होगी कि सोमनाथ को महमूद गजनवी ने लूटा था। यह बात भुला दी जायेगी कि गजनवी के मार्गदर्शक हिंदू थे। आधे सिपाही हिंदू थे।

सोमनाथ के महन्त ने गजनवी से सौदाबाजी करनी चाही थी।

साधो, यह 'एकात्मकता यज्ञ' कहलायगा—तामझाम वाला। किनमें एकात्मकता? किसलिए एकात्मकता? कौन सा संकट आ गया देश पर? अभी क्या एकता नहीं है? तीन लड़ाइयां इस देश ने १९४७ से लड़ी? क्या किसी लड़ाई में एकता की कमी थी? कोई भारतीय या कोई तबका क्या शत्रु से मिल गया था? यह किनकी एकात्मता है? इसका उद्देश्य क्या है? देखो, ये सब सवाल पापी पूछते हैं। तुम साधु हो। इतना समझ लो कि जो लोग देश को धर्म, सम्प्रदाय, वर्ण के आधार पर बांटने वाले हैं—वही लोग 'एकात्मता यज्ञ' कर रहे हैं। चोर पुलिस की वर्दी पहनकर गश्त लगाते हैं—ऐसा एकात्मकता यज्ञ है यह। यह जनता को अंधविश्वासी, धर्मांध, अवैज्ञानिक मूढ़ संकीर्ण साम्प्रदायिक द्वेषपूर्ण रखकर एक साम्प्रदायिक पार्टी को वोट दिलाने का अभियान है। अब तुम समझ गये होगे—रथ में गाय की चर्बी और गंगा जल दोनों रखे हैं। इसके साथ अटलबिहारी वाजपेयी और चरणसिंह के चर्बी विरोधी एक दिन के उपवास का पुण्य है। यह यज्ञ वास्तव में 'इलेक्शन मैनिफैस्टो (चुनाव घोषणा पत्र) है। यह १५ नवंबर ८३ से जारी किया जायगा।

मगर साधो यज्ञ शुरू होने के पहले विघ्न पड़ गया। दो पीठों के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद ने इसका विरोध किया है। इसे पाखंड बताया है। कहा है कि यह धर्म विरुद्ध और शास्त्र विरुद्ध है। ऐसे यज्ञ का विधान वेदों प्राचीन वेद शास्त्रों में नहीं है। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि कोई शंकराचार्य इसमें भाग नहीं लेगा।

मगर साधो, 'एकात्मता यज्ञ' होगा। यह धर्म नहीं, राजनीति है। मैंने कहा ही है शुरू में कि आगामी चुनाव चर्बी और गंगाजल का होगा।

२१ नवंबर, १९८३

## राजीव गाधी की अखबारो को नसीहत

साधो, राजीव गाधी व्यावहारिक राजनीति मे अभी आये है। उन्हे उनकी पार्टी के लोग सजय गाधी बनाने की पूरी कोशिश कर रहे है पर वे बन नही रहे है न बनेंगे। उनका चरित्र दूसरे किस्म का है। साधो, कहते है—नया मुल्ला ज्यादा नमाज पढता है यानी नया होने के कारण उसका विश्वास खुदा म ज्यादा होता है। आगे चलकर वह मुल्ला जब घिस जाता है तब नमाज को रस्म मानता है खुदा है तो होने दो। नमाज पढना और पढाना रोजी रोटी कमाने का जरिया है। यही वह मानने लगता है।

साधो, काग्रेस के राजनीतिक दाव-पेंच छोडा तो राजीव गाधी कुछ मौका पर सही और समझदारी की बातें कहते हैं। भोपाल मे पत्रकारो के सम्मेलन मे उन्होने कहा—अखबार राजनेताओ के भाषण ज्यादा छापते है। दूसरी सास्कृतिक, वैज्ञानिक, सामाजिक गतिविधिया के समाचारो की अवहेलना करते है।

साधो, बात राजीव गाधी ने काफी ठीक कही। मगर उस रैली मे नारा लग रहा था—

उत्तर दक्षिण — राजीव गाधी !
पूरब पश्चिम — राजीव गाधी !

समथक, चाटुकार, चापलूस, पार्टी वाले तो राजीव को चारो दिशाओ म व्याप्त भगवान बना रहे थे, क्योकि आगे चुनाव टिकिट

वही देने वाले है। संजय थे तो नारे लगाये जाते थे देश की नेता—इंदिरा गांधी। युवकों के नेता—संजय गांधी! लोगों ने मजाक बना लिया था बच्चों का नेता—वरुण गांधी!

साथी सवाल राजीव गांधी से यह है कि—उत्तर दक्षिण, पूरब-पश्चिम राजीव गांधी का समाचार अखबार छापें या न छापें? यदि न छापें तो खुद राजीव गांधी बुरा मानेंगे। इधर अखबार के मालिक संपादक को डाटेंगे कि आप हमारे संबंध खराब करा रहे हैं, सरकार से। साथी राजनेता प्रचार पर जिंदा रहते हैं। बड़े से लेकर, मध्यम और छुटभैया नेता तक रोज अपना नाम अखबारों में छपाना चाहते हैं। वे भाषण देते है बयान जारी करते हैं। कभी एक दो किलोमीटर की पदयात्रा करके चार कालम का समाचार छपाना चाहते है। ये अखबार वालों को घेरते है। मालिक से कहते है। इनके समर्थक अखबार तय हैं।

साथी दूसरी बात यह है कि फिल्मी हीरो हीरोइन के बाद सबसे मनोरंजक इस देश के नेता ही है। सबसे हास्यास्पद रोल और सबसे मजेदार बात यही करते हैं। कितने नेता है जो अगर फिल्मों में मसखरे का रोल करते तो विश्वविख्यात होते। चरणसिंह और जगजीवन राम जैसे बुजुर्ग नेता जो मनोरंजक बातें कहते हैं वैसी कोई फिल्मी कामेडियन भी नहीं कहता। लोग इंतजार करते है कि आज बाबू जी और चौधरी साहब क्या बोलते है। पाठकों को इस मनोरंजन से वंचित कैसे कर सकते है! मुसीबत छोटे शहरों से क्षेत्रीय अखबार निकालने वालों की है। स्थानीय विदूषक नेता तो संपादकों को हर कहीं सड़क पर मिल जाते हैं और शिकायत करते हैं—हमारा समाचार नहीं छापा आपने! इनसे कोई पत्रकार कैसे बचे!

साथी, यह बात सही है कि भारतीय आदमी राजनीति को सबसे कम समझ रखकर भी राजनीति में सबसे अधिक दिलचस्पी लेता है। अमेरिका फ्रांस रूस के लोग राजनीति में इतनी दिलचस्पी नहीं लेते। मगर भारतीय पाठकों को अखबार खोलते ही राजनीति चाहिए। मगर राजनीति की समझ गौ माता गंगाजल, मस्जिद, मंदिर, गुरुद्वारे से

बनती है। सैद्धांतिक राजनीति बहुत कम लोग समझते और अपनाते हैं। ज्यादा लोग नेताओं की देशव्यापी नाटक मंडली के अभिनय में दिलचस्पी लेते हैं।

साथी, मेरे सामने दो अच्छे स्तर के [illegible] पहले पृष्ठ पर गांधी जैलसिंह, इंदिरा गांधी और यासर अराफात हैं। लंबा समाचार मुख्यमंत्री की पदयात्रा का है। बाकी नेहरू की जन्म-तिथि के आयोजनों के समाचार हैं। ये समाचार भीतर के पृष्ठों पर भरे पड़े हैं। ये मौके होते हैं—गांधी जयंती, नेहरू जयंती जब छोटे छोटे धोखेबाज नेता, जिनका विश्वास सेना में नहीं है, सेना को अच्छे आचरण का सार्वजनिक सर्टिफिकेट देते हैं। कहते हैं—हम गांधी और नेहरू के बताये मार्ग पर चलना चाहिए। यानी दूसरे मार्ग चलें। हम इस मार्ग पर नहीं चल सकते क्योंकि हमारे एक पांव में स्वार्थ का और दूसरे में बेईमानी का कांटा गड़ा है। इन नेताओं के सुभाषित छलेंगे ही, वरना ये परेशान कर देंगे।

साथी, एक पृष्ठ क्रिकेट को समर्पित है। कहीं न कहीं टेस्ट मैच होता ही रहता है। कपिलदेव और गावस्कर वगैरह भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत जरूरी हैं। इधर नयी दिलचस्पी पैदा हुई है—फिल्म अभिनेत्रियों का क्रिकेट खिलाड़ियों के पीछे भागना। कभी सबसे दिलचस्प समाचार होता था—मीना कुमारी का इमरान खां के पीछे भागना। वह पागली होती हो या नहीं। अब जीनत अमान के पीछे सैयद खां पड़ी हुई है। यह जान-बूझकर प्रचार के लिए होता है। शायद सैयद और अभिनेत्रियां अपने बारे में खुद ही प्रेम-कांड की खबरें फैलाती हैं।

प्रति रुचि पैदा की। धीरे धीरे यह पाठकों की जरूरत हो गयी और अखबार की मजबूरी। यह परस्पर क्रिया प्रक्रिया है। अब हालत यह है कि कोई अखबार अगर अपराध सामग्री और अपराध व चटकीले समाचार न दे तो उसकी ग्राहक संख्या घटती जायगी। धंधा चौपट हो जायगा। अब हाल यह है कि सिर्फ अपराध की पत्रिकाएं निकलती हैं और लाखों बिकती हैं। फौजदारी वकीलों की बेरोक फाइना से कई लोकप्रिय लेखक हो गये हैं और खूब कमाते हैं।

गाथा फिर जरूरी है राशि फल। भविष्य। अखबार बिकने के लिए भविष्य फल ज्योतिषी द्वारा बनाया गया जरूरी है। यह सब झूठा होता है। यह अवैज्ञानिक है। मगर ज्योतिषी कह दें कि तुम्हें शनि लगा है तो वह आदमी घबराहट में गलतियां करके खुद ही शनि लगा लेगा और जिंदगी खराब कर लेगा।

गाथा अब बताओ लोगो अणु अनुसंधान केंद्र में क्या हो रहा है इससे किसी को क्या मतलब? विज्ञान से संस्कृति से क्या मतलब? मगर हालत इतनी खराब है नहीं। मेरे पास के अखबार में ही अंतरिक्ष विज्ञान पर लेख है। सांस्कृतिक उत्सव का भी विवरण है।

२८ नवंबर, १९८३

## बारूद पर बैठकर माला पहनना

भाइयो, एक बड़ा हास्यास्पद नहीं, खेदजनक दृश्य है। इससे मन में बड़ी खीज उठती है। दृश्य यह है—कोई सुरंग बिछा रहा है और कोई शोभा यात्रा निकाल रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी, संघ, चरणसिंह, तमाम प्रतिक्रियावादी शक्तियाँ मन्दिर तथा चर्चों के प्रचार से सुरंग बिछा रहे हैं, जिनके विस्फोट से इन्दिरा जी की कांग्रेसी सरकार के पुर्जे उड़ जायें। मगर कांग्रेसी नासमझी, गैरजिम्मेदारी, भ्रम और आलस्य के रोग से पीड़ित होकर, जगह जगह शोभा-यात्राएं निकलवा रहे हैं, हाथ जोड़कर, नमस्ते प्रणाम कर रहे हैं, फूल मालाएं पहनकर आत्ममुग्ध होकर, मुस्करा रहे हैं। बड़े ही सही जवान कांग्रेसी भी आत्म-सुखता का यह नग्न नाटक कर रहे हैं। उन्हें यह तनिक भी बोध नहीं है कि सुरंग बिछ रही है, बारूद तैयार है। माचिस लगेगी, विस्फोट होगा और इनके पुर्जे उड़ जायेंगे। कहां रहेगी यह माला? यह मुस्कान? यह जय-जय कार? तब 'हाहाकार' करेंगे। लोग ये इस स्थिति को अपनी अकर्मण्यता, कायरता और मूर्खता से प्राप्त हो, इसमें हमें एतराज नहीं। यह उनकी अपनी इच्छा है। चिंता की बात यह है कि वे देश को हाहाकार की स्थिति में पहुंचा रहे हैं।

लोग लोक लोक में प्रचार हो रहा है कि यह कांग्रेस की सरकार हिन्दुओं का मन्दिरों में लाने की चर्चों और मुसलमानों को मस्जिद की चर्चा लिखा रही है। इसके साथ ही साम्प्रदायिकता का जहर फैला रही

है। तनाव पैदा कर रही है। जेट युग में रथ दिखा रही है। सरकारी जांच कहती है कि वनस्पति में चर्बी नहीं मिलायी जाती। विशेषज्ञ वैज्ञानिक कहते हैं कि वनस्पति में चर्बी मिल ही नहीं सकती। इसके बावजूद चर्बी का प्रचार चल रहा है। गरीब और मध्यम वर्ग की मुसीबत हो रही है। यह सब क्या हो रहा है? यह दंगा कराने के लिए हो रहा है। देश का विघटन करने के लिए हो रहा है। यह कांग्रेसी और उसकी सरकार की मिट्टी पलीद करने के लिए हो रहा है। मगर कांग्रेसी इस प्रचार की काट नहीं करते। शहरों, कस्बों में दांत निपोरते हुए शोभा-यात्रा निकाल रहे हैं। उन्हें खबर नहीं है कि उनकी शोभा पर डामल पोता जा रहा है।

साथी, कांग्रेस में जाते ही जवान भी बूढ़ा हो जाता है। वह भी बूढ़े कांग्रेसी की तरह हाथ जोड़ते हुए हें हें करते हुए, मुस्कराते हुए माला पहनकर घूमना चालू कर देता है। देश की, भीतर की और अंतर्राष्ट्रीय राजनीति उसे समझ में नहीं आती। उसे समझ में आता है—इंदिरा गांधी की जय बोलने से सत्ता मिलती है। वह देख चुका है कि इससे अब सत्ता नहीं मिलती। आंध्र, कर्नाटक और काश्मीर में इंदिरा गांधी की जय बोलने के बाद भी सत्ता नहीं मिली। अब जनता में जाना होगा। काम करना होगा। लोगों को समझाना होगा। शिक्षित करना होगा। उन्हें दुष्प्रचार के प्रभाव से बचाना होगा। इसमें मेहनत लगती है। समझ लगती है। निष्ठा लगती है। मगर हाल यह है कि भरी जवानी वाला युवक कांग्रेसी भी यह काम नहीं करेगा। किलकारी मारने वाले बच्चे से कह दो कि तू कांग्रेसी है तो वह कहेगा—मुझे माला पहनाओ और मेरी जय बोलो। मेरी फोटो अखबार में छपाओ।

साथी यह देश अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र में फंस गया है। ईरान हाथ से निकलने के बाद अमेरिका ने पाकिस्तान को हथियारों का भण्डार बना दिया है। ये हथियार अफगानिस्तान के खिलाफ काम आने के बहाने से दिये जा रहे हैं। मगर हम जानते हैं ये हथियार भारत पर हमले के लिए दिए जा रहे हैं। जब प्रधानमंत्री या दूसरे समझदार देशभक्त यह बात कहते हैं तो भारत में अमेरिका और पाकिस्तान के समर्थक

भारत माता के कुछ सपूत नेताओं को खास जगह मिर्ची लग जाती है। क्यों लग जाती है इन्हें मिर्ची ? क्या इनकी राष्ट्रभक्ति का यह तकाजा है कि इनके राष्ट्र पर हमले की तैयारी जब अमेरिका पाकिस्तान से करवाये, तब ये बुरा न मानें ? तो ये किस भारत माता के सपूत हैं ? वह भारत माता क्या अमेरिका में है जिसका दूध इन्होंने पिया है ? यही 'एकात्मता यज्ञ' करते हैं यही साम्प्रदायिकता फैलाते हैं यही चर्बी का प्रचार करते हैं, यही असम में गड़बड़ी चालू रखे हैं। डाक्टर सुब्रह्मण्यम स्वामी और उनके साथ के लोग भी इस देश की सारी नीतियां बदल देना चाहते हैं।

साधो अमेरिकी षड्यंत्र यह है कि उत्तेजना पैदा करके पाकिस्तान से भारत पर हमला करवाया जाय। काश्मीर पर पाकिस्तान का कब्जा करवा दिया जाय। युद्धबंदी हो। इंदिरा गांधी और कांग्रेस इस देश में उखड़ जाय। तब भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में दक्षिण पंथी सरकार बने। यह सरकार पाकिस्तान से मित्रता करे और अमेरिका के आधिपत्य में यह भारत पाक मोर्चा, रूस के विरोध में बने। यानी भारत की स्वाधीनता खत्म। स्वतंत्र विदेश नीति खत्म। स्वतंत्र आर्थिक विकास खत्म। यानी भारत फिर से गुलाम देश बन जाय। यह योजना है। इस योजना के समर्थक 'देशभक्त' इस देश में बहुत हैं। इंदिरा गांधी सही कहती हैं कि देश में पाकिस्तान के बहुत से वकील हैं। ये मुसलमान नहीं हैं दक्षिणपंथी प्रतिक्रियावादी हिंदू नेता हैं।

साधो, इस अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र का मुकाबला इंदिरा गांधी बड़ी ताकत और सूझ बूझ से कर रही हैं। दृढ़तापूर्वक उन्होंने हर चाल को अभी तक नाकाम किया है। इसीलिए बहुगुणा, चंद्रजीत यादव वगैरह तथा दोनों कम्यूनिस्ट पार्टियों ने समर्थन दिया है। हर देशभक्त इस मामले में इन्दिरा गांधी का समर्थन करेगा। अब तुम हिसाब लगाओ कि राष्ट्रीय स्वाधीनता के इस अहम मामले में भी कौन अमेरिका और पाकिस्तान की तरफ से बोलते हैं। कौन साम्प्रदायिकता और क्षेत्रीयता उभार कर संकट के समय देश की एकता को नष्ट कर रहे हैं। और यह भी देखो कि कौन नेता चुप बैठे हैं। बोलते ही नहीं ! न

दिखता, न सुनायी देता। वे तटस्थ है, जैसे आइसलड के निवासी हैं। उनका यह मौन भी अमेरिका पाकिस्तान के षडयत्र का समथन करता है। इनकी देशभक्ति के सामन बडा भारी प्रश्नचिन्ह लगा है।

साधो एसे वक्त जब काग्रेसमैन को, खासकर युवको का कसबे कसबे, गाव गाव जाना चाहिए। शहरो के मुहल्ले मुहल्ले म जाना चाहिए, लागो को समझाना चाहिए उन्हे सचेत करना चाहिए तब ये अकमण्य लोग अपनी शोभायात्रा निकाल रहे है और फोटो छपा रहे है। बगलो की राजनीति के दिन गये। इन्ह हिम्मत करके जनता म जाना चाहिए। काफी आराम हा गया। अब थोडी सडक गली की खाक छानना चाहिए। साधो, मगर ये अपनी बात नही सुनेंग। न सुनें लेकिन कहते जाना हमारा कतव्य है। इसे हम करते जायेंगे। य बाल्कन पर बैठे माला पहने।

५ दिसबर, १९८३

## कामनवेल्थी भाईचारा

साधा, एक खर्चीला जलसा और खत्म हुआ। इसे कामनवेल्थ' का जलसा कहते है। ब्रिटिश साम्राज्य दूसरे महायुद्ध के बाद खत्म हुआ, तो इसके उपनिवेश स्वाधीन हो गये। इन देशो मे जिनका शोषण अंग्रेजी साम्राज्यवाद ने किया था, ब्रिटेन के रिश्ते कैसे हो, यह सवाल था। ब्रिटिश कामनवेल्थ सगठन पहले भी था, पर इसमे वे देश थे जिनमे अंग्रेज जाकर बस गये थे। गाधी जी कहते थे कि हमारा विरोध साम्राज्यवाद से है, अंग्रेजो से नही। अंग्रेज तो हमारे भाई है। एक तो गाधी जी की यह नतिकता। दूसरे, दूरदर्शी जवाहरलाल नेहरू की यह समझ कि ब्रिटेन से किसी तरह का सबध बनाये रखने मे हमे आधुनिक तकनीक सुभीते से मिलेगी। व्यापार मे ब्रिटेन हमे विशेष रियायत देगा और दिलायेगा। नव-स्वतत्र देशो मे आर्थिक सहयोग होगा। ये एकत्र होकर साम्राज्य विरोध में और शाति के पक्ष मे एक ताकत बनेंगे। तो नेहरू ने कहा—'ब्रिटेन' हटा दिया जाय सिर्फ कामनवेल्थ रहे। इसमे ब्रिटिश साम्राज्य से मुक्त हुए देश बराबरी की हैसियत से ब्रिटेन के साथ शामिल हो। अंग्रेजो ने कहा—मगर हमारी रानी का क्या होगा? नेहरू ने कहा—रहने दो तुम्हारी रानी को बाइज्जत। नेहरू के ध्यान मे यह भी था कि पाकिस्तान पहले ही ब्रिटिश कामनवेल्थ मे शामिल होने को राजी है और वह खुराफात करेगा।

साधो, यह नेहरू का सपना था। अच्छा था। मगर हुआ कुछ नही। ब्रिटेन क्या मदद करता, जबकि वह फ्रास, जर्मनी के सामने

रई साल हाथ जोड़े खड़ा रहा कि हम यूरोपीय साझा बाज
यूरोपीय आर्थिक समुदाय' में शामिल कर लो। बड़ी बेइज्जती
उस यूरोप में शामिल किया गया। तकनीक यूरोप के देश व
ब्रिटेन भी बचता है। तुम्हारी हैसियत है, तो तकनीक खरी
हम बेचते हैं, तुम भी खरीद लो। पूंजी चाहिए? हां, हम
देश में पूंजी लगाते हैं, मगर मुनाफा हम पूरा लेंगे। जहां तक
माल खरीदने का सवाल है, उसे खरीदकर हम अपने उद्योग को
नहीं पहुंचाएंगे। हम इसके मामले में 'प्रोटेक्शनिज्म' की
चलेंगे। हथियार चाहिए? तो हमारे कारखाने के हथियार खरी
मगर बिना लड़ाई के हथियार किस काम के? तो आपस में
नहीं लड़ोगे, तो हम तुम्हें आपस में लड़वायेंगे क्योंकि हम
बचना है। साथी, ये औद्योगिक देश जो हथियार बनाते हैं,
अस्सी फीसदी ये गरीब विकासशील देश खरीदते हैं। कामनवेल्थ
आपस में लड़ते हैं। अफ्रीका के कई देशों में हमेशा गृह युद्ध होते
हैं। जहां तक स्वाधीनता का सवाल है—एक छोटे से फाकलैंड
स्वतंत्र होना चाहा, तो ब्रिटेन ने फौजी समुद्री बेड़ा भेजकर उसे
दिया। जहां तक विश्व शांति का सवाल है, मैडम थैचर ब्रिटेन
अमरिकी पर्शिंग मिसाइल की अगवानी करके दिल्ली प्रेम
आयी थीं।

साथी, सब झूठ है। राष्ट्रकुल का भाईचारा झूठ है। परस्प
भोग की बात झूठ है। स्वाधीनता की बात झूठ है। शांति की
होने की बात झूठ है। मगर झूठ एक बार चल जाय, तो उसे खूब
से निभाते जाते हैं। इसीलिए हर दो साल में कामनवेल्थ के नेत
इकट्ठे होते हैं। मीठी बातें करते हैं। तू मेरा भाई है। नहीं
भाई है। ऐसा करते हैं। तुम महान हो। तुम भी महान हो। ए
बढ़िया संस्कृति है। तुम्हारी भी महान संस्कृति है। हम तुम्हारी
चाहते हैं। हम भी तुम्हारी उन्नति चाहते हैं। हम तो सबकी
चाहते हैं। हम भी सबका भला चाहते हैं। सब माया है। चा
की जिंदगी है। इसमें पुण्य कर लो। भगवान में लौ लगाओ।

अच्छा खाना खाओ। सैर-सपाटा करो। पिकनिक हो जाय। नाच देखो। गाना सुनो। और जिस देश ने हमें खिलाया पिलाया, सैर सपाटा कराया, नाच दिखाये, उसके बारे में कहो—हम आपकी उन्नति देखकर चमत्कृत है। आप बहुत महान हैं। चलो, घर चलें साधो, कई छोटे छोटे देशों के प्रधान इस नाटक में आये थे। एक देश की तो कुल आबादी ही साठ हजार है। साठ हजार की आबादी में म्यूनिसिपल कमेटी बननी है। परंतु इस देश का राष्ट्राध्यक्ष आया। पता नहीं तैरकर आया, या डोंगी से। बेचारे ने चंदे से नया सूट सिलवाया होगा।

साधो, मामला ग्रेनाडा का था गंभीर। यह पहले ब्रिटिश उपनिवेश था। अब स्वाधीन है, पर पतले धागे से ब्रिटेन से जुड़ा है। इसमें वामपंथी सरकार थी। इसकी आबादी कुल सवा लाख। मगर अमेरिका ने इसे अपने लिए खतरा माना और नंगा हमला कर दिया। अभी अमरिकी सेना उस पर कब्जा किये है। इसको सब गलत मानते हैं। मगर मार्गरेट थैचर तथा दूसरे कुछ राष्ट्राध्यक्ष कहने लगे—भई, अमरिका का नाम मत लो। कुछ ऐसा प्रस्ताव बनाओ कि ग्रेनाडा से विदेशी फौजें हट जायें। ईश्वर भी निराकार है। हम तो निराकार भगवान के उपासक हैं। अमरिका का नाम मत लो। तो ऐसा निराकार प्रस्ताव पास हो गया। ठीक इसी वक्त अमेरिकी शासन की तरफ से घोषणा की गयी—हम निकारागुआ पर हमला कर सकते हैं। वहां मार्क्सवादी सरकार है और हम अपने पड़ोस में ऐसी सरकार नहीं रहने देंगे। एक जूता चला वाशिंगटन से और सारे एशिया अफ्रीका के गैर गारे राष्ट्राध्यक्षों के मुंह पर लगा। अमेरिका ने कहा—ऐसी-तैसी तुम्हारे प्रस्ताव की। ऐसी-तैसी तुम्हारे राष्ट्रमंडल की। ऐसी-तैसी गुटनिरपेक्ष संगठन की। ऐसी-तैसी विश्वशांति के प्रस्तावों की। माई फुट!

साधो, सबसे बड़ी चिंता थी इस सम्मेलन में भी विश्व शांति की परमाणु युद्ध रोकने की। दोनों महाशक्तियों में समझौते की। मगर जब अमेरिका कहता है कि वही सरकार होगी तो हमारे पसंद की होगी, जनता के पसंद की नहीं। हमें जो सरकार नापसंद है, उसे हम हमला करके गिरा देंगे। यह क्या शांति की भाषा है? और ऐसी भाषा बोलने

वाले स काई वातचीत क्या हो सकती है ?

साधा, यूराप की जनता ता अब समझ गयी है कि य जो नयी मिसाइले, अमरिका हमार यहा लगा रहा है य हमार नाश के लिए ह। इनम से एक भी अगर अमरिका न रूस पर छाडी ता दो मिनट म रूसी मिसाइलें हमार ऊपर बरस जायेंगी। सार यूराप म लाखो की रैलिया निकल रही है, ससद घेरी जा रही है, धरने दिये जा रहे है ब्रिटेन मे स्त्रिया एक दूसरे का हाथ पकडे चौबीसा घटे घेराव करती खडी हैं—मगर उनकी सरकारो न इन मिसाइला का लगवाना चालू कर दिया है।

साधो इसीलिए रूस जेनवा शातिवार्ता से हट गया। यह क्या बदमाशी है! तुम हमसे बात कर रहे हो हथियार घटान की मगर उधर नये हथियार लगा भी रहे हो। रूसी रक्षा मत्री न घापणा कर दी—अब हम अमेरिका के बिल्कुल पास मिसाइलें लगवायेंगे। वाशिंगटन बच नही सकता। दूसरी बात—हम फौजी ताकत मे किसी का अपने से सवाया नही हाने देंग।

साधा, रामफल खुश थे कि नमीबिया की आजादी पर अच्छा प्रस्ताव पास हा गया। अब रामफल सिर पीटें। अमेरिकी शासन के प्रवक्ता न कह दिया है कि नमीबिया का आजाद नही किया जा सकता क्याकि अगोला म क्यूबा के सनिक है। नमीबिया म दक्षिण अफ्रीका रहगा। गा टु हेल!

१२ दिसबर, १९८३

## ब्रेन-ड्रेन की चिंता नहीं जी !

साधो, एक संयुक्त शब्द है— ब्रेन ड्रेन'। कहते हैं—भारत से बहुत ब्रेन-ड्रेन हो रहा है। इसे रोकना चाहिए। प्रधानमंत्री तथा दूसरे नेता भी ब्रेन ड्रेन पर चिंता प्रकट करते हैं। ब्रेन का अर्थ दिमाग होता है। बहुत से दिमागी लोग अपना दिमाग लेकर दूसरे देशों में चले जाते हैं। यह ब्रेन ड्रेन' कहलाता है। इसमें चिंता की बात यह है कि इन दिमागों का उपयोग देश के भले के लिए नहीं होता। मगर साधो मेरा दुखी मन आशा से भर गया जब पिछले महीने राष्ट्रपति ज्ञानी जैलसिंह ने एक भाषण में कहा—'ब्रेन ड्रेन' की कोई चिंता नहीं करनी चाहिए। भारत में बहुत ब्रेन है।

साधो वैसे तो हमें यों ही बफिक्र होना चाहिए कि हमारे राष्ट्रपति 'ज्ञानी' से विभूषित हैं। फिर पंजाब में अनगिनत 'ज्ञानी' और संत हैं। तो कितना भी दिमाग विदेश चला जाय, यहां कमी होगी नहीं। समुद्र भरा है ज्ञान का। इतने 'ज्ञानी' हैं। मगर साधो, कारपोरेशन और नगरपालिका के सफाई विभाग में ड्रेन' का मतलब जरा गंदा होता है। ड्रेन का संबंध 'गटर' से होता है। तो चिंता कुल इतनी है कि सैकड़ों ज्ञानियों का ज्ञान तो हो, मगर वह नगरपालिका का 'ड्रेन' यानी 'गटर' का न हो जाय। जो कुछ हो गया है, उसी के नतीजे बहुत डरावने हैं। राष्ट्रपति जी का वश चलता हो तो 'ज्ञानियों' और संतों के 'ब्रेन' को और ज्यादा 'ड्रेन' बनने से रोकें।

अब साधो, इस पर विचार कर लें कि ब्रेन ड्रेन होता कैसे है। आम शिकायत है कि हमारा दो-तीन लाख रुपया एक डाक्टर या एक इंजीनियर बनाने में लग जाता है। मगर बहुत से डॉक्टर और इंजीनियर विदेश चले जाते हैं और दूसरे देशों को भारत के पैसे से बनाये ये लोग मुफ्त में मिल जाते हैं। मगर साधो यह भी तो देखो कि कितने इंजीनियर तथा डाक्टर बेकारी से पीड़ित हैं। एक विकासशील देश में इंजीनियर बेकार हों और गरीबी के कारण बीमारियों से जो देश ग्रस्त हो, उसमें इंजीनियर और डॉक्टर बेकार रहें, यह बात समझ में नहीं आती। एक तरफ हल्ला होता है कि चिकित्सा-सुविधाएं बहुत कम हैं और दूसरी तरफ डाक्टर बेकार घूमते हैं। एक पिन जो बनती है, उसका उपयोग तय है कि वह कागज नत्थी करने के काम आयेगी। पर एक इंजीनियर जो बनाया जाता है, उसका क्या उपयोग होगा, यह तय नहीं होता। सो मौका मिलते ही ये लोग विदेश चले जाते हैं।

साधो, जो नौकरी में लगे हैं, वे भी चले जाते हैं। वे दो तरह जाते हैं—जिन्हें पैसा कमाना है, वे तीन चार साल के लिए तेल देशों को चले जाते हैं। वहां बहुत पैसा मिलता है। लौटकर ये दो-तीन लाख का मकान बना लेते हैं और बैंक में पैसा डाल देते हैं। ऐसे डॉक्टर ज्यादा करते हैं। दूसरी तरह के लोग यूरोप या अमरिका जाते हैं। वहां ज्यादा पैसा नहीं मिलता। वहां बेइज्जती भी होती है। फिर ये यूरोप तथा अमरिका क्यों जाते हैं? इनकी हीनता की भावना इन्हें वहां ले जाती है। गोरी जाति ने हम पर राज किया। हम गोरी जाति के गुलाम रहे। हम गोरों के साम्राज्यवाद से लड़े और उन्हें यहां से भगाया। मगर भारतीयों का एक वर्ग गोरों को देवता मानता है, आदर्श मानता है, रहन-सहन, पोशाक में उनकी नकल करता है। ये भारतीय नहीं जानते कि सोलहवीं शताब्दी में अंग्रेज आये तब भारतीय उनसे ज्यादा सभ्य थे। यूरोप के लोग हमारी तुलना में असभ्य थे। हमारे यहां यूरोप से बहुत अच्छे कारीगर थे। हमारा उत्पादन यूरोप से बहुत अच्छा था। मगर आजादी के बाद भारतीयों के एक वर्ग को भारतीय होने में शर्म आने लगी। वे गोरी जाति में मिलने को मरे

जाते हैं। व इसीलिए गोरों की नौकरी करने जाते हैं, भारतीयों को असभ्य समझते हैं। बड़ी शान से कहते हैं— आइ एम इन दी स्टेट्स।] स्टेटस यानी अमेरिका। मैं गोरे सभ्य लोगों में से हूँ और तुम काले असभ्य हिंदुस्तानी यहीं इंडिया में पड़े हो। ये लोग सांस्कृतिक विकृतियां हैं।

साथी, अब इस बहुत ऊंचे दिमाग के वैज्ञानिकों को लो। भारतीय वैज्ञानिक यूरोप या अमेरिका क्यों चले जाते हैं। एक कारण तो यह है कि वहां शोध कार्य के लिए अधिक सुविधाएं हैं। दूसरा कारण शर्मनाक है—विश्व प्रसिद्ध इन भारतीयों को उनके अपने देश में नौकरी नहीं मिली ढंग की। यहां नौकरशाही का राज है। यह राज टाइपराइटर, फाइल और मैनुअल पर चलता है। चपरासी और नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक में नौकरशाही कोई फर्क नहीं करती। साथी, डॉक्टर हरगोविन्द खुराना को नोबल पुरस्कार मिला, तो जय जयकार मच गया। अहा, हमारे भारतीय को नोबल पुरस्कार मिला। हमारे राष्ट्रीय गौरव का पेट इतना फूलने लगा कि फूटने ही वाला था। डॉक्टर खुराना भारत आये। उन्होंने भारत में ही रहकर पढ़ाने और शोध-कार्य करने की इच्छा जाहिर की। पर इस देश में उन्हें कोई काम उनके लायक नहीं दिया गया। डॉक्टर खुराना सोचते थे कि मुझे बाइज्जत आमंत्रित किया जायगा। वे नहीं जानते थे कि उन्हें दरख्वास्त छोटे बाबू को देना था। वह टीप के साथ उसे बड़े बाबू के सामने रखता। बड़े बाबू आगे छोटे साहब के सामने रखते। नौकरशाही है। डाक्टर खुराना आखिर अमेरिका लौट गये।

साथी, अभी डाक्टर चंद्रशेखर को नोबल पुरस्कार मिला है। वे अमेरिका में हैं। हम अपनी पीठ ठोक रहे हैं। यही डाक्टर चंद्रशेखर जब आक्सफोर्ड से डिग्री लेकर आये थे, तब उन्हें यहीं डिमांस्ट्रेटर' की नौकरी भी नहीं मिली थी। यह बहुत छोटी नौकरी होती है। हताश होकर वे अमेरिका चले गये। उन्हें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति मिली। सन् १९८० में जब पंडित नेहरू अमेरिका गये, तब डॉक्टर चंद्रशेखर से उन्होंने कहा कि आप भारत लौट आइए। डाक्टर चंद्रशेखर राजी हो गये। इधर

पंडित नेहरू ने शायद सेक्रेटरी से कह दिया कि डाक्टर
बुलाना है। दुनिया भर में तरीका यह है कि विशि
सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाता है। मैं तो बहुत छोटे
पर सागर विश्वविद्यालय में मुक्तिबोध पीठ पर जाने के
विभाग ने मुझसे अनुरोध किया था। मैंने कोई प्रार्थना
था।

साधो उधर डाक्टर चंद्रशेखर भारत से आमंत्रण
कर रहे थे। मगर इधर से उन्हें एक प्रार्थना पत्र का फार्म
कि इसे भरकर भेजिए। नौकरशाह यही करते हैं। डॉक्टर,
ने उसे फाड़कर फेंक दिया। साधो लेकिन कुछ साल बाद ने,
ने और कमाल किया। अपना अपमान लिखाया। डॉक्टर भे
मृत्यु के बाद उन्हें पत्र भेजा गया कि आप एटमिक रिसर्च इस्ट
के संचालक हो जाइए। डाक्टर चंद्रशेखर ने माथा ठोका।
दिया कि आपको यह भी पता नहीं कि मेरा विषय क्या है। मैं
वैज्ञानिक नहीं हूं और उस पद के लायक नहीं हूं। यह ज्ञान है
नताओं का और नौकरशाहों का। साधो, 'ब्रेन ड्रेन' इन्हीं कारण
होता है। मगर जब राष्ट्रपति जी ने कह दिया है कि देश में ब्रेन ड्रेन
भरा पड़ा है तो हम अब इसकी चिंता भी नहीं है कि देवताओं के
बृहस्पति अमेरिका जाकर बस जायें।

११ दिसंबर, १९८३

## दुनिया के कोतवाल की नयी हरकत

साधो, अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक प्रभुत्ववाद में एक नयी तरकीब अमेरिका ने अभी खोजी है और उसका प्रयोग भी हो चुका है। यह तरकीब वैसी ही है, जैसी अपने यहां के खुर्राट शहर 'कोतवाल' काम में लाते हैं। कोई आदमी किसी मुहल्ले में है। वह कोतवाल को सलाम नहीं करता। कोतवाल के जुल्म और ज्यादती के खिलाफ रहता है। स्वतंत्र है। दूसरों को फंसाने में पुलिस की मदद नहीं करता। तो साधो, ऐसे आदमी को ठीक करने के लिए कोतवाल यह तरकीब करता है। वह मुहल्ले के चार-पांच लोगों को बुलाता है जो पुलिस से डरते हैं। उनसे उस आदमी के बारे में रिपोर्ट लिखवाता है—वह गुंडा है, भले आदमियों से मारपीट करता है, औरतों को पकड़ता है, किसी का भी सामान छीन लेता है। लिहाजा हुजूर से दरख्वास्त है कि इस खतरनाक आदमी से हम गरीबों, कमजोरों की हिफाजत की कारवाई करें। खुदा हुजूर को सलामत रखे।

साधो, अब इन चार पांच आदमियों की शिकायत पर जो कोतवाल ने खुद करायी है साहब उस आदमी पर जुर्म कायम करेगा। उसे हवालात में बंद करेगा। फौजदारी मुकदमा दायर करेगा। सिपाही और हवलदार उसके घर रोज भेजकर तंग करवायेगा और आखिर उसे दबाकर रखेगा। चौबीस घंटे अपने घर में रहते हुए वह अनुभव करेगा कि मैं पुलिस हवालात में हूं और कोतवाल मूंछों को

एठ रहे है।

साधो भारत ने दुनिया का बहुत ज्ञान दिया—शून्य दी दशमलव दिया गणित दिया रेखागणित दिया अंतरिक्ष विज्ञान दिया आयुर्वेद दिया। इसके साथ ही भूत प्रेत दिये। पिशाच दिये। हमने अपने पुलिस कोतवाल की कुशल-पद्धति भी दी। तुम जानते ही हो, दूसरे महायुद्ध के बाद से अमेरिका ने अपने को सारी दुनिया का पुलिस कोतवाल मान लिया है। इस कोतवाल का एक तरीका तो यह है जो भारतीय है—दो को लड़ाया। फिर कोतवाल बनकर पहुंच गये—क्या बे क्यों लड़ते हो? दोनों को हवालात में डाल दूंगा। जिंदगी भर जेल में सड़ोगे। निकालो दोनों पैसे। और आइंदे हमारा हुक्म मानना वरना साला कूल्हे की चमड़ी उधेड़ दूंगा। ऐसे कई देश अमेरिका के निगरानी शुदा गुंडे हैं—हालांकि ये शरीफ मगर कमजोर देश हैं।

साधो, अपने पुलिस कोतवाल की शिक्षा के अनुसार दूसरी तरकीब अमेरिकी शासन ने अभी आजमायी। कैरीबियन में एक सवा लाख की आबादी का द्वीप है—ग्रेनाडा। ऐसे कई द्वीप हैं छोटे छोटे। ये स्वतंत्र देश हैं। इनमें चार पांच को अमेरिका ने अपने आधीन बना रखा है। ये वैसे ही देश हैं जैसे पुलिस के बने-बनाये झूठे गवाह मरीजे हैं। जैसा हुक्म अमेरिकी मालिक दें, वैसा करेंगे। अब ग्रेनाडा में जिस पार्टी की सरकार थी, वह अमेरिका को पसंद नहीं थी। वह पार्टी कुछ वामपंथी है। उसका क्यूबा से सहयोग है। ग्रेनाडा में कुछ क्यूबियाई भी थे जो सैनिक नहीं थे। डॉक्टर इंजीनियर प्रशिक्षक थे। पर महाशक्ति अमेरिका न जाने क्यों एक भी क्यूबाई को देख लेता है तो डर से कांपता है। यह डर शायद १९६३ में समा गया था जब क्यूबा की सुरक्षा के लिए रूस ने वहां मिसाइलें और राकेट लगा दिये थे।

साधो राष्ट्रपति रीगन को इस सरकार को गिराना था, ग्रेनाडा पर कब्जा करना था और अपनी इच्छा की सरकार बनाना था। सीधा हमला अमेरिका करना नहीं चाहता था। बदनामी होती। विरोध होता। हमलावर कहलाता। वैसे तो अमेरिकी शासक उठाईगीर गुंडे

और लफंगे के रूप में इतने बदनाम हो चुके हैं कि उन्हें बदनामी की परवाह नहीं। वियतनाम, कोरिया, ईरान में पिट भी इतने चुके हैं कि अब पिटने में शर्म भी नहीं आती। मगर बहाने के लिए अमेरिका ने अपने पिछलग्गू इन देशों से अपने लिए आवेदन बुलवाये—हुजूर रीगन साहब, आप महान हैं। हम छोटे-छोटे कमजोर देश हैं। हमें ग्रेनाडा की सरकार से खतरा है। मेहरबानी करके हमारी रक्षा कीजिए। बस इन देशों के दस पांच सिपाही लिए और अपनी सेना ग्रेनाडा में उतार दी। अभी वहां कब्जा किये बैठे हैं। रीगन दुनिया को समझाते हैं—भई, हमें तो इन छोटे-छोटे कमजोर देशों की रक्षा के लिए ग्रेनाडा में फौज भेजनी पड़ी। वह संयुक्त सेना थी। जो हमने की वह उचित ठहराने की कोशिश की गयी।

साधो इस मूर्खें उमेठते दुनिया के कोतवाल की हरकतें अजीब हैं। यह कहीं चोरी रोकने जाता है और खुद चोरी करने लगता है। कहीं दो गुटों में झगड़ा रोकने जाता है और एक गुट की तरफ से खुद दूसरे पर गोली दागने लगता है। अमेरिका लेबनान में चार देशों के साथ संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफ से शांति स्थापना के लिए गया था। मगर वहां इसराइल से मिलकर खुद सीरिया पर बम बरसाने लगा।

साधो अब जरा घर लौटो। यानी दक्षिण पूर्व एशिया में देखो। कोतवाल ने पूरे हिंद महासागर में सैनिक जाल बिछा रखा है। मगर जो फार्मूला उसने ग्रेनाडा में लगाया, वही इस क्षेत्र में भी लगाना चाहता है। अभी नेपाल के राजा वाशिंगटन गये। उनका बड़ा स्वागत सत्कार किया गया। अब कोतवाल की बदमाशी देखो! राष्ट्रपति रीगन ने स्वागत भोज में कहा—नेपाल एक छोटा और गरीब देश है। इसका धन विकास कार्यों में लगना चाहिए। सैनिक तैयारी में इसका सीमित धन बरबाद नहीं होना चाहिए। इसके लिए नेपाल को 'शांति क्षेत्र' बनाना चाहिए। वीरेन्द्र ने तो पत्रवार्ता में कहा कि हिंद महासागर का 'शांति क्षेत्र' होना चाहिए। अमेरिकी अड्डे और युद्धपोत तथा रूसी युद्धपोत भी हट जाना चाहिए। मगर रीगन कहते हैं—नेपाल को शांति क्षेत्र बनाना चाहिए। अमेरिकी पत्रकार तो यह

समझे कि नपाल की रक्षा के लिए सेना भेजी जा रही है। एक पत्रकार ने पूछा—आपको जल सेना की भी जरूरत पड़ेगी न ? तो वीरेन्द्र ने हसकर जवाब दिया—नेपाल चारो तरफ से जमीन से घिरा है। हमारा कोई जलमार्ग नही है।

साधो अब जरा दुनिया के कोतवाल की बात पर चिंता से गौर करो। नपाल को शांति क्षेत्र' बनाना चाहिए। इसे शांति क्षेत्र कौन बनायगा ? निश्चित ही अमेरिका बनायगा। अब पिछले पच्चीस तीस सालो से अमेरिका कैसे शांति क्षेत्र बना रहा है यह सब जानते है। पश्चिमी एशिया मे अमेरिका ने ही तो शांति क्षेत्र बनाया है जहा कई सालो से रोज लड़ाई हो रही है।

साधो सवाल यह है कि नपाल को किस देश से खतरा है ? कौन उस पर हमला करने वाला है ? किसके खिलाफ नेपाल को सुरक्षा चाहिए ? चीन से तो अमेरिका कोई खतरा नही मानता क्योकि दोनो की दोस्ती है। अभी अमेरिका ने चीन को खरबो डालर के आधुनिक हथियार देने का समझौता किया है। मगर भारत से अमेरिका नाराज है। नाराज है—भारत की विदेश नीति से रूस से दोस्ती से, स्वाधीनता मे, गुट निरपेक्ष आदोलन को ताकतवर बनाने से। तो अगर नेपाल को खतरा है तो कोतवाल साहब की नजर मे भारत से ही होगा।

साधो, अब भविष्य देखो। पहले भूत को देखो। ग्रेनाडा पर अमेरिका ने चार-पाच छोटे देशो की सुरक्षा के लिए हमला किया था—ऐसा उसका तर्क है। उधर पाकिस्तान लका अमेरिकी खेम मे हैं। जनरल इरशाद लगभग अमेरिकी पिछलग्गू हो चुके। मलाया, सिंगापुर थाईलड जापान अमेरिकी गुट मे हैं। नेपाल सतुलन रख रहा है।

तो साधो किसी दिन अमेरिका नेपाल, लका, पाकिस्तान वगैरह से दरख्वास्त बुला लेगा कि मालिक इस दैत्य महादेश भारत से हम खतरा है। लिहाजा गरीबपरवर हमारी रक्षा करें।

तब साधो, दुनिया के कोतवाल आ धमकेंगे।

२७ अप्रल, १९८३

## चरणसिंह गांधी से नाराज हैं

साधो अब मैं इस निष्कर्ष पर पहुंच चुका हूं कि संसार के इतिहास में कोई एक आदमी ऐसा हुआ है जो पूरी तरह सही और सत्य था, तो वह आदमी चौधरी चरणसिंह है। बाकी सब महापुरुष चिंतक दार्शनिक गलत थे। सारे राजनेता गलत रहे हैं और अभी भी हैं। वैदिक ऋषि उपनिषदकार, स्मृतिकार, शंकराचार्य, विवेकानंद अरविंद आदि सब गलत थे। सुकरात से लेकर कालमार्क्स तक सब गलत थे। राजनेताओं क्रांतिकारियों में ग्रीक पुराण के प्रामथियस से लेकर फिदेल कास्त्रो तक सब गलत हैं। राष्ट्रपतियों प्रधानमंत्रियों में लिंकन, जेफरसन, डिसराइली, चर्चिल दीगाल आदि सब गलत थे। महात्माओं में देवताओं के गुरु बृहस्पति से लेकर अब तक के सारे महात्मा गलत थे। बुद्धिवादियों में अरस्तू से लेकर बर्नार्ड शा, बरट्रेंड रसेल तक सब मूर्ख थे। सारे अर्थशास्त्री गलत हुए हैं। समाजशास्त्री भी सब गलत हुए हैं। वैज्ञानिकों में आर्यभट्ट से लेकर गैलीलियो, न्यूटन, आइंस्टीन सब गलत। एक मात्र महापुरुष विराट मानव जाति ने कई शताब्दियों में पैदा किया है जो ज्ञान, विज्ञान राजनीति, दर्शन, अर्थशास्त्र में सोलहों आने सही है और उस आदमी का नाम है—चौधरी चरणसिंह। कहा है

मत हमको सहल समझो, फिरता है फलक बरसों
तब खाक के पर्दे से इंसान निकलता है।

साधो, इस शेर में 'इंसान' की जगह 'चरणसिंह' कर दो। शेर का अर्थ होगा—हम आसान मत समझो। आसमान बरसों घूमता है

तब खाक के पर्दे से एक चरणसिंह निकलता है। साधो, चरणसिंह दुनिया के सारे ज्ञानियों, महात्माओं को खत्म कर चुके थे। बस एक महात्मा है जो उनके रास्ते में आता है और जिससे वे सख्त नाराज हैं। उसका नाम महात्मा गांधी है। पिछले कई सालों से चरणसिंह महात्मा गांधी की एक बड़ी गलती बता रहे हैं मगर कोई आदमी उनकी बात मान नहीं रहा है। अभी आठ-दस दिन पहले चरणसिंह ने फिर बड़ी सख्ती से महात्मा गांधी पर हमला किया है। साधो, चरणसिंह बहुत सीधी बात कहते हैं। उनका मतलब है कि या तो महात्मा गांधी ठीक ठाक थे – हालांकि मुझसे बहुत छोटे दर्जे के महात्मा थे। पर उन्होंने सबसे बड़ी भूल यह की कि जवाहरलाल नेहरू को प्रधानमंत्री बनाया। नेहरू की गलती वे यह बताते हैं कि उन्होंने अर्थसत्ता का केंद्रीयकरण करके देश का बहुत नुकसान किया।

अब साधो महात्मा सब बातें साफ-साफ विस्तार से तो बताता नहीं है। वह कूट वाक्य बोलता है जिसकी व्याख्या करनी पड़ती है और उसे समझना पड़ता है। कबीरदास ने तो उलटबांसी कह दी—जल बिच मीन पियासी मोहि देखत आवे हांसी। अब इसकी व्याख्या करके अर्थ समझना कठिन काम है। अर्थ सत्ता के केंद्रीकरण और विकेंद्रीकरण पर बहुत विवाद अर्थशास्त्रियों में है और एक संतुलन की खोज की जा रही है। मगर चरणसिंह का गूढ़ अर्थ यह है कि नेहरू ने देश को आधुनिक बनाने का सूत्रपात किया और समाजवादी उद्देश्य से योजना बनाना शुरू किया। चौधरी चरणसिंह का विश्वास है कि देश को अठारहवीं शताब्दी में लौटाना था जिसमें सामंती व्यवस्था होती। बड़े-बड़े जमींदार और भूमिपति होते जिनके खेतों पर गुलाम काम करते। कोई बाजिब मजदूरी मांगने की बदतमीजी करता, तो उसे कोड़े लगवाये जाते। मगर जवाहरलाल नेहरू ने जमींदारी खत्म की और वे सहकारी खेती के पक्षधर थे। चरणसिंह कोई योजना वगैरह नहीं चाहते थे। पूंजीवाद पनपे और गरीब और गरीब होकर मरता जाय। नेहरू इसलिए चौधरी जी को नापसंद हैं। फिर अगर सरदार पटेल को प्रधानमंत्री गांधी जी बना देते तो उनकी मृत्यु १९५२ में उनकी

किस्मत में लिखी ही थी। सरदार पटेल की मृत्यु के बाद १९५२ में ही चरणसिंह प्रधानमंत्री बन जाते और अभी तक वही हमारे भाग्यविधाता रहते। गांधी जी ने हमें इस सौभाग्य से वंचित कर दिया। तीसरी बात यह कि गांधी जी जानते थे कि इंदिरागांधी जवाहरलाल की बेटी है। जिस आदमी की बेटी इंदिरा हो, उसे कदापि प्रधानमंत्री नहीं बनाना था। गांधी जी ने यह भूल की जिसका नतीजा यह हुआ कि इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री हो गयीं। इससे चौधरी जी जैसे कई संतों को जितनी तकलीफ हुई और हो रही है, उससे गांधी जी की आत्मा को शांति नहीं मिल रही होगी। साथो, मैं सोचता हूं कि महात्मा गांधी के प्रति चौधरी साहब के गुस्से को कैसे खत्म किया जाय। एक तरकीब है—एटनबरो की फिल्म 'गांधी' में एक दृश्य जोड़ दिया जाय। इस दृश्य में चरणसिंह गांधी जी की पीठ पर पीछे से लाठी मारकर यह कहते हुए भाग जायं—तू जवाहरलाल को प्रधानमंत्री बनाने की सजा भोग। यह दृश्य फिल्म में आ जाय तो चौधरी जी महात्मा गांधी को माफ कर दें।

साथो, जहां तक चौधरी चरणसिंह का सवाल है, वे पूर्ण महात्मा हैं जैसे कृष्ण सोलह कलाओं से पूर्ण भगवान का अवतार थे। राम सिर्फ बारह कलाओं के अपूर्ण अवतार थे क्योंकि वे मर्यादाएं मानते। चौधरी जी सोलह कलाबाजियों से पूर्ण राजनीतिक अवतार हैं। वे कोई मर्यादा नहीं मानते और जब जो भी करते हैं, सही करते हैं। वे तीन और दो का जोड़ पांच करते हैं, तब भी सही है। और तीन और चार का जोड़ सात करते हैं तब भी सही है। वे १९६७ में कांग्रेस से निकले और संविद सरकार बनायी तब भी सही थे। और फिर वापस कांग्रेस में लौट गये तब भी सही थे। फिर कांग्रेस छोड़ी तब भी सही थे। और दुबारा इंदिरा गांधी के चरण छूकर कांग्रेसी हुए तब भी सही थे। फिर कांग्रेस छोड़ी और 'क्रांतिदल' बनाया, तब भी सही थे। वे मर्यादा से नहीं बंधते। सिद्धांत मनुष्य को गुलाम बनाता है इसलिए वे सिद्धांत नहीं मानते। फिर 'लोकदल' बनाया, तब भी सही थे। फिर 'संपूर्ण क्रांति' में शामिल थे तब भी सही थे। १९७७ में 'जनता

पार्टी' मे और सरकार मे शामिल हुए तब भी सही थे। फिर जनता पार्टी तोडी, तब भी सही थे। तब राष्ट्रीय स्वयसेवक सघ से विरोध था तब भी सही थे। आजकल राष्ट्रीय स्वयसेवक सघ की गोद म बच्चे की तरह बैठे हैं, तब भी सही हैं। १९७९ म इदिरा गाधी के हाथ जोडकर समथन लेकर प्रधानमत्री बने, तब भी सही थे। एक दिन भी प्रधानमत्री के रूप मे ससद को दशन नही दिये, यह भी सही किया। लोकदल तोडा, यह भी सही किया। किसी जाट को नेता नही होन दिया, यह भी सही किया।

साधो अब जो 'भारतीय जनता पार्टी के साथ सयुक्त मोर्चा बना कर बैठे है, वह भी सही कर रहे है। राष्ट्रीय स्वयसेवक सघ को अब अच्छा कहते है यह भी सही कर रहे है। वे शायद नही जानते कि सघरूपी मगरमच्छ के जबडो मे अभी वे है। वे छिटककर कभी भी बाहर चले जायेंगे तो भी सही करेंगे। और अगर मगरमच्छ के पेट म चले जायेंगे तो भी सही करेंगे। चौधरी चरणसिंह कभी गलती नही करते। गलती तो महात्मा गाधी वगैरह करते रहते है। चरणसिंह इतिहास के सबसे बडे सत्तालोलुप और दल बदलू है। उनका कोई भरोसा नही करता। शायद बीवी और बेटा-बेटी भी भरोसा नही करते होंगे।

साधो इस राजनीतिक 'सत्यनारायण' की यह कथा सुनकर तुम पूछोगे—गुरु जड बुद्धि और ज्ञानी म क्या अतर है? क्षुद्र और महान मे क्या अतर है? देखो, बहुत बारीक अतर है। मगर कोई समझा नही सकता।

३ जनवरी, १९८४

# जनरल जिया का पेकिंग में कत्थक

साधो, खबर दिलचस्प है। पाकिस्तान से लड़कियों का एक दल चीन जा रहा है। इसमें गायिकाएं और नर्तकियां भी हैं। इससे पहले चीनी लड़कियों का एक दल पाकिस्तान आया था और उन्होंने नृत्य किया था। अब जिया उल हक के इस्लाम के सामने सवाल था कि ये लड़कियां चीन में नाचें या नहीं? इस्लाम के नाम पर पाकिस्तान में गाना, बजाना, नाचना बंद है। नूरजहां जब भारत आयी थीं, तब उस पर बंदिश थी कि वह यहां गायेगी नहीं। तीस पैंतीस साल पहले के नूरजहां के गीत भारतीयों को याद थे, खासकर उसकी पंक्तियां में एक है

आह न भरी शिकवे न किये, कुछ भी न जबां से काम लिया
तिस पर भी मुहब्बत छिप न सकी, जब तेरा किसी ने नाम लिया
हम दिल को पकड़कर बैठ गये, हाथों से कलेजा थाम लिया।

साधो, इस्लाम में संगीत का निषेध है। मगर जब मुल्ला अजान देता है, तो उसमें लय होती है। यह संगीत है। धर्म के नियम और तानाशाहों के कानून स्वाभाविक मानवीय प्रवृत्तियों को रोक नहीं सकते। बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों में मजहब के नाम पर औरतों पर बंदिशें लगी हैं। उन्हें बुर्के में ढकी रहना होता है। ऊपर से चादर से अपने को बंद रखना पड़ता है। रवीन्द्रनाथ ने उन्हें 'चलती फिरती कब्रें' कहा था। मगर तानाशाहों की बदकिस्मती देखो, वे कितने हास्यास्पद हैं। दोनों देशों में लोकतंत्र की बहाली के आंदोलनों का

नतृत्व औरतें ही कर रही हैं—इधर मुसरत व बनजीर भुट्टा, तथा बेगम बेनजीर भुट्टो और उधर शेख हसीना वाजेद और बेगम खालिदा रहमान। जिन स्त्रियों को चलती फिरती कब्रें बनाकर रखना चाहते हैं वही औरतें मजहब की माला फेरने वाले तानाशाहों की मूछें नोच रही हैं। मगर जिया उल हक लड़कियों को गाने नहीं देंगे नाचने नहीं देंगे, खेलने नहीं देंगे।

साधो धर्म के नियम तत्कालीन परिस्थितियों के हिसाब से बनते हैं। पैगंबर मोहम्मद के जमाने में कबीलों में लड़ाई होती रहती थी। हारे हुए कबीले की औरतें लाकर जीतने वाले घरों में डाल देते थे। एक एक की पच्चीस तीस बीवियां होती थीं। इसे मिटाने के लिए पैगंबर ने तीन बीवियों का नियम बनाया। कहा यह जाता है कि मुसलमानों को तीन चार बीवियां रखने का सुभीता है। घर में चार बीवियां सुभीता है कि मुसीबत? संगीत, नृत्य पर प्रतिबंध विलासिता को रोकने के लिए लगाया गया। तब मक्का व्यापार का बहुत बड़ा केंद्र था और खूब विलासी जीवन था। इसे रोकने के लिए ये बंदिशें लगायी गयीं। मगर अब बीसवीं शताब्दी है, यह छठवीं शताब्दी नहीं है। मगर तानाशाह और शाह जनता को छठवीं शताब्दी में रख कर, मजहब के नाम पर उन्हें गुलाम बनाकर रखना चाहते हैं।

साधो, धर्मों की कल्पनाएं विचित्र हैं। जो चीजें मनुष्य के लिए इस लोक में वर्जित हैं, वे सब स्वर्ग में धर्मात्मा आदमी को मिलती हैं। यहां स्त्री को देखना पाप है मगर स्वर्ग में अप्सराएं सप्लाई होती हैं। इस्लाम की कल्पना में भी जन्नत में हूरें (अप्सराएं) खूब मिलती हैं। स्वर्ग और जन्नत में शराब के तालाब भरे होते हैं। जितनी चाहो पीओ। मगर आदमी के लिए यहां स्त्री भोग और शराब पीना पाप है। साधो चाणक्य ने राजा के लिए नीति बनायी है कि वह निष्कंटक राज करने के लिए प्रजा में अंधविश्वास और अज्ञान का प्रचार करे। इसी नीति पर ये शाह, राजा और तानाशाह चलते हैं। अंधविश्वास और अज्ञान फैलाने का सबसे अच्छा जरिया धर्म का उन्माद है। उधर पाकिस्तान में इस्लाम, तो इधर भारत में हिंदू धर्म और इस्लाम दोनों

का उन्माद अंधविश्वासी और अज्ञानी बनाता है।

साधो, बात मन उठायी थी पाकिस्तान की गायिका और नर्तकी लड़कियों के चीन जाने की मगर बात करने लगा मजहब की। खैर, थोड़ी बात और हो जाय। अमानवीय और अप्राकृतिक बंधनों के खिलाफ डटकर विद्रोह हुआ। तवायफों ने गाने और नाचने की बंदिश तोड़ दी। दरबारों में तवायफें नाचने-गाने लगीं। उनके कोठों पर गाने-नाचने का आनंद लेने बड़े-बड़े लोग जाने लगे। मौलवी भी छिपा कर जाने लगे। और सुनने लगे दादरा

नजरिया की मारी मरी मरी गुइयां।

फिर बंदिशें तोड़ी शायरों ने। मुसलमानों में, शेख, वाइज, जाहिद धर्म के पहरेदार होते हैं। ये बड़े पवित्रतावादी होते हैं। धार्मिक आदत वाले होते हैं। उनकी काफी दुर्गति उर्दू शायरी में है, जो फारसी से आयी है

वाइज शराब पीने दे मसजिद में बैठकर
या वो जगह बता कि जहां पर खुदा न हो

और

लुत्फे मय तुझसे क्या कहूं जाहिद
कम्बख्त तूने पी ही नहीं

और गालिब ने तो कमाल ही कर दिया। कहते हैं-

कहां मयखाने का दरवाजा कहां वाइज
इतना जानते हैं, वो आता था कि हम निकले

यानी कहां शराबखाने का दरवाजा और कहां वाइज, धर्मोपदेशक तौबा—तौबा! बस, हम इतना जानते हैं कि वह पीकर निकले तो वह घुस रहा था।

अब साधो, आओ पाकिस्तानी लड़कियों के चीन जाने की पर। चीनी लड़कियां पाकिस्तान में नाचने गयी हैं। अब पाकिस्तानी लड़कियां चीन जा रही हैं। क्या इनमें नृत्य के लिए अगर ये कहें कि हम नाचने की आजादी है, क्योंकि हम

है, तो चीनी शासक कहेंगे—अच्छा, यह जिया अपने को हमसे बड़ा मानता है। गाया हमारी संस्कृति नहीं है इन उठाईगीरों की संस्कृति है। हमारी लड़कियां इस्लामाबाद में नाचें और इसकी लड़कियां हमारे पेकिंग में न नाचें। तो अब जनरल जिया धर्मसंकट में पड़ गये। अमेरिका और चीन की ताकतवर धुरी के बीच में पाकिस्तान बटेर के बराबर है। अगर चीनी नेता कहें कि हम जिया उल हक का नाच देखेंगे तो जिया को पेकिंग जाकर खुद बंदर की तरह नाच दिखाना होगा।

तो साथी, जिया हुजूर ने लड़कियों को 'कत्थक' नाचने की मंजूरी दे दी है। मगर 'कत्थक' आया कहां से? इस पीढ़ी के सारे कत्थक नर्तक बिरजू महाराज के चेले हैं। कत्थक भारतीय उपमहाद्वीप की सम्मिलित कला-परंपरा है। यह भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान तीनों की संस्कृति है। इस संस्कृति से जिया उल हक पिंड छुड़ा नहीं सकते। पाकिस्तान में कत्थक और भरत नाट्यम ही नाचा जायेगा। और पाकिस्तानी गायक वही रागरागिनियां गायेंगे जो हजारों साल से गायी जा रही हैं। जिया उल हक नये संगीत का आविष्कार नहीं कर सकते, यह बदकिस्मती है। तो पाकिस्तानी गायक वही बोल गाता है—बता दो कोई कौन गली गये श्याम!

८ जनवरी, १९८४

# उपचुनावों में चर्बी निकल गयी

साधो सबसे पहले हम शोक प्रकट करें। चौदह उपचुनाव हो गये। इनमें कुछ लोग चर्बी में राजनीति के पकौड़े तल रहे थे कि कड़ाही उलट गयी और तलने वालों के हाथों में फफोले उठ आये, चेहरे पर छींटे पड़े तो दाग पड़ गये। चारों कोनों से चक्रवर्ती बनने के लिए जो अश्वमेध यज्ञ के घोड़े छोड़े गये थे, वे भाग गये। रथों के पहिये टूट गये। गगाजल झूठा निकला। शायद रास्ते में नदी या पोखरों से भरा जाता होगा। साधो, गाँव गाँव, कस्बा-कस्बा, शहर के मुहल्ला मुहल्ला संघ वाले 'चर्बी चर्बी' चिल्लाते घूम रहे थे, धर्म नष्ट करने का आरोप लगा रहे थे। हिंदू अल्पसंख्यक हो रहे हैं—यह नारा लगा रहे थे। जैसे अटलबिहारी वगैरह तीस चालीस करोड़ नये हिंदू पैदा कर देंगे। मगर सब बेकार गया। लोकदल को तो दो सीटें मिल भी गयीं। भारतीय जनता पार्टी को एक भी नहीं। अब उबली हुई चर्बी के शरीर पर लगने से जो फफोले उठ आये हैं, उनकी मलहम पट्टी करनी पड़ेगी। सारे साम्प्रदायिक प्रचार के बाद भी दंगा कहीं नहीं हुआ। बीच में दुष्ट डॉक्टर सुब्रह्मण्यम स्वामी ने बयान दे दिया कि एक भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री, जो चर्बी काण्ड में अनशन पर बैठे थे, को मैंने खुद गाय का मांस खाते देखा। एक दिन के अनशन पर दो भूतपूर्व मंत्री बैठे—चरणसिंह और अटलबिहारी वाजपेयी।

साधो, जिस पार्टी पर यानी कांग्रेस पर चर्बी खिलाने का आरोप

था वह चौदह में से नौ सीटें ले गयी। धर्म के रक्षक चर्चों प्रचारक को एक भी सीट नहीं मिली। और गजब यह हुआ कि लोकसभा की एक सीट कम्यूनिस्ट पार्टी को मिल गयी। धर्म का नाश हो गया। अधर्मी जीत गये। अब भगवान को अवतार लेने के लिए आमंत्रित करना चाहिए। मगर गांधी जी जनता को 'जनार्दन' कहते थे। यह जनता जनार्दन प्रचार से बेवकूफ नहीं बनी। इसका साधुओं को बड़ा दुःख है। जनता चलते चलते आगे बढ़ गयी है आम लोकतांत्रिक सड़क से। ये दक्षिणपंथी नेता सत्ता तक पहुंचने के लिए पगडंडियों की तलाश में बियाबान जंगल में भटके हुए वहीं वहीं चक्कर काट रहे हैं। पांव कांटों से छलनी हो गये हैं, लहूलुहान हैं। जिस जनता को बेवकूफ बनाना चाहते हैं, उसने सिद्ध कर दिया कि ये नेता बेवकूफ भी हैं और हास्यास्पद भी।

*साथो अब क्या होगा? यानी आगामी आम चुनाव के लिए क्या नया बनाव बनेगा? मोर्चे बनेंगे, नये गठबंधन होंगे, महागठबंधन भी बनेगा। साथो फिर आवाज उठ रही है—विपक्ष की एकता कायम करो।* यही नारा सन १९७७ में दिया गया था। साथो, भारतीय राजनीति में विपक्ष है ही नहीं। यह वैकल्पिक विपक्ष उन लोकतंत्रों में होता है जहां दो दलों की राजनीति है। यह ब्रिटेन में है, जर्मनी में है, अमेरिका में है। इन दलों के बुनियादी सिद्धांत होते हैं, कार्यक्रम होते हैं, नियमित सदस्यता होती है। ये दल-बदल नहीं करते। भारत में विपक्ष तब होता जब कांग्रेस से अधिक वामपंथी एक बड़ी पार्टी होती। पर यहां सिद्धांत और कार्यक्रम के आधार पर दोनों कम्यूनिस्ट पार्टियां हैं। ये मिलकर भी ऐसा कारगर विपक्ष नहीं बना सकतीं जो केंद्र में कांग्रेस का विकल्प बन सके। ये ऐसी पार्टियां हैं जो कांग्रेस का अंधा विरोध नहीं करतीं। कुछ मामलों में समर्थन करती हैं कुछ में विरोध। इनके सदस्य हैं। श्रमिक और किसान संगठन हैं। मजबूत यूनियनें हैं। ये ऐसा नहीं करतीं कि आज चरणसिंह के साथ हो जाओ कल अटलबिहारी के, परसों चंद्रशेखर के। ये *विदेश नीति, गुटनिरपेक्षता, राष्ट्रीय एकता, संप्रदाय विरोध,*

लोकतंत्र की रक्षा, साम्राज्यवाद विरोध, समाजवादी देशों से मित्रता आदि में कांग्रेस सरकार का समर्थन करती है। घरेलू नीतियों में विशेषकर आर्थिक नीतियों पर विरोध करती है।

साथी, बाकी नेता दक्षिणपंथी हैं जो या तो अकेले हैं या गिरोहों में हैं। इनके सिद्धांत और कार्यक्रम क्या हैं? एक ही कार्यक्रम है—इंदिरा हटाओ। चरणसिंह—इंदिरा हटाओ। चंद्रशेखर—इंदिरा हटाओ। जार्ज फर्नांडिस—इंदिरा हटाओ। इनकी पार्टी निश्चित नहीं है। समाजवादी अभी अभी तक लोकदल में थे, अब जनता पार्टी में हैं। महागठबंधन हुआ तो भारतीय जनता पार्टी के साथ हो जायेंगे। इनकी पार्टियां हैं ही नहीं। इनके सदस्य कोई नहीं हैं। जगजीवनराम से कोई पूछे कि आपकी पार्टी में कितने सदस्य हैं, तो वे क्या बतायेंगे। न चौधरी बता सकते, न चंद्रशेखर। ये सब नेता एक हो जायें, तो संसदीय राजनीति की भाषा में 'विपक्ष' नहीं कहलायेंगे। वास्तव में भारत में 'विपक्ष' है ही नहीं।

साथी, इन दक्षिणपंथियों का एक ही कार्यक्रम है—हर बात पर इंदिरा गांधी का विरोध। असम समस्या इंदिरा गांधी हल कर रही हों तो नहीं होने देना। पंजाब की समस्या का हल नहीं करने देना। इंदिरा गांधी कहें—दो और दो चार, तो ये कहेंगे—नहीं, दो और दो पांच।

साथी इन दक्षिणपंथियों के इस रवैये के बारे में नंबूदरीपाद ने क्या कहा है, बताता हूं। तुम जानते हो कि सबसे ज्यादा विरोध इंदिरा गांधी से नंबूदरीपाद का रहा है। १९५८ में इंदिरा गांधी ने नंबूदरीपाद की केरल सरकार गिरायी है। मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी, जिसके नंबूदरीपाद महासचिव हैं, इंदिरा गांधी को शत्रु नंबर एक मानते आये हैं। मगर वे मार्क्सवादी हैं। देशी और अंतर्राष्ट्रीय वास्तविकताओं के संदर्भ में नीति तय करते हैं। न अंधे हैं, न मूढ़। तो नंबूदरीपाद ने महीने भर पहले कहा है—दक्षिणपंथी दल जो अपनी बंदूक हमेशा इंदिरा गांधी की तरफ तान रहते हैं, गलती करते हैं। इंदिरा गांधी साम्राज्यवाद के खिलाफ संघर्ष कर रही हैं। ये लोग उनका अंधा विरोध करके

एक तरह से साम्राज्यवाद का समर्थन करते हैं।

साथी अब बताओ तुम कि अमेरिका साम्राज्यवाद का समर्थन करने वाले क्या राष्ट्रभक्त हो सकते हैं? सब जानते हैं कि अमेरिकी साम्राज्यवाद राष्ट्रों की स्वाधीनता छीनता है। भारत उसका निशाना है। भारत चारों तरफ से घेर लिया गया है। लंका में अमेरिकी अड्डा बन रहा है। दियगोगार्शिया में आणविक मिसाइलें लगा दी गयी हैं। पाकिस्तान को हथियारों से भरे दे रहा है। बांग्ला देश और नेपाल के खिलाफ कर रहा है। इस सबका विरोध दोनों कम्यूनिस्ट पार्टियां कर रही हैं और इंदिरा सरकार का समर्थन कर रही हैं। मगर इंदिरा गांधी जब कहती हैं कि भारत को गंभीर खतरा बाहर से है तब दक्षिणपंथी नेता कहते हैं—झूठा प्रोपगंडा करती है। वोट बटोरने के लिए ऐसा कहती है।

साथी, इन नेताओं में से एक ने भी विरोध में बयान नहीं दिया है कि पाकिस्तान को हथियारों से लैस बना कर रहे हो, हमारे आस पास सैनिक अड्डे क्या बना रहे हो, नयी मिसाइलें पाकिस्तान में क्या लगाना चाहते हो। किसी ने विरोध में बयान नहीं दिया। अटक से कटक और काश्मीर से कन्याकुमारी तक अखंड भारत के दावेदार भी कुछ नहीं बोलते। तो साथी, सवाल उठता है कि ये किसके पक्ष में हैं—भारत के पक्ष में या अमेरिका पाकिस्तान के पक्ष में? किसी ने यह सच कहा है कि पाकिस्तान में जनरल जिया के जितने समर्थक हैं उनसे अधिक ये लोग भारत में हैं।

१० जनवरी, १९८४

# भ्रष्टाचार पर फांसी

साथी, रूस में आयात निर्यात विभाग के दो बड़े अधिकारियों को भ्रष्टाचार के अपराध में प्राणदंड दे दिया गया। यह समाचार रूस की सरकारी सर्वोच्च समिति ने ही दिया है। इस समाचार से भारत में कुछ हलकों में आनंद-ही आनंद है। ये अधिकारी मामूली नहीं, अपने यहां के सचिव स्तर के होंगे। इन्होंने पैसा खाया होगा और उन्हें मौत की सजा हो गयी। समाजवाद विरोधी कहते हैं—क्या फायदा समाजवाद से? अरे जो यहां होता है वही वहां होता है। वहां भी तो भ्रष्टाचार है।

साथी, खाने में मशहूर सरकारी विभागों के खाने में भी प्रतिक्रिया है। कल एक खाद्यान्न विभाग के अधिकारी कह रहे थे—इन रूसियों को पैसा खाना भी नहीं आता। अरे, पैसा अकेले नहीं खाया जाता। पैसा खाने का काम शृंखलाबद्ध होता है। नीचे से सबसे ऊपर तक का खाता है। अकेला कोई खाने लगे, तो पकड़ा जायेगा। हम लोग तो पैसा खाने में मशहूर हैं। हम योजनाओं का सीमेंट और लोहा खाना बाजार में बेचते हैं मगर कभी पकड़े नहीं जाते। हम ठेकेदारों से पैसे खाते हैं। झूठे 'मास्टर रोल' भरते हैं। अकाल राहत कार्य का पैसा खाते हैं। पर क्या अकेले खाते हैं? सबसे पहले तो हम भ्रष्टाचार पकड़ने वाले विभाग के अफसरों को खिला देते हैं। फिर चपरासी क्लर्क से लेकर ऊपर वालों तक को खिलाते हैं। विभाग के प्रधान को भी खिलाते हैं। वह मंत्री को खिलाता है। हम भगवान तक को खिलाकर

खाते हैं। कौन पकड़ सकता है? नमूने के लिए कभी कोई चपरासी, क्लर्क नाकेदार पकड़वा देते हैं। हमारे यहां बड़ा कोई नहीं पकड़ा जाता। और इन रूसी उल्लू अफसरों को देखो। बड़े बाबू को नहीं सिखाया होगा, तो उसने चुपचाप खुफिया विभाग को बता दिया होगा। फिर जब इन अफसरों को भनक पड़ गयी थी, तो फौरन ऊपर वालों को खिलाकर ढाक लेना था मगर ये रूसी होते हैं कम अक्ल। इन्हें पैसा खाना नहीं आता।

साधो मैं सोचता हूं कि भारत रूस के बीच सांस्कृतिक आदान प्रदान के कई समझौते हैं उनमें 'भ्रष्टाचार शिक्षण' की योजना भी होनी चाहिए। हमारे यहां के उस्ताद भ्रष्टाचारियों को भेजा जाय। वे यहां हर महकमे में भ्रष्टाचार के तरीके सिखाएं। इससे दोनों देशों की मित्रता और गहरी होगी। भारत विश्व का गुरु है। कई प्रकार का ज्ञान भारत ने दुनिया को दिया है। हमारे यहां का मामूली असिस्टेंट इंजीनियर भ्रष्टाचार की इतनी विद्या जानता है कि पूरे रूस को सिखा सकता है। साधो एक दो भ्रष्टाचार पारंगतों ने मुझसे कहा—कुछ भी कहो सजा बहुत ज्यादा है। सीधे फांसी। अरे, साल दो साल की सजा हो। खाया हुआ पैसा पत्नी के नाम से जमा कर दो। जेल से लौटकर धंधा कर लो और जिंदगी चैन से काटो। मैंने कहा—तो आप लोग कुछ करो। भ्रष्टाचारी महासंघ की तरफ से रूस की सरकार से अपील करो कि वह सजा कम करे। न्याय व्यवस्था में परिवर्तन करे। मगर हमारे यहां के सर्वोच्च न्यायाधीश और न्यायविद सोवियत न्याय व्यवस्था के प्रशंसक हैं। भूतपूर्व सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश गजेन्द्र गडकर तो बहुत प्रभावित थे। उन्होंने शायद कोई किताब भी लिखी है। रिटायर्ड न्यायमूर्ति कृष्ण अय्यर तो सोवियत न्याय-व्यवस्था के अनुसार भारतीय न्याय प्रक्रिया में परिवर्तन के सबसे बड़े समर्थक हैं। न्यायमूर्ति देसाई ने एक जगह भाषण में कहा था कि रूस में केस छः महीने में खत्म हो जाता है जबकि अपने देश में केस छः महीने में शुरू ही नहीं होता। साधो न्यायविदों को कहने दो। हमें भाई चारे के नाते कुछ करना चाहिए। जैसे अन्तर्राष्ट्रीय भंडारावाद है, विश्व हिंदू परिषद

है, विश्व इस्लामिक संगठन है वैसे ही भ्रष्टाचार का भी अंतर्राष्ट्रीयतावाद है। इसी भाई चारे के हिसाब से जापान के प्रधानमंत्री तनाका ने अमेरिका की लाकहीड कंपनी से घूस खायी थी। इस भाई चारे के नाते भारतीय भ्रष्टाचारी संघ को रूसी सरकार से सजा कम करवाना चाहिए। यह अपने भले के लिए भी जरूरी है। अपने देश में भी समाजवाद तो आना ही है। तब यदि घूस होने पर फांसी होने लगी, तो अपने ही 'सदाचारी' मार जायेंगे।

साधो, इस मामले को लेकर पूंजीवादी और समाजवाद विरोधी रूस और समाजवाद के खिलाफ प्रचार कर रहे हैं। उनका कहना है कि रूस में खूब भ्रष्टाचार है। साधो, रूस वाले यह कभी दावा नहीं करते कि वहां अपराध होते ही नहीं। होते हैं। मगर किस तरह के और कितने? अपराध व्यवस्था के अनुसार होते हैं। रूस में प्राइवेट प्रापर्टी, प्राइवेट उद्योग और व्यापार नहीं है ठेकेदारी नहीं है जमींदारी नहीं है। यानी आर्थिक कारणों से जो अपराध होते हैं, वे कारण ही नहीं हैं। फिर भ्रष्टाचार का एक बड़ा कारण असुरक्षा है जिससे सुरक्षा का साधन सिर्फ पैसा माना जाता है, तो लोग घूस लेते हैं, चोरी करते हैं। रूस में जन्म से मृत्यु तक सामाजिक सुरक्षा संविधान के अनुसार है। बेकारी नहीं है। फिर पीढ़ी-दर पीढ़ी समाजवादी सिद्धांतों की शिक्षा दी जाती है संस्कार बनाये जाते हैं। इसलिए अपराध की मानसिकता ही नहीं है।

साधो, पैसा इकट्ठा करने की उपयोगिता भी नहीं है। उस पैसे से प्राइवेट धंधा कर नहीं सकते। प्रापर्टी खरीद नहीं सकते। शेयर खरीद नहीं सकते। बैंक में डालो तो पकड़ लिया जायेगा कि इस वतन वाले का इतना बैंक बैलेंस कैसे हो गया। यह तो कह नहीं सकते कि हम दहेज में मिला। मगर पैसे से खूब मौज मजा कोई करने लगे, तो मुहल्ला कमेटी रिपोर्ट कर देगी कि ये साहब हैसियत से बहुत ज्यादा खर्च कर रहे हैं। उनकी जांच शुरू हो जायेगी।

इस तरह साधो, व्यवस्था ऐसी है और चौकसी इतनी है तथा वैचारिक शिक्षण ऐसा है कि रूसी समाज में अपराध की संभावना न्यूनतम है। न्यूनतम इसलिए कह रहा हूं कि आखिर वे मनुष्य हैं।

कोई अपराध कर भी बैठता है मगर यह अपवाद होता है। आम तथ्य यह है कि अपराध नहीं होते न उनकी ओर प्रवृत्ति होती। पर अगर किसी को पड़ोसी की बीवी पसंद आ जाये, तो इसमें कार्ल मार्क्स क्या करे! पति और प्रेमी एक दूसरे के सिर फोड़ेंगे और सजा पायेंगे। रूसी साहित्य में और पत्र-पत्रिकाओं में पढ़ने को मिलता है कि जल्दी गैस कनेक्शन देने के लिए पांच रूबल ले लिए, सहकारी फार्म के ट्रक पर सवारियां बिठा लीं, सहकारी दुकान से अच्छे जूते पहले ही अपने वालों को दे दिये। ये अपवाद होते हैं। रूसी पत्रों में अपने देश के भ्रष्टाचार पर व्यंग्य लेख छपते हैं।

सीधी, बात यह है—हमारे देश में भ्रष्टाचार को आम मान लिया है वह जीवन मूल्य बन गया है और ईमानदारी अपवाद है। रूस में सदाचार आम है, वह मान्य जीवन मूल्य है और बेईमानी अपवाद है। यह मूल फर्क है—हमारे यहां ईमानदारी अपवाद है यहां बेईमानी अपवाद है। जिन दो बड़े अफसरों को भ्रष्टाचार के कारण दंड हुआ, वे अपवाद हैं। हमारे यहां भ्रष्टाचारी अपवाद नहीं आम है। रूस में सजा कठोर होती है जिससे लोग अपराध करते डरें। हमारे यहां भ्रष्टाचारी पकड़े ही नहीं जाते। कोई पकड़ भी लिया गया तो वह पिटा पिलाकर छूट जाता है। हमारे यहां तो सरकारी नौकरी में सदाचारी आदमी ही सजा भोगता है। उसे तंग किया जाता है बार-बार बुरी जगह तबादले होते हैं क्योंकि वह इस पवित्र 'धर्मचक्र' में शामिल नहीं होता। यह फर्क है।

२२ जनवरी, १९८४

## राष्ट्रीय एकता समिति भी हो गयी !

साथी, अलग-अलग जब बहुत डाके पड़ने लगते हैं, तब तमाम डाकू गिरोहों की मीटिंग बुलायी जाती है। इस बात पर विचार करने के लिए कि डाकेजनी कैसे बंद हो। इसमें हर डाकू कहता है—सब मनुष्य एक ही भगवान के बनाये हुए हैं। सब भाई भाई हैं। एक भाई के घर में दूसरा भाई डाका क्यों डाले? एक भाई को अपना धन ले जाकर दूसरे भाई के घर में डालना चाहिए। इससे प्रेम बढ़ेगा। हम भारत माता के सपूत हैं। हमें इस माता के दूध की लाज रखनी चाहिए। सत्य अहिंसा, निर्लोभ और दया का ग्रहण करना चाहिए। सब इन उत्तम विचारों से सहमत होते हैं। मगर हर डाकू आगे की योजना बनाता है और पुलिस मुठभेड़ से डरता रहता है। सब संतुष्ट होकर लौटते हैं कि मीटिंग हो गयी है तो डाकू समस्या हल हो गयी।

साथी, जब कुछ करने नहीं बनता, कोई समस्या हल नहीं होती, जिम्मेदार लोग विवश हो जाते हैं तब आवाजें उठती हैं—मीटिंग बुलाओ! हालत खराब होती जा रही है—मीटिंग बुलाओ! तो चार साल बाद राष्ट्रीय एकता परिषद की मीटिंग दिल्ली में बुलाई गयी और वह सफल रही। सफल इसलिए रही कि जो अरस्तु ने कहा था, तुलसीदास ने कहा था, विवेकानंद ने कहा था गांधी जी ने कहा था, वह एक बार फिर कहा गया। मानव सभ्यता के आदिकाल में जो कहा जाता था, वह जनवरी, १९८४ में भी कहा गया कि सब मनुष्य भाई-भाई हैं। कहा

गया है कि इस मीटिंग म एक सकारात्मक निष्कर्ष यह निकला कि सदने अल्पसम्यका स्त्रिया और नीची जातिया पर हिंसा का निषेध किया। अगर इस मीटिंग म यह आम सहमति हुई तो बतायें कि पहले किन मीटिंगो म यह निष्कर्ष निकला था—अल्पसख्यका स्त्रिया और नीची जातिया पर हिंसा होनी चाहिए! हर मीटिंग मे तो अहिंसा पर सहमति होती है। मगर हर मीटिंग के बाद हरिजन जिंदा जलाये जाते हैं, दगे होते हैं, अल्पसख्यक मारे जाते है बहुओ का तेल डालकर आग लगा दी जाती है। असहमत कोई नही होता, मगर अभय भी नही करता।

साथी, आगे चुनाव है। जितने खुर्राट राजनेता वहा मीटिंग म बैठे पवित्र बातें कर रहे थे वे सब चुनाव मे जातिवाद साप्रदायिक भाषावाद, क्षेत्रीयता, नफरत, हिंसा का उपयोग करके वोट बटोरेंगे। इनके राष्ट्रीय एकता पर सहमत होने से क्या होता है! साथी इस मीटिंग मे न बाला साहब देवरस थे न सत लोगोवाल और न सत भिंडरावाले, न असम के नेता। इनकी सहमति के बिना एकता के निष्कर्ष का क्या मतलब रहा? इदिरा जी ने 'इडियननेस' पर बहुत जोर दिया भारतीयता पर। मगर देवरस जी की भारतीयता अलग है और लोगोवाल की अलग। कौन सी भारतीयता इस देश म चलेगी? इसके साथ 'अभारतीयता' के नारे भी तो उठते है पूर्वोत्तर से और पश्चिमोत्तर से। इनम कौन-सी चलेगी? भारतीयता पर सहमति, क्षेत्रीयता की निंदा धर्म और पथ निरपेक्ष राष्ट्रीयता, अलगाववाद की अस्वीकृति—इन सब पर मीठी मीठी एकता हुई मीटिंग म। मगर २७ जनवरी से शुरू होने वाले अकाली धर्मयुद्ध' के नये दौर को रोकने की कोई गारटी नही मिली।

साथी, त्रिपुरा के मुख्यमत्री नृपेन चक्रवर्ती ने कहा कि साम्राज्य वादी शक्तिया बेहिसाब धन खर्च करके पूर्वोत्तर क्षेत्र म पृथकतावादी गतिविधिया चला रही है और इनसे कुछ देशी शक्तिया भी सहयोग कर रही हैं। यह सही है। मगर उन देशी शक्तियो के नेता वही मीटिंग म बैठे थे।

उनके नाम भी बताये जा सकते है। कौन-कौन देशभक्तो को इस देश को कई खडो म तोडने के लिए विदेशी पैसा मिलता है, ये सब आपस मे जानते हैं। मगर ये ठाठ से राष्ट्रीय एकता की मीटिंग मे बैठते है। किसी एक क्षेत्र म नही, सारे देश मे विदेशी धन के नाले बह रहे है और देशभक्त घडे भर रहे हैं।

साधो, इस राष्ट्रीय एकता परिषद की इस मीटिंग की सबसे बडी चिंता राष्ट्रीय एकता नहीं थी।

सबसे बडी चिंता थी कि राज्यो की गैर-काग्रेसी सरकारें काग्रेस और इदिरा जी न गिराए। इन्हे पूरे पाच साल काम करने दिया जाये। वहा रामकृष्ण हेगडे भी थे, जो यही कह रहे थे कि गैर-काग्रेसी सरकारें न गिरायी जायें। यही रामकृष्ण हेगडे और बगल मे बैठे लाल कृष्ण आडवानी १९७७ म जनता पार्टी के सचिव थे, जब छ राज्यो की काग्रेसी सरकारें एक साथ गिरा दी गयी थी।

साधो राजनीति मे दुहरी नैतिकता लागू करते किसी को शर्म नही आती। अब एक-सी नैतिकता पर शर्म आती है। कर्नाटक मे कैसा मजा आ रहा है! अभी एक विधायक की पत्नी ने बयान दिया है कि मेरा अपहरण करके फिर मुझ पर दबाव डालकर मुझसे झूठी रिपोर्ट करायी गयी कि मेरे विधायक पति का अपहरण किया गया है। कल ये देवी बयान दे देंगी कि यह जो बयान मैंने दिया है, वह मुझसे धमकी देकर दिला दिया गया है। तीसरे दिन फिर बयान देंगी कि पिछला बयान मेरा अपहरण करके मुझसे दिलवाया गया था। यह लोकतन्त्र है कि नौटकी?

साधो, हम तो यह मानते हैं कि चुनी हुई कोई सरकार न गिरायी जाये। राज्य मे आपातस्थिति बन गयी हो तभी कोई सरकार गिरायी जाय। मगर नजारा बडे मजे का है। ये सारी पार्टिया और गुट रोज कहते हैं—इदिरा सरकार को हटाओ। ये इदिरा सरकार को हटाने के लिए गठबधन भी कर रहे हैं। मगर इदिरा गाधी से कहते है—हमारी राज्य सरकार को आप मत गिराना!

बहरहाल साधो, राष्ट्रीय एकता समिति की बैठक हो गयी तो राष्ट्र की एकता की चिंता तो अब रही नहीं। अब राष्ट्र को तोड़कर भी चुनाव जीतने की तैयारी करो।

२९ जनवरी, १९८४

# मूर्तिचोरी और जुलूस

साधो, मैं एक साधु के साथ बात कर रहा था। साधु कह रहा था—देखो, दाल नौ रुपये किलो हो गयी। महंगाई बढ़ती जा रही है। पहले लोग संतोष से कह देते थे—भैया, हमें बहुत नहीं चाहिए। हम तो रोटी दाल में जिंदगी चला लेंगे। मगर अब कोई यह भी नहीं कह सकता। रोटी-दाल कम-से-कम है जो आदमी चाहता है। मगर नौ-दस रुपये किलो दाल हो तो रोटी-दाल से भी नहीं काट सकता। लोग रोटी-प्याज के एक गट्टे के साथ खा लेते हैं। पर प्याज का भी भाव देखो। नमक रोटी से काटना पड़ेगा। मगर आगे चलकर रोटी भी मयस्सर नहीं हुई तो नमक से तो कटेगी नहीं।

साधो, तभी सुबह के अखबार में मंदसौर का समाचार पढ़ा और हम रोटी, दाल प्याज नमक सब भूल गये। समाचार यह है—'शहर में गायित्री की मूर्ति का सिर काटकर कोई ले गया था। शहर में तनाव। बाजार बंद। कोतवाली पर लोगों ने हमला कर दिया। छात्रों ने जुलूस निकाल दिया। लोग बेहद उत्तेजित हैं।

साधो जब भी हम जिंदगी की किसी गंभीर समस्या पर ध्यान देते हैं सोचते हैं, तभी ऐसा कुछ हो जाता है और हम उस घटना में उलझ जाते हैं। मुझे याद है एक दिन एक साधु से बात हो रही थी। वह कह रहा था—छात्रों, युवकों के बार-बार उपद्रव करने के ठोस कारण हैं। सबसे बड़ा कारण बेकारी है। नौकरी पक्की हो तो ये सब मन लगाकर पढ़ेंगे। फिर व्यवस्था के संपूर्ण भ्रष्ट जीवन मूल्यों से

इन्हीं भी मूल कारण हैं। एक कारण है—राजनीतिक दल आपस में वोटों का खूब बनाते हैं, उनकी रक्षा करते हैं और उनसे अपनी राजनीति करवाते हैं।

साथी हम बड़ी गंभीरता से इस समस्या पर विचार कर रहे थे, तभी मेरी अखबार पर नजर पड़ी। समाचार यह था कि महाराष्ट्र में कोल्हापुर में बाहुबली की मूर्ति पर किसी ने पत्थर फेंका। बाहुबली जैनों के अत्यन्त पूज्य प्राचीन पुरुष हैं—इन परमवीर ने भाई की खातिर राज्य पर अधिकार त्याग दिया था और संन्यास ले लिया था। मगर इस घटना के बाद श्वेताम्बर और दिगम्बर जैन पंथों में उस स्थान पर अधिकार के लिए विवाद मच गया। मारपीट नहीं हुई। जैन व्यापार-तंत्र व्यापारी हैं। हिंसा पर नहीं उतरते। जैन धर्म का आविर्भाव ही उस युग में हुआ था, जब व्यावसायिक पूंजीवाद का विकास हो रहा था। व्यवसाय की सफलता के लिए शांति, अहिंसा, त्याग, क्षमा आदि सहायक होते हैं। ये गुण व्यापारी में नहीं, ग्राहक में होना चाहिए—शांति, अहिंसा, त्याग, क्षमा वगैरह। जहां तक व्यापारी का सवाल है, खून न निकले और आदमी मर जाय, तो यह अहिंसा है। तो जैन मुनि ने अधिकार के लिए अनशन किया। कई शहरों में बाजार बंद रहे। फिर उसी जगह मराठों ने शिवाजी की प्रतिमा स्थापित करने की जिद की और दलितों ने डॉक्टर अंबेडकर की। चौमुखी झगड़ा। फिर खबर आयी कि यह पूरा स्थान सरकारी है और अतिक्रमण किया गया है। इसके बाद धर्म में महाराष्ट्र की राजनीति घुस गयी।

साधो, अवतारों, भगवानों, पैगंबरों, संतों ने मनुष्यों को विराट बनने की शिक्षा दी, पर वह उसी गुरु के नाम क्षुद्र हुआ। संतों ने मनुष्यों को सागर बनाना चाहा, मगर अनुयायी छोटे से गंदे डबरे हो गये। दिगंबर और श्वेताम्बर में मुक्ति के मार्ग को लेकर विवाद है। पर मुक्ति किसे चाहिए? मुनाफा चाहिए। मगर कमंडल विभाजित जायेंगे, और झगड़ा होगा। बौद्धों का तो इसी पतन और संघर्ष में खात्मा हो गया। साधो, ऐसा क्यों होता है? इसका कारण है, आर्थिक और राजनीतिक। जब तक अनेक के शोषण से एक सुखी होना चाहेगा

तब तक धर्म का यही होगा। आर्थिक और राजनीतिक सत्ता का सवाल है। तभी प्रेम, दया की शिक्षा देने वाले नानकदेव के मंदिर से घृणा और हिंसा फैलती है। कारण—एक उच्च वर्ग का दल जो बहुत अल्प मत में है और चुनाव जीतकर कभी सरकार नहीं बना सकता, वह आतंक, हिंसा, धमकी से कब्जा करना चाहता है। इसके लिए नारा धर्म और पंथ का दिया जाता है जिससे लोग उन्माद में आकर उनका साथ दें।

साधो होता ऐसा ही है। जब कभी देश की, हमारे जीवन की, इस देश की गरीबों की दशा पर हम गंभीरता से सोचते हैं और कुछ करना चाहते हैं तभी मूर्ति का सिर उड़ जाता है मंदिर में चोरी हो जाती है, मंदिर में गाय का मांस फेंक दिया जाता है, मस्जिद में सूअर को मारकर डाल दिया जाता है। यानि इस देश में ऐसी राजनीतिक आर्थिक ताकतें हैं जो हमें ऐसे गंभीर संकल्प में रोकना चाहती हैं, जिससे यथास्थिति टूटे, सामाजिक परिवर्तन की कोशिश हो। हम हाथी से निपटना चाहते हैं, तो ये हमारे कुरते में चूहा डाल देते हैं। बुनियादी समस्या से हम निपटने नहीं देते—हम गाय, चर्बी, सूअर, मूर्ति वगैरह में उलझाये रहते हैं। बड़े-बड़े बुद्धिमान इनमें उलझ जाते हैं।

साधो, मंदसौर की यह घटना सहज भी हो सकती है और जटिल भी। सहज यों कि देश भर में प्राचीन मूर्तियों की चोरी होती है। वे यूरोप और अमरिका में ले जाकर बेची जाती हैं। तस्करी, यह नियमित धंधा है। इसमें धर्म कहीं नहीं है। मूर्ति का सिर चोरी गया था, तो पुलिस में रिपोर्ट करना था। मगर साधो, बात को उलझाने वाले शायद सक्रिय हैं। बाजार बंद और जुलूस का क्या मकसद है? क्या लोग सोचते हैं कि इससे मूर्ति चोरों का दिल बदल जायेगा? जिस पुलिस को चोरों का पता लगाकर मूर्ति का सिर बरामद कराने के लिए कहना था, उस पर पत्थर क्यों बरसाये?

साधो, लगता है चुनाव की तैयारी में ऐसे मामले चोरी के न रहकर साम्प्रदायिक राजनीति के हो जायेंगे। मंदसौर क्षेत्र में साम्प्रदायिकता प्रबल है। अगर एक साम्प्रदायिक दल को लाभ दिखा, तो

यह यह प्रचार करें कि अमुक धर्म के लोगों ने मूर्ति खंडित कर दी, दंगा करवा सकते हैं। गुंडे और लुटेरे इसमें पूरा सहयोग देंगे। एक चोरी की घटना भयंकर साम्प्रदायिक और राजनीतिक रूप ले सकती है। हम इतने असहनशील और अविवेकी हो चुके हैं यह पंजाब की घटनाएं बताती हैं। तरुण छात्र, जिनसे हम क्रांति की उम्मीद करते हैं, मूर्ति के सिर की चोरी के लिए जुलूस निकालते हैं जिसमें धर्म और अंधविश्वास दिमाग में ऊपर होगा। नेताओं की राजनीति फेल होने पर अब शायद मूर्ति चोरी की राजनीति साम्प्रदायिक दंगे करायें।

१४ जनवरी, १९८४

## अकरम खा का जवाब क्यो नही ?

साधो अब जब जरनल अकरम खा के जहरीले लेखो की चर्चा खत्म हो गयी है, तब मैं उस बात को उठा रहा हू तो तुम पूछोगे कि आखिर एसा क्यो कर रहे हो ? मैं दो कारणो से बात उठा रहा हू। पहला तो यह जरनल जिया उल हक ने अब अमरिका से सिफ हथियार नही, सुरक्षा की गारटी माग ली है। दूसरा कारण यह कि मैं अब तक देख रहा था कि भारत मे जिन लोगो को उन लेखो पर तीव्र प्रतिक्रिया प्रकट करनी चाहिए, वे कर रहे है या नही। नही कर रहे है तो क्या नही कर रहे है ? तीसरा कारण यह है कि वे लेख आगामी चुनावो को प्रभावित करने के लिए लिखे गये है। म उनमे से नही हू जो पाकिस्तान से हमेशा दुश्मनी चाहते है। इस तरह दुश्मनी का सबसे ज्यादा समर्थक पूर्व जनसघ रहा है। म दोनो देशो के अच्छे सबध चाहता हू। म तो यहा तक कहता हू कि अगर भारत सरकार पाकिस्तान पर हमला करे तो हम साधुओ को इसका भी विरोध करना चाहिए। हमारा ही देश क्यो न हो—किसी पर हमला क्या करें ?

साधो, अकरम खा के लेखो मे विशेष ध्यान लायक यह है—एक तो उसने पिछले हजार सालो का इतिहास बताया है, जो यो है कि हमने हजार साल तक हिंदुओ पर हुकूमत की है, इन्हे दबाया है। इसलिए अग्रेजो का पूरा महाद्वीप हम सौप जाना था। दूसरी बात यह कही है कि भारत एक नही है और इसके बारह चौदह टुकडे हो जाना था।

इससे कोई टुकड़ा, जो एक राष्ट्र होता, महाशक्ति नहीं बन सकता था। तीसरी बात यह कही है कि इन्दिरा सरकार महाशक्ति बन रही है इंदिरा गांधी नपोलियन बनना चाहती है और इससे इस क्षेत्र में छोटे देशों को खतरा पैदा हो गया है। चौथी और सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह कही है कि भारत में ऐसी सरकार होनी चाहिए जो महाशक्ति न बनना चाहे और जिसकी नीतियां दूसरी हों। तब पड़ोसियों से संबंध अच्छे होंगे।

सांसद अकरम खां की बात पाकिस्तान सरकार की बात है। मुझे आशा थी कि जब अकरम खां ने पिछले हजार सालों के इतिहास की यह व्याख्या की है और हिंदुओं के खिलाफ ओछी बातें कही हैं तो हिंदू जाति और धर्म के रक्षक बनने वाले जवाब देंगे। मगर न विश्व हिंदू परिषद वाले बोले न बाला साहब देवरस बोले न अटलबिहारी वाजपेयी बोले। असेतु हिमालय अखंड भारत माता के ये सच्चे वीर सपूत क्यों नहीं बोले? इसलिए नहीं बोले कि जो इतिहास अकरम खां बता रहे हैं वही इतिहास हिंदू साम्प्रदायिक नेता बताते हैं। दोनों एक ही इतिहास मानते हैं। हिंदू साम्प्रदायिक नेता भी यही प्रचार करते आ रहे हैं कि इन मुसलमानों ने हमले किये, हिंदुओं पर राज किया हिंदुओं पर अत्याचार किये, हिंदू नारियों की बेइज्जती की, वगैरह। दोनों एक ही इतिहास मानते हैं और दोनों झूठ बोलते हैं गलत बताते हैं। दोनों को वास्तविक इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है। जो पाकिस्तान को हर बात पर रोज गाली देते थे वे अब चुप क्यों रहते हैं? हिंदू धर्म और जाति की एकता और रक्षा के शूरवीर जो कल गंगाजल बेच रहे थे और चर्चों का हल्ला कर रहे थे, जनरल अकरम खां को जवाब क्यों नहीं देते?

सांसद, वे जवाब इसलिए नहीं दे रहे हैं कि अकरम खां उनकी मदद कर रहे हैं। चुनावों में अकरम खां की बात बड़े काम की है। वास्तव में अकरम खां उस योजना में एक आदमी हैं जिसके अंतर्गत भारत के भीतरी मामलों में हस्तक्षेप करके अपनी पसंद की सरकार बनवायी जाय। इस योजना में वे भी शामिल हैं जो नहीं बोल रहे

को 'इडियन डाग्ज' कह दिया था, तो जवाब में हमारे माहम्मद करीम छागला ने कहा था—भुट्टो अपने बाप दादा को गाली दे रहा है। बाप दादो का कुत्ता कह रहा है।

साधो, अमेरिका और उसका गुट वतमान सरकार को पसद नही करते। कारण सब जानते है—यह सरकार गुट निरपक्ष सगठन को बढा रही है साम्राज्यवाद विरोधी है, रगभेद और नस्लवाद विरोधी है, अफ्रीका और लेटिन अमेरिका के देशो की स्वाधीनता की समथक है और सबसे बडा पाप यह कि इसने सोवियत रूस से बहुत अच्छे सबध बना रखे है। राष्ट्र सघ म अमेरिका का अभी पूण निशस्त्रीकरण के प्रस्ताव पर कुल पद्रह वोट मिले थे। शाति के इस प्रस्ताव के पक्ष म १२४ वोट पड थ। तो अपनी भू राजनीतिक व्यूह रचना म भारत की वतमान सरकार या एसी सरकार बडा अडगा है। दूसरी सरकार चाहिए और चुनाव को साल भर बचा है।

साधो, कैसी सरकार चाहिए फिर? कम्यूनिस्ट सरकार तो कतई नही चाहिए और एसी सरकार बनन की कोइ सभावना नही है। उन्ह चाहिए घोर दक्षिणपथी सरकार जो रूस विरोधी हो गुट निरपक्षता से जिसे मतलब न हो और जो अमेरिका समथक हो। जनरल अकरम तो ऐसी ही शरीफ, भोली सी प्यारी-सी सरकार भारत मे चाहते है, जो इस सरकार की तरह महाशक्ति न बनना चाहती हो। एसी सरकार स पाकिस्तान की दोस्ती हो जायेगी। अमेरिका भी एसी सरकार को गले लगाकर चूम लेगा।

साधो, एसी सरकार कौन बनाएगे? यही अटलबिहारी वाजपेयी, चरणसिंह, सुब्रह्मण्यम स्वामी, चद्रशखर? और अटलबिहारी और चरणसिंह कुछ भी कहते हो, चुनाव आते आते य समझौता कर लेगे। इनकी प्यारी-प्यारी, मासूम सरकार बननी चाहिए, इस बदमाश सरकार की जगह। देश के भीतर ये सब नेता रोज इदिरा सरकार पर हमला करते है। यहा तक कहते है कि पाकिस्तान से

खतर का भूठा हौआ खड़ा कर रहो है। इस पाकिस्तानी शासक पसन्द करत ह। रानाल्ड रीगन भी पसद करत हैं। उधर पाकिस्तान क शासक भी इदिरा सरकार पर हमला करत ह।

साधा इसका मतलब है कि इन दक्षिणपथी दला के चुनाव मनजर पाकिस्तान और अमेरिका म ह। व बहुत सक्रिय है। अकरम खा इनके चुनाव एजट है। अब तुम्ही बताओ अकरम खा की बात अटलबिहारी खा कसे काटें ! ये एक-दूसरे क दाम्त और एजट है।

१२ फरवरी, १९८४

# किस विधि नारि रचेऊ जग माहीं

साधो, जिस बात के लिए देश की चिंता होनी जरूरी है, उस बात को दिल्ली में होना चाहिए। बहुएं सारे देश में दहेज कम लाने के कारण जलायी जाती हैं और यह घरू धंधे का मामला मान लिया जाता है। मगर बहुएं दिल्ली में जलायी जायें और गरीब नहीं मध्यम या उच्च वर्ग की जलायी जायें, तो शोर होता है कि महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं।

बलात्कार निम्न वर्ग, विशेषकर हरिजन स्त्रियों के साथ देश भर में होते हैं। यह शर्म की बात है कि निम्नतम वर्ग में इसका विरोध तक नहीं होता। वे इसे अपना भाग्य मानकर बैठे हैं। यदि कोई स्त्री पुलिस थाने में रिपोर्ट करने जाये कि उस पर बलात्कार हुआ तो भारतीय पुलिस बड़ी मुस्तैदी से अपना कार्य करती है। पुलिस वाले खुद उस स्त्री पर प्रयोग करके पक्का कर लेते हैं कि जो हुआ, वह वैसा ही हुआ, जैसा हमने किया। किसी एकाध मामले का हल्ला होता है सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्त्ता दिलचस्पी लेते हैं, तब कार्यवाही होती है। मगर दिल्ली में जब बलात्कार होते हैं तब वह राष्ट्रीय समस्या होती है। जुलूस निकलते हैं संसद पर प्रदर्शन होते हैं संसद के भीतर सदस्य मामले को उठाते हैं।

साधो, पिछले दिनों स्त्रियों पर अत्याचार के विरोध में महिलाओं ने प्रदर्शन किये विशेषकर बलात्कार के विरोध में। सचमुच बलात्कार से जघन्य अपराध कोई और नहीं है। इसमें दूसरे पक्ष का प्रतिरोध

करने के लिए प्रकृति ने कुछ नहीं दिया। वह न केवल शरीर पर आघात है बल्कि मानस और भावना पर भी। यह स्त्री के पूरे व्यक्तित्व को तोड़ता है। बलात्कार को 'पाशविक' कहा जाता है पर यह पशु की तौहीन है। पशु बलात्कार नहीं करते मगर आदमी करता है। और साथी, इस अपराध का स्त्री के परिवारजन खुद छिपा लेते हैं, क्योंकि बदनामी का डर है। बलात्कारी इससे बेखटके हो जाते हैं। कोई मुकदमा चलता भी है, तो अपराध सिद्ध करना कठिन होता है। स्त्री को सिद्ध करना होता है कि उसने विरोध किया, विरोध के प्रमाण देने होते हैं यानी बलात्कारी को नाखून हो काटा हो तो उसके निशान। मगर बलात्कारी पिस्तौल या छुरा अड़ा दे तो स्त्री समर्पण कर देती है। कानून 'समर्पण' को रजामंदी मान लेता है और बलात्कारी निर्दोष छूट जाता है।

साथी बलात्कारी एक मनोवैज्ञानिक रूप से बीमार आदमी होता है। या ऐसा होता है जिसने संस्कारों से अपने यौन आवेग को नियंत्रित करना नहीं सीखा। बलात्कार तब ज्यादा होते हैं जब सजा का भय नहीं होता।

साथी, तुम कहोगे—गुरु आज तो तुम अपराध शास्त्र बघार रहे हो। देखो हम बहुत पाखंडी लोग हैं। हम अपने को प्राचीनतम और महान संस्कृति वाले कहते हैं आदर्शवादी समझते हैं, नैतिक मानते हैं मगर हमसे ज्यादा क्रूर और नीच जाति दुनिया में कोई नहीं। अफ्रीका के जंगली कबीलों में भी नारी पर उतने अत्याचार नहीं होते, जितने हम करते हैं और कहते हैं कि नारी पवित्र है पूज्या है माता है जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता रमते हैं।

साथी पिछले दिनों रायपुर के पास ५६ साल की एक बूढ़ी पति की चिता पर सती हो गयी या करा दी गयी। सती प्रथा के मूल में क्या विश्वास है? यह कि पुरुष के मरने पर स्त्री का जीवन खत्म हो गया। उसे मर जाना चाहिए। यानी स्त्री का अलग से कोई शरीर या मन नहीं है। आदमी के मरने पर उसके कुरते को या जूते को उसके साथ नहीं जलाते पर स्त्री को जला देते हैं। धन्य है यह महान

संस्कृति। दुनिया में सती प्रथा कहीं नहीं रही। इजिप्त में अलबत्ता राजा के मरने पर उसके साथ रानी और नौकर भी गाड़ दिये जाते थे। पर यह सिर्फ राजा के लिए होता था।

साथी, हमारे यहां विधवा को धतूरा या भांग पिलाकर नशे में करके जबरदस्ती चिता पर डाल देते रहे हैं। हजारों स्त्री, पुरुष बच्चे इस दृश्य को मजे में देखते हैं। सती मैया की जय बोली जाती है। स्त्रियां, खास कर बदचलन औरतें चिता में नारियल चढ़ाती हैं, राख कपाल पर लगाती हैं, क्योंकि—चली कुलबोरन गंगा नहाय के। फिर प्रचार होता है सती के जांघों से ज्वाला निकली सती के बैठते ही चिता में अपने आप आग लग गयी। हम जनरल जिया को थूकते हैं जो इस्लामी कानून के नाम से लोगों को खुलेआम कोड़े लगवाता है और लोग देखते हैं। मगर हम हिंदू धर्म के नाम पर अपनी बहन बेटी और बहू को लताड़ियों से जिंदा जलाकर उत्सव मनाते रहे हैं।

साथी, पिछले साल नादा जिले में १६ साल की लड़की को जिसकी हाल ही में सगाई थी, ऐसे ही जला डाला था। अखबारों ने, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बहुत पुकार की कि यह हत्या है, परिवार वालों पर मुकदमा चलाया जाये। पर कुछ नहीं हुआ। धर्म की जय का मामला है। सती कांड के बारे में कहा जाता है कि बेटे-बहुओं ने पीछे से पकड़कर उसे पति के साथ जला दिया।

साथी कानून है। जबरदस्ती या उकसाकर या प्रोत्साहित करके स्त्री को सती कराना जुर्म है। इसके लिए सजा का प्रावधान है। पर सजा दिलाये कौन? पुलिस जांच करे और जुर्म कायम करे तभी तो सजा होगी! अब पुलिस का हाल देखो। पुलिस वाले उधर सतीकांड वाले गांव में तहकीकात करने पहुंचे, तो पहले सती की चिता के पास जाकर माथा टेका और राख कपाल पर लगायी। उन्होंने सिपाहन, हवलदारन थानेदारिन और एस० पी० की साहबन को भी चिता में नारियल डालने भेजा होगा। जिससे ये पुलिस पत्निया पतिव्रता रहें। पराये मर्द की तरफ आंख न उठायें। ये हमारे पुलिस वाले क्या

रोकेंगे अपराध ? इंडियन पनल कोड तो सती मैया के साथ खाक हो गया।

१४ फरवरी १९८४

## रेलें क्यो टकराती हैं ?

साधो, रेल दुघटनाए काफी हो चुकी और हर एक मे मरने वालो की सख्या एक दो नही, चालीस पचास रही। दुघटनाओ मे जब लोग मरते हैं तब एक बनी-बनायी प्रक्रिया चलती है—राष्ट्रपति से लेकर मत्री तक का शोक सदेश, मरने और घायल होने के इनाम की घोषणा और जाच की मशीनरी। कभी ऐसा हुआ था कि रेल-दुघटना म छ बीस आदमी मरने पर तत्कालीन रेलमत्री लालबहादुर शास्त्री न इस्तीफा दे दिया। तब लोग जानते और कहते थे कि *पडित नेहरू शास्त्री जी को एक दो महीने मे मत्रिमडल मे ले लेगे।* ऐसा हुआ भी। ऐसा होगा, इसी विश्वास के कारण शास्त्री जी ने इस्तीफा दिया था। साधो, अब अब्दुल गनी खा चौधरी रेलमत्री हैं। वे इस्तीफा नही दे रहे हैं क्योकि उन्हे भरोसा नही है कि वे फिर मत्रिमडल म ले लिये जायेंगे। अब ऐसी प्रधानमत्री हैं जो कह दें—गुड रिलीव्हड। चलो, पिंड छूटा। ऐसे मे कोई मत्री ऊचा नतिक स्तर बताने का खतरा मोल नही लेगा।

साधो, गनी खा चौडे मुह वाले मत्री हैं। बहुत बोलते हैं और हर कुछ बोलते है। पहले घोषणा करते रहते थे कि ज्योति बसु की सरकार को बगाल की खाडी मे फेंक दूगा। मगर यह नही कर सके। उनकी अपनी रेलवे बोगियां पटरी से उतरने लगी। साधो, मद्रास मे पिछले साल जब घोर जल सकट था, तब गनी खा चौधरी पानी की टकियो की रेलगाडी लेकर खुद मद्रास पानी देने पहुचे थे।

मुख्यमंत्री रामचंद्रन ने कहा कि हम यह पानी नहीं लेंगे। यह अशुद्ध होगा। तब नाटक हुआ—गनी खां पानी की टंकियां लिए स्टेशन पर है और मद्रास वाटर वर्क्स ले नहीं रहा है। पानी खराब हो रहा है। उधर टेलीविजन वाला का दल इंतजार कर रहा है कि रेलमंत्री पानी सौंपे तो हम फिल्म करें। आखिर कोई रास्ता निकाला गया। वाटर वर्क्स के अधिकारी ने पानी स्वीकारा। तमिलनाडु का कोई मंत्री नहीं आया। मगर टेलीविजन पर यह मानवीय उदारता का दृश्य दिखाया गया। ऐसे संवेदनशील रेलमंत्री को चिंतित होने की जरूरत नहीं है। ये रेल दुर्घटनाएं जनता का ज्ञान बोध बढ़ाती हैं। जैसे ये सिखाती हैं कि बीमा हर बच्चे का भी होना चाहिए। बच्चा चाहे तीसरी कक्षा में ही क्यों न पढ़ता हो, उसे वसीयत लिखकर रेलगाड़ी में बैठना चाहिए कि मेरी किताबें और स्लेट मेरे मरने के बाद किसे मिले। इन दुर्घटनाओं से ईश्वर के प्रति विश्वास बढ़ता है। आध्यात्मिक भावना जागती है। मनुष्य देह के नाशवान और तुच्छ होने का बोध होता है। आदमी परमार्थी होता है। हमें समझ में आता है— हानि-लाभ जीवन-मरण, जस अपजस विधि हाथ।' सारी ज्ञान विज्ञान की सावधानी के बाद भी भगवान को जिसे उठाना होता है उसे रेलगाड़ी से उठा लेता है। जिन यात्रियों का बटा नहीं है उन्हें अपना श्राद्ध और पिंडदान खुद करके रेलगाड़ी में बैठना चाहिए।

मगर साधो जब कोई बात ज्यादा हो जाती है तो चर्चा का विषय बनती है। तब पत्रकार ऊंचे अधिकारियों से मिलते हैं और पूछते हैं। यह एक जरूरी कर्मकांड है। तो पत्रकारों ने गनी खां चौधरी को घेरा कि इतनी भयानक दुर्घटना क्यों हो रही है? ऐसे सवाल पहले भी होते रहे हैं। और सबसे अच्छा जवाब मुझे किसी समय रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सरदार नरेंद्र सिंह का लगा। उन्होंने कपाल ठोककर कहा—मेरी किस्मत ही खराब है। इस बात का कोई प्रश्न उठ ही नहीं सकता। जब चेयरमैन की किस्मत ही खराब है तो

किसी तरह की जाच की जरूरत ही नही है। किस्मत का मामला है और किस्मत तो भगवान लिखकर फिर—चेयरमैन या मन। पैदा करता है। अब इसमे गाड या ड्राइवर या स्टेशनमास्टर क्या करें ?

साधो, गनी खा चौधरी के लिए एक और जवाब पहले से तैयार था, पर वह उन्होने नही दिया। रीति यह थी कि वे तुरत दुनिया के दो चार देशो के आकडे दे देते। कहते—अमेरिका मे इतने किलोमीटर रेलवे लाइनें है और एक्सीडेंट औसतन साल म इतने होते हैं। फ्रास म ये आकडे ह ब्रिटेन मे ये हैं। भारत मे दुनिया मे सबसे बडा जाल रेलवे लाइनो का है पर दुघटनाए दूसर देशो की तुलना म एक तिहाई होती हैं। अब अगर इतनी भी न हो इस देश का भविष्य *कितना अधकारमय हो जायेगा ? मुझे याद है, जनता पार्टी सरकार* के जमाने म ससद म सदस्यो ने बहुत हल्ला मचाया कि दिल्ली मे बहुत हत्याए हो रही है। जवाब म प्रधानमत्री ने आकडे दे दिये—वाशिंगटन म रोज इतनी हत्याए होती है, लदन म इतनी, पेरिस म इतनी, बान म इतनी और दिल्ली म सिर्फ इतनी ! कितनी कम हत्याए होती हैं हमारी राजधानी म। हमे शर्म आना चाहिए कि हम इतने पिछडे हुए है। हमे हत्याओ की सख्या बढानी चाहिए। मगर हमार जन-प्रतिनिधि उलटे शिकायत करते हैं कि इतनी हत्याए भी क्यो होती हैं ? राष्ट्र गौरव का भी ध्यान नही है !

साधो, दो कारण दिये जाते ह—एक है मैकेनिकल फाल्ट और दूसरा है ह्यूमन फाल्ट। मशीन की गलती या कमचारी की गलती। मशीन की गलती पर कोई वश नही। कम्प्यूटर की गलती से परमाणु युद्ध हो सकता है तो यह तो मामूली, रल-दुघटना है। दूसरी कमचारी की गलती। दिल्ली के पास जो बडी दुघटना हुई, उसका कारण कमचारियो का गलती बतायी जाती है। स्टेशन पर एक रेलगाडी खडी थी। दूसरी रेलगाडी उसी लाइन पर आ गयी। दो सिगनल 'अप' थे, मगर ड्राइवर न गाडी नही रोकी। उधर लाइन भी ऐसी नहा जाडी गयी कि यह गाडी अपने आप, दूसरी लाइन पर चली जाती। नतीजा यह कि इस चलती गाडी न खडी

हुई गाडी को टक्कर मारी और वही पचास आदमी मर गये।

साधो, लोग आमतौर पर आरोप लगाते है कि ड्राइवर शराब पीकर गाडी चलाते है। मैं कहता हू—शराब के नशे मे तो भगवान भी दिख जाता है, फिर सिगनल और रेलगाडी क्या नही दिखती? नियम है कि ड्राइवर और गार्ड की रेलगाडी का चार्ज लेने के पहले जाच की जाती है कि वे शराब तो नही पिये हैं। पर दूसरे नियमो की तरह इसका भी पालन नही होता। फिर मान लो, यहा ड्राइवर नही पिये है मगर रास्ते मे किसी भी स्टेशन पर उसे शराब मिल सकती है।

साधो, कुल मामला हमारी ऊची नैतिकता का है—जो जहा है, वही काम नही करता और काला पैसा कमाता है। दुर्घटना मानवी गलती से नही, हमारी देशव्यापी मानवी नैतिकता से होती है।

२८ मार्च, १९८४

# फिर वही लाउड स्पीकर

साधो, यह बात शायद सौवीं बार लिख रहा हू और आगे हजार बार लिखना पडे। किसी बुराई को खत्म करने के लिए शताब्दी भर लिखना और कहना पडता है। बात वही हर साल इस मौसम की है, जब छात्र परीक्षा की तैयारी करते हैं। रोज अखबारो मे छात्रो की अपीलें पढता हू कि देर रात तक लाउड स्पीकरो का शोर बद किया जाये। ये छात्र बडी दीनता से नागरिको से अपील करते हैं कि हम आपके बेटा-बेटी है। हमें पढने दो। य प्रशासन से भी अपील करते है कि देर रात तक होने वाला यह शोर बद करवायें। इसके लिए शासन के पास कानून है। कानून हमारी रक्षा करे।

साधो, य जो अपील करते है पढने वाले छात्र है। वास्तविक छात्र य छात्र-नेता नही है। छात्र-नेता वह होता है जो पढता नही। पढने लगे तो छात्र-नेता नही रहगा। अधेड उम्र के भी छात्र-नेता है जो कभी पढे ही नही। शोर स इन्ह शिकायत होती ता य पाच दस जगह जाकर लाउड स्पीकर तोड आते और अपने रक्षक राजनेता की शरण म चले जाते जिससे पुलिस जुम कायम न करे। जो अपीले कर रहे हैं उन पचानवे फीसदी भले छात्रो के प्रतिनिधि है जिन्ह परीक्षा पास करके रोजी-रोटी की तलाश करना है। ये ताड-फोड कर नही सकते, इसलिए अपीलें करते हैं।

साधो, मगर वे 'चक्का जाम' और 'शहर बद' कराने वाले वीर छात्र नेता अपने साथी छात्रो की विपदा क्यो नही हरते ? ये तो घटो

सड़क बंद रखते हैं, ट्रकों को हिलने नहीं देते, बाजार बंद करवाते हैं, मारपीट करते हैं, आतंक पैदा करते हैं। ये क्रांतिकारी परमवीर चक्र और महावीर चक्र पाने के लायक हैं। शराब विक्रेता मुफ्त बोतल न दें और होटल वाला मुफ्त मुर्गा खिलाने में आना-कानी करे तो ये नेता 'छात्र वर्ग पर अत्याचार' के नारे के साथ महान, सशस्त्र क्रांति करने लगते हैं। ये लाउड स्पीकर की इस छोटी सी समस्या पर कुछ क्या नहीं करते?

साधो, बात यह है कि लाउड स्पीकर बंद करवाना कोई मुनाफे का काम नहीं है। इसमें क्या मिलेगा? चक्का जाम में ट्रक वालों से और बाजार बंद में दुकानदारों से अच्छी वसूली होती है। ये मुनाफे की क्रांतियां हैं।

साधो, जो जाति कोलाहल पसंद करती है, वह असंस्कृत जाति होती है। हम अपनी महान संस्कृति का गर्व तो करते हैं पर आचरण में वह संस्कृति गायब है। सुसंस्कृत आदमी का एक लक्षण यह है कि वह दूसरे की तकलीफ का ध्यान रखता है। वह अपने कारण दूसरे को कष्ट नहीं देता। जो यह भी खयाल नहीं रखते कि रात को हमारे लाउड स्पीकर से सारे मुहल्ले के लोग परेशान हैं, मरीज सो नहीं सकता, छात्र पढ़ नहीं सकते, वे लोग संस्कृतिविहीन पशु के स्तर पर जिंदगी जीते हैं।

साधो, पहले 'लोकमत' होता था। मुहल्ले के बूढ़े-सयाने कह देते थे—देखो, यह तुम गलत कर रहे हो। इससे लोगों को तकलीफ है। मगर अब वह लोकमत का अनुशासन भी नहीं बचा। अब कोई कहे कि भैया दस बजे के बाद लाउड स्पीकर बंद कर देना, तो उसे जवाब मिलेगा—यह हमारा निजी मामला है। आप दखल देने वाले कौन हैं? मुहल्ले के लोग हमारे मंगल कार्य में बाधा डालते हैं। साधो, इस फूहड़पन को रोकने की कोई ताकत समाज में नहीं बची। इसका एक कारण यह है कि दूसरे के मामले में जो नागरिक विवेक की बात करते हैं, वे अपने घर में कोई उत्सव होने पर खुद विवेकहीन

हो जाते ह और रात भर फूहड, अशिष्ट कोलाहल करवाते हैं। वैज्ञानिक पर्यावरण का अध्ययन कर रहे हैं। प्रदूषण पर अंतर्राष्ट्रीय मीटिंगें होती हैं जिसम वैज्ञानिको को कहना है कि वातावरण मे कोलाहल का प्रदूषण मनुष्य के शरीर और मन पर बहुत बुरा असर डालता है। पर हमारे लिए वैज्ञानिको का क्या महत्त्व ? हम तो विज्ञान विरोधी ह। विज्ञान और आधुनिकता के विरोध को हम अपनी सस्कृति और गौरवशाली परपरा माने बैठे हैं।

साधो ऐसा नही है कि निचले वग के लोग यह कोलाहल करते है। या दो नबरी पैसे वाले गवार ही ऐसा करते हैं। नही पढ़े-लिखे लोग डाक्टर, वकील, प्रोफेसर भी यह करते हैं। किस किस को रोओगे ! सात सात दिन तक चौबीसा घटे लाउड स्पीकर पर गायत्री मत्र का पाठ होता है। जो गायत्री यज्ञ कर रहे ह व इतनी आवाज करे कि वहा एकत्र लोगो को सुनायी पडे। उन्ह यह अधिकार नही है कि आस-पास दो-दो किलोमीटर मे बसे लोगो के कान सात दिन तक लगातार फाडे। मगर कोई इनसे कहे तो उस पर लोग टूट पडेग कि यह 'धम विरोधी है, पापी है।' सात दिन मे लोग पागल नही होते, जबकि उन्ह हो जाना चाहिए। मगर उनके शरीर और बुद्धि का बहुत क्षय होता है। इसी तरह शादी के लाउड स्पीकर को कोई कम करने को कहे तो उस पर लोग टूट पडेंगे कि इसे हमारा मगल काय अच्छा नही लगता। यह शुभ काम म बाधा डालता है।

साधो जहा तक प्रशासन का सवाल है कानून है इस रोकन के लिए। मगर यह 'कान्निजबल आफेंस' नही है, तो पुलिस वाले बिना रिपोट के कुछ नही कर सकते। फिर पुलिस वालो के और प्रशासनिक अधिकारियो के भी तो वही सस्कार हैं। कोई गारटी नही है कि अफसर के घर की शादी म सारी रात लाउड स्पीकर न बजे। दूसरी बात यह है कि शासन एक और नयी झझट मे पडना नही चाहता। धार्मिक कीतन म अगर शासन रोके तो यह धम म हस्तक्षेप मान लिया जायेगा। और पाखडी भक्त मुख्यमत्री तक पहुच जायेंगे। देख नहा

रहे हो, स्वर्ण मंदिर के सामने खड़ी पुलिस स्वर्ण मंदिर के भीतर से चलने वाली धर्म की राइफल की गोलियों से भर रही है।

साधो, दो-तीन रास्ते हैं। एक तो यह है कि समझदार लोग इसके विरुद्ध जनमत बनायें। दूसरा वह है कि अगर कुछ लोग गवाही देने की हिम्मत करें तो शासन चार-पांच लोगों को सजा कराके अखबारों में इसका प्रचार कर दे। सजा क्या, जुर्माना होगा। मगर अखबारों में जब छपेगा कि अमुक महाशय को देर तक लाउड स्पीकर बजाने के कारण अदालत से सजा हुई, तो दूसरे लोग सावधान होंगे और अति नहीं करेंगे। अभी यह हाल है कि जिला मजिस्ट्रेट का हुक्म तो हो जाता है कि इतने बजे के बाद लाउड स्पीकर न बजाये जायें। मगर इस पर अमल बिलकुल नहीं होता। तीसरा रास्ता यह है कि कुछ खतरा उठाकर छात्र-समूह में जाकर चार पांच जगह चोंगा और मशीन नष्ट कर आयें। तो लोग डरेंगे। वरना करो अपील, अनुनय विनय करो। मानसिकता पत्थर की हो गयी है। कोई नहीं सोचेगा और न मानेगा।

२६ फरवरी, १९८४

## तो फिर इन्द्र भी स्वाहा !

साधो, अमेरिका में एक मशहूर राजनीतिक अर्थशास्त्री है—प्रो० गेलब्रेथ। उनकी बहुत-सी किताबें हैं। अति सपन्न समाज में कौन सी विकृतियां आती हैं और जीवन मूल्यों का कैसे पतन होता है, इस पर भी उन्होंने लिखा है। काफी साफ बोलने वाले आदमी हैं। प्रो० गेलब्रेथ भारत में अमेरिकी राजदूत रह चुके हैं। उन्होंने अपनी ताजा किताब में लिखा है कि दिल्ली में मुझे सी० आई० ए० ने बहुत परेशानी में डाल दिया। मुझसे कहा गया कि इतना पैसा अमुक-अमुक पार्टियों के नेताओं को दे दो। यह मेरे लिए बड़ा कठिन काम था।

साधो प्रो० गेलब्रेथ के ऐसे ही लिखने और बोलने के कारण उन पर यह रोक लगा दी गयी है कि वे विदेशों में भाषण नहीं देंगे। हाल ही ऐसी रोक अमेरिका के अस्सी बुद्धिजीवियों पर लगी है। साधो, अमेरिका में साफ और बुद्धिमानी की बात करने वाले को कम्यूनिस्ट एजेंट कह दिया जाता है। महान लेखक नोबल पुरस्कार विजेता अर्नेस्ट हेमिंग्वे युद्ध की नीति के खिलाफ था। तो उसे अमेरिका विरोधी करार दे दिया और गुप्तचर विभाग के लोगों ने उसका ऐसा घेराव किया कि वह सनकी हो गया। उसे हर आदमी खुफिया एजेंट मालूम होता था और इस यातना से तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली। यह सब हेमिंग्वे की पत्नी ने लिखा है।

खैर साधो, हम तो इससे मतलब है कि एक बुद्धिजीवी राजदूत

न ही यह बात नहीं है कि सी० आई० ए० भारत की कुछ पार्टियों, गुटों और व्यक्तियों को पैसा देती है और वे लेते हैं। वे कौन हैं जो अमरिकी पैसा पाते हैं? इसकी पहचान बहुत आसान है। अमरिका अपने विरोधियों को तो पैसा देता नहीं होगा। अपने समर्थकों को ही देता होगा। ये समर्थक कौन हो सकते हैं? वामपंथी तो होंगे नहीं। दक्षिणपंथी होंगे! अब तुम उन दलों और नेताओं, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों, धर्मगुरुओं को पहचान ही लोगे, जिन्हें अमेरिकी पैसा मिलता है। सवाल है—क्या यह पैसा इन्हें भारत का भला करने के लिए मिलता है? सीधा जवाब है—नहीं! यह पैसा अमरिका का काम करने के लिए मिलता है। अमरिका इस देश में कौन से मंगल कार्य कराना चाहता है? अब सब जानते हैं कि अमेरिका को इस देश की विदेश-नीति, आत्मनिर्भरता की कोशिश स्वाभिमान और स्वाधीनता की रक्षा और रूस से मित्रता और राष्ट्रीय एकता पसंद नहीं। यानी जो भी अमेरिका से पैसा लेगा, उसे ऐसे काम करने पड़ेंगे जिनसे संकट पैदा हो और देश तथा सरकार कमजोर हो और राष्ट्र का विघटन हो तथा नीतियां बदलें।

अब साधो समझो कि पंजाब की समस्या क्यों नहीं सुलझ रही है! कोई समझौता क्यों नहीं होता? बात यह है कि उन्हें समझौता नहीं—आंदोलन चाहिए। समझौते में मामला शांत हो जायेगा। शांति नहीं चाहिए। समझौता और शांति होने से एक तो नेतागीरी चली जायेगी। दूसरे—अशांति और विघटन के लिए जो पैसा मिलता है वह बंद हो जायेगा। इसलिए जब अकाली नेता दिल्ली में समझौता करने बैठते हैं तभी भारतीय जनता पार्टी पंजाब बंद करा देती है और हरियाणा में अपने लोगों से गुरुद्वारों पर हमला करा देती है। बस, बातें खत्म।

साधो, और मजा देखो! जो दक्षिणपंथी दल बाहर अकालियों की मांगों का समर्थन करते हैं और सरकार पर समझौता नहीं करने का आरोप लगाते हैं वही दल त्रिपक्षीय वार्ता में अकालियों की मांगों का विरोध करने लगते हैं। पिछली वार्ता में ऐसा हो चुका है।

ऐसा क्या होता है ? यह दुहरा रोल किसलिए अदा किया जाता है ? इसलिए कि समझौता कहीं हो नहीं जाय। समझौता नहीं होने देने में बड़े फायदे हैं—विदेशी धन बराबर आता जाता है राजनीतिक लाभ है नेतागीरी कायम है, चूहे के बराबर आदमी शेर के बराबर नेता बने हैं, राज फोटो छपते हैं प्रधानमंत्री निमंत्रण देती है, इस तनाव के वातावरण में चुनाव हो तो कुछ सीटें ज्यादा मिल जायेंगी। प्रचार हिंदू सिख झगड़े का हो रहा है। मगर हिंदू और सिख कहीं नहीं लड़ रहे हैं। सिखों के रक्षक बनने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में गुप्त समझौता है कि—समझौता नहीं होने देना है। जब समझौते के आसार दिखें तो पानीपत में गुरुद्वारे पर हमला करवा दिया बी० जे० पी० ने भीड़ के नाम से। अब कभी अकाली नेता दिल्ली बात करने बैठेंगे, तब वे पंजाब में गड़बड़ का इंतजाम करके आयेंगे—ताकि बातचीत भंग कर दें।

साथी, ऐसा ही असम के मामले में होता रहा है। छात्र-नेता सरकार से समझौता करके बाहर निकलते हैं और बाहर विरोधी नेताओं की सलाह पर समझौता भंग कर देंगे। असम में भी आंदोलन का संचालन विदेशी पैसा और साम्प्रदायिक दल कर रहे हैं।

साथी, अकाली नेता कहते हैं कि आनंदपुर साहब प्रस्ताव मान लो। मैंने इधर सिखों से पूछा कि यह आनंदपुर साहब प्रस्ताव क्या है ? वे कहते हैं—हम नहीं मालूम। मान लो, आनंदपुर साहब प्रस्ताव सरकार पूरा मान भी ले तो भी समस्या हल नहीं होगी। इधर महासंत भिंडरावाला बैठे हैं। वे ऐसी बात कहते हैं—सिख हत्या नहीं करता वह बदला लेता है। सन प्रवर वह किससे बदला लेता है ? वह उस बलवान से बदला नहीं लेता जिसने सिख को मारा। वह दो चार बेकसूर निहत्थे भले आदमियों को मार डालता है। यह बहादुरी है। यही गुरुओं की शिक्षा है। तो भिंडरावाला कहते हैं कि अकाली दल नेताओं ने समझौता कर भी लिया तो उसे हम नहीं मानेंगे। प्रधानमंत्री अमृतसर आकर मुझसे बात करें। भिंडरावाला पागलों की फौज के सेनापति हैं। उन्होंने अपने को

अकाल पुरुष बना लिया है। जब तक उनकी चलेगी, समझौता नहीं होगा। समझौता हो गया तो इन्हें कोई नहीं पूछेगा। भजन करते-करते ये यहां तक बार होंगे!

साधो, तुम पूछोगे कि होगा क्या? ये धार्मिक लोग नहीं, राजनीतिक पार्टी के लोग हैं। ये अपराधी हैं। हत्याएं करवाते हैं। इसलिए इन पर सरकार को कठोर कार्यवाही करनी ही होगी—सीमा सुरक्षा दल की हो या फौज की। अपराधी तो पकड़े ही जायेंगे। अब तुम स्वर्ण मंदिर की पवित्रता की बात करोगे। तुम जनमेजय के नागयज्ञ को क्या जानते हो। ऋषिगण नागों का यज्ञवेदी में डाल रहे थे। मालूम हुआ कि नागराज तक्षक इंद्र के सिंहासन के नीचे छिपा है और इंद्र उसकी रक्षा कर रहे हैं। ऋषियों ने कहा—ऐसा है तो इंद्र भी स्वाहा! समझे?

४ मार्च, १९८४

## चुनावी बजट

साधो यह बजट मौसम है। बजट ऐसा होता है जैसे ज्योतिषी राशिफल खोल रहा है—इधर मगल है, मगर उस पर शनि की दृष्टि पड रही है। इसलिए मगल भला करने को कितना ही जोर मारे, शनि होने नही देगा। ऐसा ही यह प्रणव मुकर्जी का बजट है और ऐसे ही राज्यो के बजट खुल रहे हैं। कही मगल पर शनि की दृष्टि लगी है, कही गुरु पर शनि की दृष्टि लगी है। मगल एक है गुरु एक है, पर शनि कई है।

साधो, सरकार भी यह मानती है कि देश मे साठ हजार करोड काला धन है। तुम जानते हो, साठ हजार करोड कितना होता है! मैं तो सोचता हू तो आख फिर जाती हैं। इस शताब्दी के अत तक एक लाख करोड काला धन हो जायेगा। काला धन निकल नही रहा है, बढ रहा है। अब प्रणव मुकर्जी कीमतो को घटाने या स्थिर रखने का बजट बनायें, पर काला धन न कीमतें घटने देगा, न स्थिर रहने देगा। प्रणव मुकर्जी मुद्रास्फीति रोकने का प्रण करें, पर यह साठ हजार करोड मुद्रास्फीति बढायेगा ही। साधो हम अर्थशास्त्र समझते नही हैं। अनाडी हैं। मगर मैं कहता हू कि जब काला धन वालो का ही बालबाला है तो प्रणव मुकर्जी बजट क्या बनाते हैं? उन्हें यह अधिकार नही है। पाइप प्रणव भी पीते हैं, कबीरदास भी पीता है। पाइप भाई के नाते मेरी सलाह है कि बजट बनाने का काम काला धन वालो को दे दिया जाय। काला धन वालो म से किसी

को अर्थमंत्री बना दिया जाय। एक सलाहकार समिति बना दी जाय, जिसमें देश के महान काला धन मालिक और हाजी मस्तान जैसे लोग हों। ठग महागुरु नटवरलाल भी शामिल किये जायें। इनके सामने प्रणव मुकर्जी अपना सफेद हिसाब रख दें—इस मद में इतना आयेगा, इतना टैक्सों से वसूल होगा, इतनी रेवेन्यू इन मदों से होगी। इतना विदेशी कर्ज मिलेगा, जिसे आप पूरा का-पूरा काला धन बना लें। बस, अब बढ़िया बजट बना दें। हमारा बजट सफल नहीं होगा। आपका ही सफल होगा। साधो, जब काला धन के विशेषज्ञ बजट बना दें, तब प्रणव मुकर्जी उसे संसद में पेश कर दें कि हमने यह बजट उनसे बनवाया है, जिनका देश की अर्थ-व्यवस्था पर कब्जा है। यह जरूर सफल होगा।

खैर साधो जब प्रणव मुकर्जी ने बजट पेश कर ही दिया है तो उस पर बहस भी हो रही है। मगर बहस हर साल सरीखी गरमा-गरम नहीं हो रही है। पहले तो चिल्लाते थे—इस बजट से गरीब और मरेंगे। या इस बजट से उत्पादन को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा। इस बजट से इस वर्ग को तकलीफ होगी उस वर्ग को तकलीफ होगी। मगर इस बार विरोधी नेता एकदम ठंडे हैं। दहाड़ किसी की नहीं सुनायी पड़ी। लगभग सबने एक ही बात कही है—यह चुनाव बजट है। साधो मजे की बात यह है कि प्रणव मुकर्जी ने भी बजट पेश करने के पहले साफ कह दिया—बजट बनाते के दौरान मेरे दिमाग में कुछ महीने बाद घटने वाली वह घटना रही है जिसका सामना हम सबको करना है। वह घटना यानी आम चुनाव! प्रणव मुकर्जी का इशारा था कि आलोचना करने के पहले यह सोच लेना कि आगे चुनाव लड़ना है। अब बजट के प्रखर आलोचक पशोपेश में हैं। अगर इस मामले की आलोचना करो, पूंजी वाले नाराज होंगे और अपने वोट कटेंगे। अगर इधर कुछ कहो तो मध्यम वर्ग नाराज होगा और अपने को वोट नहीं देगा। अगर यहां कटौती करने की बात करो तो गरीब नाराज होंगे और ज्यादा वोट गरीबों के ही होंगे। इसलिए किसी मामले पर मत बोलो।

यही कहो—यह चुनाव बजट है, सबको खुश रखने की कोशिश वाला। यही बात सत्ता पक्ष भी कहता है—हां, यह चुनाव बजट है।

साधो, इन बजटों के प्रकाश में साधारण आदमी अपना बजट बनाये तो वह भी झूठा होगा। कारण कि बजट प्रकाश का नहीं, अंधकार का होगा। तीन महीने पहले बच्चों को स्कूल ले जाने वाला रिक्शावाला मध्यवर्गीय गृहणी से कहता था—बाई, पैसे बढाओ। दाल सात रुपये किलो हो गयी। अब वह कहता है—बाई, थोडा पैसा और बढाओ। दाल अब नौ रुपये किलो हो गयी। गरीब का बजट भी फेल और मध्यवर्गीय का भी फेल। उससे कहो—देखो, फसल इस साल बहुत अच्छी आयी है। महीने भर बाद अनाज सस्ता हो जायेगा। वह जवाब देता है कि—बाई, आज तक कभी ऐसा हुआ है कि फसल अच्छी आयी हो और अनाज के दाम घटे हों! फसल खराब हो तब भी दाम बढते हैं और फसल अच्छी हो तब भी दाम बढते हैं। अनाज तो गोदामों में भर जायेगा और बरसात शुरू होते ही वे रुला-रुलाकर महंगी दाल बेचेंगे। सब ईश्वर की लीला है। त्रेता और द्वापर में तो भगवान कुछ साल लीला करके अंतर्धान हो गये, पर कलि युग में भगवान रोज ही शताब्दी भर लीला कर रहे हैं।

साधो यह भगवान की लीला नहीं तो क्या है? वाजिब मूल्य की सरकारी दुकान पर आज सरकारी गोदामों से अच्छा अनाज आता है और रात को वैसा ही चमत्कार होता है, जैसा कृष्ण ने उफनती यमुना को पार करके किया था। उचित मूल्य की दुकानों में सडा अनाज आ जाता है और अच्छा अनाज खुले बाजार में पहुंच जाता है।

साधो हम मामूली लोग हैं। हम अर्थशास्त्र के जादू भरे मंत्र जैसे शब्दों और मुहावरों को नहीं समझते। हम न समझते हैं इनफ्लेशन, न डफिसिट फिनेंसिंग, न अंडर डेवलेपमेंट, न बैकवर्ड इकानमी, न ओवर इनवेस्टिंग न अंडर इनवेस्टिंग न प्राडक्टिव, न अनप्राडक्टिव, न नेशनल ग्रोथ रेट, न परकेपिटा इनकम। हम यह भी नहीं समझते कि शेयर बाजार में स्वराजपाल के आदमी ने इतनी हलचल पैदा कैसे कर दी

और कपनियो के मालिक उससे क्या घबडाते हैं।

साधो, हम तो आटा, दाल, चावल, प्याज का दाम समझते हैं। हम सार्वजनिक वितरण प्रणाली को जरूर समझते है। यह नाकाफी है, और भ्रष्ट है। हम प्रणव मुकर्जी को साल भर पाइप की बढिया तमाखू भेंट कर सकते हैं अगर वितरण प्रणाली का बहुत विस्तार हो और भ्रष्टाचार न हो। विस्तार शायद कुछ और हो जाय, मगर भ्रष्टाचार तो भगवान का प्रिय मनोरजन है।

२० मार्च, १९८४

## दहेज देवता हवालात मे

अगर लडकी और उसके बाप मजबूत हुए, तो इस वक्त वर और उसका बाप जमानत पर होगे और दहेज विरोधी कानून के अन्तर्गत मुकदमा बन रहा होगा। इस बीच पुलिस पैसा खाकर मामला रफा-दफा करने की कोशिश कर चुकी होगी। चार दिन पहले की बात है। यहा करीब सौ किलोमीटर दूर एक कस्बे मे द्वारचार के बाद ही वर के बाप चाचा ने रकम की माग कर दी। रकम वधू के पिता की हैसियत के बाहर थी। इसलिए उस बेचारे ने हाथ जोडने, पाव पडने का काम शुरू कर दिया। यह भी वादा किया कि धीरे धीरे करके रकम चुका देंगे। इसमे यह अर्थ तो रहता ही है कि अमानत मे हमारी लडकी आपकी कैद मे है ही। पैसा नही दें, तो आप उस पर तेल डालकर उसे जला सकते हैं।

साधो यह आम बात है। जो खास इस मामले मे है, वह यह कि दबी हुई लडकी ने मिथ्या लाज त्यागी और वह रुद्र होकर निकल पडी। उसने कह दिया—मैं इस आदमी से शादी करूगी ही नही। इससे लाचार बाप की झुकी रीढ की हड्डी भी सीधी हो गयी। वह थाने गया और रिपोर्ट कर दी कि बराती पैसा माग रहे हैं। पुलिस फौरन आयी और बरातियो को पकडकर हवालात मे डाल दिया। उनके खाने के लिए जो मीठे नमकीन पकवान बने थे, वे दूसरो को खिलाये गये होगे। बराती रात भर थाने मे फर्श पर भूखे पडे रहे होंगे। दूसरे दिन अदालत मे पेश किये गये होगे। बाकी तो छोड

दिये गये होंगे। वर, पिता, चाचा मामा पर रंग कायम हो गया होगा।

साधो, ऐसा समाचार छपता है तो आम आदमी की रगों का पानी खून बनकर गर्म होकर दौड़ने लगता है। मुझसे जो भी मिले, कहने लगे—बड़ी बहादुर लड़की है। बाप ने भी बड़ी हिम्मत दिखायी। साले आदमखोरों की मरम्मत अच्छी पिटाई भी करनी थी। ऐसी ही एक घटना साल भर पहले यहीं एक शहर में घट गयी थी। लड़की एम० ए०, बी० एड० और हाई स्कूल में अध्यापिका। सुंदरी युवती। पति परमेश्वर एक मिल में सुपरवाइजर। बारात के स्वागत के लिए काफी बढ़िया इंतजाम किया था। इज्जतदार लोग बारात की अगवानी के लिए तैयार थे। इधर वर के बाप ने खबर भेज दी कि पचीस हजार और लगेंगे—यानी हफ्ते भर में ही बैल के बाजार में रेट चढ़ गया था। जवाब में देरी देखकर वर के बाप और चाचा जा धमके और रुपये मांगे। लड़की के बाप ने कहा—एक तो इतना तय नहीं हुआ था। जो तय हुआ है वह मैं देता जा रहा हूं। पचीस हजार टीके में दे ही आये थे। बाकी अब देंगे। मगर ऊपर से पचीस हजार का इंतजाम इसी वक्त मैं नहीं कर सकता। वर के पिता लौटे तो वर पर वीर रस सवार हो गया। वर ने दो-तीन दोस्तों के साथ शराब पी और नशे में कार में बैठकर वधू के दरवाजे पर पहुंचे उसके पिता को गालियां दीं और रुपये फौरन मांगे। अब परिवार सलाह करने बैठा। लड़की ने कहा—मैं तो अब उस जानवर से शादी नहीं करूंगी। परिवार के लोगों ने भी तय किया कि ऐसे घर में लड़की नहीं देंगे। जनवासे में खबर भेज दी गयी कि लड़की की शादी नहीं करेंगे। आप लोग फौरन जनवासा खाली कीजिए। हम किराया लग रहा है।

साधो, अब माहौल बदला। वर के पिता ने वधू के पिता के हाथ जोड़े पांव पड़े कि शादी कर दीजिए। हमें और पचीस हजार नहीं चाहिए। लड़की के पिता ने कहा—मेरी बेटी ने शादी में इनकार कर दिया है। अब वर की दारू उतर गयी। उन्होंने लड़की के चरणों पर

अपना मस्तक रख दिया, उनके बाप ने हाथ जोड़कर कहा—हमारी इज्जत बचा जा। हम शहर म परमा प्रीति भाज के काड बाट आये ह। लडकी न कहा—आप लागा ने हमारी इज्जत का जो किया है, वही हाल आपकी इज्जत का होने दा। टीके म जो पचीस हजार लिये थे, वे वापस करा और लौट जाओ।

साधो, आखिर वर के बाप ने कहा—ठीक है हम लौट जाते हैं। मगर वे चढावे के जेवर तो वापस कर दीजिए। कन्या के बाप न कहा—वे जेवर तब वापस हागे, जब हमारे वे पचीस हजार वापस हो जायेंगे।

साधो वर वाला का सकट यह था कि वे जेवर दूसरा से मागकर लाये थे। दूसर दिन वे पचीस हजार देकर जेवर वापस ले गये।

साधो नारी जागरण के कारण पिछले तीन चार साला के आदोलनो के कारण सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नारी पीडन पर तत्पर कठोर कार्यवाही के कारण, नारी म अधिकार व सम्मान की चेतना पैदा हुई है। एसी साहसी लडकिया के साहस का समाचार छपता है तो लाग खुश हात हैं। मगर दहेज के लाभ म बठे लोलुप परेशान हाते ह कि देखो अब लडकिया भी इतनी ढीठ और मुंहफट हो गयी हैं।

साधो, मगर सवाल सिर्फ जय जयकार का नही है। ज्यादा ठोस है—इन लडकिया स वीरागनाए बनायी जा रही ह शादी कौन करेंग। लडका की मा सोचेंगी—ऐसी लडकी कट्टात म नही रहेगी। घर म निभेगी कसे? असल म सास एसी बहू चाहती है, जिसे वह रोज दमचे और चू नही करे। बिल्ली पिटने पर घर मे चू कर सकती है पर वह नही। अब रही बात यह कि आदशवादी साहसी युवक आग आयेंग कि हम बिना लेन-देन के शादी करेंग। मगर कबीर देख चुका है कि बाहर वीर आदशवादी क्रातिकारी बनन वाले अकसर विवाह मडप मे मेमने बन जाते ह या भेडिये। मगर हालत पूरी तरह निराशा की नही है। हमार यहा काफी मजबूत युवक भी है। कई युवका ने बही उस लडकी स शादी कर ली है। ऐसे युवका की

समस्या बढ़ेगी। मगर उन युवकों से आशा बेकार है, जो बिना रीढ़ की हड्डी के केंचुए हैं। ज्यादा समस्या इन केंचुओं की ही है।

साथी, दरअसल काले धन के साथ बढ़ रहा है। यह पूरी भ्रष्ट अर्थ व्यवस्था और अमानवीय जीवन मूल्यों से संबंधित है। यह इस पूरी अन्यायी व्यवस्था के साथ ही खत्म होगा। पर फिर भी व्यक्तिगत एक लड़ाई और उसके लिए यह साहस दिखाए तो हजारों की हिम्मत बढ़ती है।

२७ मार्च, १९८४

## जार्ज, बीजू जिया के दरबार मे

साधो, दुनिया के इतिहास मे कभी कही भी ऐसा नही हुआ। आदिम युग स लेकर अभी १९८४ तक ऐसा कभी नही हुआ। मगर भारत मे वह होता है जो कभी नही होता। यह देश अपनी महानता और विशिष्टता की रक्षा बराबर करता जा रहा है।

साधो कभी ऐसा होते सुना है कि कोई देश पडोसी देश पर हमले की तैयारी कर रहा हो? हथियारो का भडार कर रहा हो। दूसरे महादेश स हथियार ले रहा हो? उसका तीन बार हमले का रिकाड हो। जिससे ३५ साला स सबध खराब चल रहे हो। इधर पडोसी देश की सरकार कह रही हो कि हम उस देश स हमले का खतरा है। वह लडाई की तैयारी कर रहा है। हमारे पास गुप्त जानकारी है। हमे अपनी रक्षा की तैयारी करनी चाहिए। हमे सावधान रहना चाहिए। लोग भी यही कहते हो। अधिकाश राजनेता भी यही कहते हो। तब दो राजनेता उस राजा के पास जाकर कहें—हुजूर हमे यह बता दीजिए कि आप हमस लडाई करेंगे कि नही। हमारे देश मे सरकार और कई जानकार लोग कहते है कि आप लडाई करेंगे। मगर हमे उनका भरोसा नही है। हम आप पर भरोसा करते है। आपका रिकाड सचाई का है। आप जो कहेंगे, हम मान लेंगे और अपने देशवासियो स कह देंगे। हुजूर, दस्तबस्ता अज है कि हमे सच बता दीजिए कि आप हम पर हमला करेंगे या नही।

साधो, वह राजा क्या कहेगा? अगर उस हमला करना है तो

क्या वह कहेगा कि हां, हम हमला करेंगे ? वह तो यही कहेगा कि हम कतई हमला नहीं करेंगे। हम तो शांति प्रेमी हैं। तो ये दस्त बस्ता शिकायतगार कहेंगे—जहांपनाह, आपने कह दिया तो हम भरोसा हो गया। हमारी सरकार नेता और जनता सब झूठ बोलते हैं। अब हम लौटकर अपने देशवासियों से कहेंगे कि सरकार झूठ बोलती है, ये पार्टियां झूठ बोलती हैं, बुद्धिमान जानकार लोग झूठ बोलते हैं। हुजूर तो हमसे बहुत मुहब्बत करते हैं। उन्होंने हम गले लगा लिया और उनकी आंखों में मुहब्बत के आंसू आ गये। वे कभी हमले की नहीं सोचते।

साधो, तुम कहोगे कि गप्प मार रहे हो। यह कहां किस लोक की कथा है ? कहीं कोई ऐसा करता भी है ! ये लोग किस शताब्दी में हुए थे। कहां हुए थे ? ये पागल थे कि मूर्ख थे ? जिसके होशो-हवास दुरुस्त हों, वह तो ऐसा नहीं करेगा।

साधो, ये इसी धरती के महान रापूत हैं। हमारे ही राष्ट्र के गौरव हैं। इनमें एक का नाम है जार्ज फर्नांडिस और दूसरे का बीजू पटनायक। दोनों जनता पार्टी के बड़े नेता हैं। ये दोनों जनरल जिया उल हक के दरबार में हाजिर होकर अभी लौटे हैं और बयान दे रहे हैं कि तानाशाह जिया शांति प्रेमी हैं। वे भारत से दोस्ती चाहते हैं। उन्होंने हमसे कहा कि आप बेफिक्र रहें, मैं लड़ाई नहीं करूंगा। तुम चाहो तो हमारे फौजी ठिकानों को देख लो। यह भारत सरकार झूठा हल्ला कर रही है कि पाकिस्तान की तरफ से हमले का खतरा है।

साधो तुम पूछोगे कि ये दोनों लोग होते कौन हैं ? ये किस खेत की मूली हैं ? अगर जनरल जिया ने इनसे बात की तो इनकी हैसियत क्या है ? ये किसके प्रतिनिधि हैं ? ये भारत के प्रतिनिधि कैसे बन गये ? अगर जिया को हमला करना है तो क्या वह बताकर करेगा ? पहले से सूचना देकर करेगा ? युद्ध कोई मेहमाननवाजी है क्या ? सच बताओ गुरु, ये दोनों बेवकूफ हैं कि पागल हैं ?

साधो, ये दोनों अकेले नहीं हैं। ये जनता पार्टी की तरफ से भेजे गये थे। इसमें सहमति भारतीय जनता पार्टी की भी थी। ऐसा है कि जब

पूरा चाद चमकता है, तब साधारण सनकी का पागलपन बढ जाता है। ल्यूना' चद्रमा को कहते है लेटिन मे। पागल को इसीलिए 'ल्यूनेटिक' या 'मून स्ट्रिकन' कहते है। इस समय आम चुनाव का चाद पूरा आसमान मे है। कभी भी चुनाव हो जायेंगे—ऐसा लोग सोचते है। तो जो दक्षिणपथी पार्टिया के नेता चुनाव जीतकर सरकार बनाना चाहते है, उनके दिमाग पर चुनाव के पूरे चाद का असर पड गया है। ये सोचते हैं कि हमले के खतर की इस हवा मे इदिरा काग्रेस चुनाव जीत जायगी। इसलिए जिया स मिलकर आओ और प्रचार करो कि इ दिरा गाधी झूठ बोलती है। भ्रम पैदा कर रही ह। युद्ध का कोई खतरा नही है। लोगो, तुम हम वोट देकर हमारी सरकार बनवाओ।

साधो, तुम कहोगे—गुरु, क्या इन्हें यह दिखता नही है कि हमारे चारो तरफ फौजें तैनात ह। अमेरिकी फौजो ने हमारे दश को घेर रखा है। पाकिस्तान अमेरिका को फौजी अड्डे की सुविधा दे चुका। बगला दश भी दे दगा। श्रीलका म अमेरिका है ही। सारे हिंद महासागर मे अमेरिकी फौजें और राकेट तथा मिसाइले ह। अमेरिका भारत की नीतियो स नाराज है, यह सबको मालूम है। क्या ये नेता इतने भोले ह कि नही जानत ? साधो, ये भोले नही है। य चालाक हैं। ये सब जानते ह। अब तुम पूछोगे—गुरु, अगर ये सब जानते ह, ता दश की जनता को भ्रम म रखकर अपने ही दश पर हमला क्यो आमत्रित करत ह। क्या ये देशभक्त ह ?

साधो, इनकी देशभक्ति पर शक नही करना चाहिए। बात यह है कि म अमेरिका की विश्व राजनीति से जुडे है। ये जो भी काम कर रहे हैं वही कर रहे है, जो अमेरिका शासन चाहता है। अमेरिका को जनता पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, लोकदल वगैरह की सरकार हर कीमत पर अगले चुनाव के बाद चाहिए। इस सरकार की स्वाधीन नीति, रूस से दोस्ती, साम्राज्यवाद विरोध अब अमेरिका को बरदाश्त नहीं है।

साधो इस तरह समझ लो कि जिया उल हक और याकूब खा जो करते और कहते है, वोजू, जाज, अटलबिहारी, डॉ० स्वामी

जो करते और कहते हैं उनकी योजना वाशिंगटन में बनती है।

साधो, मेरी सलाह है कि बीजू पटनायक, जाज बगरह सीधे राष्ट्रपति रीगन के दरबार में हाजिरी दें। डॉ० स्वामी को जरूर साथ ले जायें। अटलबिहारी को जाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि कई साल से अमेरिकी शासक और उनकी पार्टी के आध्यात्मिक संबंध चल रहे हैं।

१ अप्रैल, १९८४

## सयुक्त विरोध का अध्यात्म

साधो, या सब ठीक चल रहा था। मगर आदमी की जगह जो यह कम्प्यूटर खडा कर दिया है इदिरा काग्रेस ने, इसने गडबड पैदा कर दी। अभी दिल्ली म नेताओ की सबाओ की जानकारिया कम्प्यूटर के दिमाग म डाली गयी और उस मशीन ने तपोदूत, नि स्वाथ सवक, निष्ठावान पार्टीमैन, प्रभावशाली नेता और सच्चे कायकर्ता तय करके बताये। जिन्होने अपने का सौ नबर द लिए थे, उन्ह कम्प्यूटर ने दा नबर दिय। तपस्वी को कम्प्यूटर ने भोगी बता दिया। जिन्ह नब्ब फीसदी वोट मिलने थ, उन्ह कम्प्यूटर ने दस बताय। इस मशीन न सगठन की सारी पवित्र नैतिकताओ का नष्ट कर दिया, परपराओ को तोड डाला, बलिदानिया का नगा कर दिया। अगर कम्प्यूटर के साथ 'लाई डिटेक्टर (झूठ का पता लगाने वाला यत्र) भी लगा दिया, तो काग्रेस की ३५ सालो की पवित्र परपराए नष्ट हो जायेंगी। हमारी राष्ट्रीयता पर इस पश्चिमी टेक्नीक के हमले का विरोध हर काग्रेस के सच्चे सिपाही को करना चाहिए। यह तकनीक अगर मानी गयी तो जिन्होंने वर्षों पहले टिकिट रिजव करा लिया है उनका टिकिट कट जायेगा। उन्ह डब्बे के छत पर या पहिया के नीचे राजनीतिक यात्रा करनी पडेगी।

साधो, चिता की बात यह है कि इधर दूसरी तरफ अगर कुछ उत्साही लोगो ने कम्प्यूटर की माग कर दी तो क्या होगा? इधर सब कुछ ऐसा हो रहा है, जिसे कोई विज्ञान न पकड सके—न राजनीतिक

विज्ञान, न अर्थ विज्ञान न समाज विज्ञान न भूगोल विज्ञान, न कूटनीति विज्ञान। ग्रह-विज्ञान स्वार्थ विज्ञान जाति विज्ञान, धर्माध विज्ञान छल विज्ञान, गुट विज्ञान, सिद्धांतहीनता विज्ञान तालमेल विज्ञान से विरोधी दल, गुट और नेता काम कर रहे हैं। इन विज्ञानों के सामने मानव जाति के अब तक के उपलब्ध सब विज्ञान तुच्छ हैं। यहां अगर कम्प्यूटर आ गया तो विरोधी राजनीति का खटारा ट्रक पलट जायगा। एक्सीडेंट हो जायगा। घटनास्थल पर कई मर जायेंगे, कई अस्पताल में होंगे। साधो हमारी सलाह इन साधुओं को है कि विरोध पक्ष में कम्प्यूटर कतई नहीं आना चाहिए। अटलबिहारी को भारतीय संस्कृति पर यह हमला नहीं होने देना चाहिए। अगर कम्प्यूटर ने फैसला दिया तो गांधीवाद और समाजवाद साफ हो जायेंगे। गोडसे और संघ की शाखा भारतीय जनता पार्टी के मूल्यांकन में निकलेगी। चरणसिंह जो साबुन नहीं लगाते, कम्प्यूटर का कैसे बरदाश्त करेंगे? वे अभी अपने को सर्वश्रेष्ठ राजनीतिज्ञ मानते हैं। कम्प्यूटर उन्हें राजनीतिक ज्ञान से शून्य बता देगा। चरणसिंह, मोरारजी जगजीवनराम लोकांतर सिद्धि प्राप्त हैं। ये किसी विज्ञान के बस में नहीं आये हैं।

साधो आओ अब जरा हम इन सबकी सहायता करें जिससे आगामी चुनाव में इनकी आदर्श प्रजापालक सरकार बन जाये। थूक देना और फिर उसे नहीं चाट सकना—यह एक नैतिक कठिनाई होती है। मगर खुशी की बात है कि इनमें किसी के साथ यह संकट नहीं है। अपने थूके को धूल में से ये रसगुल्ले की तरह फिर मुंह में डाल लेते हैं। चरणसिंह का तो इसका पुराना अभ्यास है। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मामले में अभी ऐसा कर चुके हैं। जरूरत पड़ी तो दुबारा थूक सकते हैं। इसी तरह चंद्रशेखर पहले कई बार कह चुके हैं कि जब तक भारतीय जनता पार्टी अपने को आर एस एस से नहीं छुड़ाती हम समझौता नहीं करेंगे। मगर बार-बार एक वाक्य और कहते हैं—राजनीति में अछूतप्रथा नहीं चलती। यानी वे भारतीय जनता पार्टी का अछूतोद्धार करने को तैयार हो सकते हैं अगर वह

थोडा सा मेकअप कर ले।

साधो, अब तुम कहोगे कि चद्रशेखर ने दोनो साम्यवादी पार्टियो का साथ ले रखा है और इसमे भी बडी शर्त भारतीय जनता पार्टी को न छूने की है। मगर ब्राह्मण जब कसाई को गाय बेचता है, तब गाय की रस्सी उसके हाथ म नही देता। वह रस्सी जमीन पर रख देता है और कसाई भी कीमत जमीन पर रख दता है। इमस ब्राह्मण को गौहत्या का पाप नही लगता। मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के बदलते बयान हम पढ़ते रहते ह। मार्क्सवादियो को भी इदिरा विरोध क मामले म अछूत प्रथा पसद नही है। तो ये ब्राह्मण कसाई को गाय देत वक्त दूसरी तरफ दख सकते है। कह सकते है—हम कहा कर रहे है। वह तो पाच पार्टी का मुखिया चद्रशेखर कर रहा है। अब रही कम्यूनिस्ट पार्टी आफ इडिया। ता अभी ता राजेश्वर राव उधर भी कडे ह, इधर भी कडे है। वे समझौता न करें। पर 'एडजस्टमट' नाम का भी एक शब्द है—यह वे न करें, चद्रशेखर करे। उधर बाला साहब देवरस ने कह दिया है—भारतीय जनता पार्टी स सघ को कोई मतलब नही है। हमारा तो सास्कृतिक सगठन है। ता साधुओ की सलाह यह है कि प्यारो, तालमल जमा लो। सिद्धात ता हाली म जल चुक और उनकी राख भी उड गयी।

साधो, मगर कठिनाइया और भी ह। एक कठिनाई चरणसिह ह। उन्ह राष्ट्रीय लोकतात्रिक मोर्चे म अडचन होन लगी है। उनक वफादार साथिया जस—सत्यपाल मलिक का अटलबिहारी ने तरकीब स उनस काट दिया। समाजवादी कटकर पहले ही जनता पार्टी म चले गये थे। चरणसिह जहा होग सबस महत्त्वपूर्ण सर्वोच्च हाग। चर्चिल गरीबे है वे आत्म-महानता के बार म। चर्चिल के बार म कहा जाता था—अगर व बरात म हाग, तो दूल्हा हागे। अगर शवयात्रा म हागे तो मुर्दा हागे। चरणसिह जनता पार्टी की तरफ मुह करत है, मगर वहा चद्रशेखर अध्यक्ष हो गये है। उधर जनता पार्टी के समाजवादी अडचन म है और फिर चौधरी स आखें मिला रहे है।

साधो, बहुगुणा ने भी पाप धो लिए। चरणसिंह जब गृहमंत्री थे, तब बहुगुणा को रूसी एजेंट कहा था। हाल में बहुगुणा ने रूस सरकार की आलोचना करके गुलाबी दाग भी धो डाला और वे शुद्ध राष्ट्रीय होकर किसी भी बड़े संयुक्त मोर्चे के नेता बन सकते हैं बशर्ते चंद्रशेखर और वाजपेयी उन्हें बनने दें। ऐसे में अपने बाबू जी जगजीवनराम दीन भाव से सड़क पर बैठे कपड़ा बिछाये हैं।

अब साधो रहे दक्षिण के फिल्मी नेता। ये आपस में झगड़ने लगे हैं। यह शुभ लक्षण है। भगवान आपस में लड़ें तो भक्तों का भला होता है।

साधो, बेफिक्र रहो। १९७७ सरीखा पवित्र गठबंधन हो जायेगा क्योंकि देश को बचाना ही है। नाम कई हैं। कोई भी नाम दे देंगे, इस विजयवाहिनी को। सरकार बन गयी तो साल डेढ़ साल चल जायगी। प्रधानमंत्री हर हफ्ते कंप्यूटर तय करेगा। राजनीतिक सिद्धांत और विवेक का संयुक्त मोर्चा वही होता है जिसमें हर एक छिपकली हो और हर एक कीड़ा भी हो।

३ अप्रैल, १९८४

## बूटासिंह धर्मवीर हो गये

साधो, ये दूसरे बूटासिंह हुए। ये केंद्र में मंत्री हैं, जिन्हें सिख प्रमुख ग्रंथियों ने पंथ से निकाल दिया। ये बूटासिंह धर्म पर शहीद हो गये। उन्होंने सच्चा धर्म इसे माना था कि अकाल-तख्त की मरम्मत में बाबा संतासिंह की सहायता करनी चाहिए जिसमें यह धार्मिक भवन अपने पहले की शान पर आ जाये। पर मठाधीशों ने इसे उनका दुराचरण माना और उन्हें तनखैय्या घोषित कर दिया। अभी हाल में इन्हीं ग्रंथियों ने बूटासिंह को पंथ से बाहर निकाल दिया। बूटासिंह उस धर्म पर शहीद हो गये जिसे वे सच्चा धर्म मानते थे।

साधो, मेरी पीढ़ी में से कुछ को याद होगा कि देश के विभाजन के बाद एक बूटासिंह का नाम समाचारों में बहुत उछला था। विभाजन के बाद जो मारकाट और भगदड़ हुई उसमें परिवारों के सदस्य बिखर गये। पंजाब में एक मुसलमान युवती अपने परिवार से बिछुड़ गयी, वह समझी कि मेरे मा-बाप बहुत करके दंगों में मारे गये, एक सिख युवक बूटासिंह ने उसकी रक्षा की। दो-तीन साल उसे रखा फिर दोनों ने अपनी इच्छा से विवाह कर लिया। खोज-बीन से पता लगा कि युवती के माता पिता पाकिस्तान पहुंच गये। उन्होंने अपनी लड़की को वापस बुलाने की कार्यवाही की और उसकी इच्छा के विरुद्ध उसे मा-बाप के पास ले जाया गया। बूटासिंह ने पाकिस्तान जाकर मुकदमा किया कि यह मेरी विवाहिता पत्नी है यह मेरे साथ रहना भी चाहती है, इसे मेरे साथ जाने दिया जाय। युवती ने भी बयान

दिया कि मैंने अपनी इच्छा से बूटासिंह से विवाह किया है और मैं उसकी पत्नी हू। लेकिन पाकिस्तान हिंदुस्तान दोनों में धार्मिक उन्माद था। इस उन्माद के वातावरण में नफरत की राजनीति भी शामिल हो गयी। कठमुल्लों ने मजहब के नाम पर शादी को गैर इस्लामी करार दे दिया और बूटासिंह हार गये। वे उस स्त्री को बहुत प्रेम करते थे, उन्होंने अदालत में ही अपने को छुरा मारकर आत्महत्या कर ली। साधो, उन बूटासिंह पर जो गुजरी, उसका कारण भारत और पाकिस्तान के बीच की जहरीली राजनीति, धार्मिक उन्माद और धर्म के प्रवक्ता बन बैठे मुल्ला मौलवियों की जड़ता तथा हठधर्मिता था। वे यह मानने को तैयार ही नहीं थे कि सच्चा धर्म वह है जिसे बूटासिंह ने निभाया। वे यह भी नहीं मान सकते थे कि उनका अपना आचरण धर्म के विरुद्ध है।

साधो, ये अब दूसरे बूटासिंह हुए जो दिल्ली सरकार में कृषि मंत्री हैं। बूटासिंह ऊंची जाति के नहीं हैं। वे न जाट हैं न खत्री, वे एक तरह से आर्य समाज से वैसे ही बाहर थे। गुरु लोग पैगंबर रसूल ईश्वर का बेटा ईसु न, सबने पूरी कोशिश की कि मनुष्य मनुष्य में भेद न रहे कोई ऊंच नीच न हो मगर सिखों में जाट, राम गढ़िया खत्री वगैरह हैं मुसलमानों में अगर सैय्यद साहब से कहा जाय कि लड़के की शादी अंसारी की लड़की से कर दीजिए तो वे गुस्से से कहेंगे—क्या बात करते हो जी। हम उस नीची जात में शादी नहीं करेंगे। ईसाई हो जाने से भी सब बराबर हो जाते हैं, यह गलत है। वे जाति भेद और ऊंच नीच लेकर ईसाई होते हैं। एक बहुत योग्य और ऊंची नौकरी पर लगे हुए ईसाई युवक की शादी का प्रस्ताव दूसरे ईसाई परिवार की लड़की से किया गया। लड़की के परिवार वालों ने कहा—ये कैसे हो सकता है, हम ब्राह्मण ईसाई हैं और वे गौड़ ईसाई हैं।

साधो धर्म ग्रंथों के उपदेश ठीक हैं। गुरुओं, अवतारों और रसूल के इरादे भी बहुत अच्छे हैं। पर एक घर जोड़ने की माया होती है। हजारीप्रसाद द्विवेदी का एक लेख है—घर जोड़ने की माया। उन्होंने

लिखा है कि कबीरदास ने तो तंत्र मंत्र का विरोध किया पर कबीर-पंथियों ने दतौन करने और पाखाना जाने के भी मंत्र बना लिए। कबीर का बेटा कमाल कुछ सामान घर में ले आया था तो गुरु ने कहा—डूबा वंश कबीर का उपजे पूत कमाल। पर कबीरपंथियों के मठों में माल-ही माल है। सच्चा धर्म भी आखिरकार मंदिर, मस्जिद गुरुद्वारे और गिरजाघर की दीवारों से बंद कर दिया जाता है। धर्म पर अधिकार पुरोहित वर्ग का हो जाता है और यह पुरोहित वर्ग अंधविश्वास लोभ डर तथा राजनीति के दबाव में अधर्म को धर्म मानने लगता है। यूरोप में वैज्ञानिक गैलीलियो ने सिद्ध किया कि सूर्य स्थिर है और पृथ्वी उसके आसपास घूमती है परंतु पादरियों की अदालत ने कहा कि गैलीलियो की बात धर्म के विरुद्ध है। धर्म के अनुसार पृथ्वी स्थिर और सूर्य उसके आसपास घूमता है। गैलीलियो, जो बहुत बूढ़ा था ने पादरियों के सामने तो उनकी बात मान ली पर बाहर निकलकर कहा कि पृथ्वी ही घूमती है।

साधो, सिख-पंथ में दुराचार के लिए किसी को 'तनखैया' घोषित करने का प्रावधान है। कोई जुआ खेले शराब खोरी करे व्यभिचार करे समाजविरोधी काम करे, तो उसे तनखैया घोषित करके सजा देनी चाहिए पर गुरुओं के उपदेश और पंथ के अच्छे नियम तो पड़ गये हैं अकाली राजनीति से प्रेरित ग्रंथियों के हाथ में। इसलिए उन्हें धर्म अधर्म दिखने लगा है।

साधो बाबा संतासिंह ने अकाल तख्त की मरम्मत करते हुए कहा था कि ये इमारतें हैं। टूट जाती हैं और फिर बन जाती हैं। उनका मतलब था कि इमारत या स्थान या उसकी माया धर्म नहीं है। संतासिंह पहले से ही निकाले हुए हैं। बड़ी खुशी की बात यह है कि ज्ञानी-नानी में मतभेद हो गये हैं। गुरुद्वारा पटना साहेब के मुख्यग्रंथी वयोवृद्ध जत्थेदार मानसिंह ने कहा है कि बटासिंह को निकालने का फैसला राजनीतिक है और उसे सिख धर्म और परंपरा का समर्थन नहीं है। इस फैसले को सिख पंथ का हुक्मनामा नहीं माना जा

सकता। दूसरे भूतपूर्व ग्रंथी उमरावसिंह यथा बेअंतसिंह ने कहा है कि बूटासिंह सच्चे सिख हैं। उनकी सराहना करने की बजाय उन्हें सजा देकर प्रमुख ग्रंथियों ने गलत किया है। ग्रंथियों में मतभेद होना बड़ा शुभ लक्षण है।

७ अप्रैल, १९८४

## अकाली हिंसा और राजनीतिक कपट

साधो, दिल्ली मे अकाली (तारासिंह) नेता मनचदा और अमृतसर मे भारतीय जनता पार्टी के नेता खन्ना की हत्या की सबने निंदा की है। मजे की बात यह है कि सब अकाली उग्रवादियो की तो सिर्फ 'निंदा' करते हैं, मगर सरकार पर 'हमला' करते है। उग्रवादियो पर हमला नही करते। कहते है—यह निंदनीय है। मिल-बैठकर समझौता कर लो। मगर धिक्कार है इस सरकार को जो समस्या का हल नही करती।

साधो, अकाली दल एक राजनीतिक पार्टी है धार्मिक सगठन नही। इसे बहुत कम सिखो का समर्थन है। इसलिए यह राजनीतिक पार्टी धर्म और पंथ का भी लेकर सिखो मे धार्मिक उन्माद पैदा करके अपनी मांगें मनवाना चाहती है और पजाब मे अपनी सरकार बनाना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय स्वय सेवक सघ का राजनीतिक मोर्चा है। सारे कपट मुखौटा, गाधीवाद और समाजवाद के बावजूद यह पार्टी हिंदू धर्म और सप्रदाय का उन्माद पैदा करके राजनीतिक फायदे चाहती है।

साधो, इन दोनो मे समानता है। दोनो दल पुनरुत्थानवादी है और पीछे ले जाना चाहते हैं। दोनों को लोकतत्र अनुकूल नही पडता। दोनो के पास प्राइवेट फौजे है। दोनो के आतकवादियो के पास मोटर साइकिले और हथियार है। दोनो आतक मे विश्वास करते हैं। साधो अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी दोनो बडी चतुराई से पजाब

में तालमेल बिठाकर अभी तक चल रही है। आपस में टकराना नहीं। दोनों मिलकर केंद्र सरकार पर हमला करना। समस्या को पैदा करने, बढ़ावे और हल न करने की सारी जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर डाल देना है। संत लोंगोवाल बयान दे चुके हैं—हमारे दो दुश्मन हैं, केंद्र की कांग्रेस सरकार तथा कम्यूनिस्ट। आर एस एस के सरकार्यवाहक राजेंद्रसिंह भी बयान दे चुके हैं—कांग्रेस तो कोई पार्टी नहीं है एक व्यक्ति है। हमारी असली और आखिरी लड़ाई कम्यूनिस्टों से होगी।

साथी, भारतीय जनता पार्टी बाहर अकालियों का समर्थन करती है। सरकार को समझौता नहीं करने के लिए दोष देती है। मगर जब प्रधानमंत्री समझौते के लिए अकाली नेताओं, विरोधी नेताओं को बुलाती है और समझौते के आसार दिखते हैं तब अटलबिहारी कुटिलता से टांग मार देते हैं और अकाली नेता भी किसी बहाने से उठ जाते हैं। यह मिलीभगत है। समझौता दोनों नहीं होने देना चाहते। दोनों आंदोलन चाहते हैं। आंदोलन से राजनीतिक फायदे हैं। समझौते से नहीं। और रोज बेकसूर आदमी मारे जाते हैं। स्त्री और बच्चे तक मारे जा रहे हैं। हिंसा की फासिस्टी राजनीति में आदमी चींटा चींटी होते हैं।

साथी अब अकाली हिंसक दस्ते ने भारतीय जनता पार्टी के नेता को मार डाला। हम इसकी निंदा करते हैं। यह जानवरों का काम है, भारतीय जनता पार्टी को चिंता हुई। मगर इस चिंता का मुंह किस तरफ है? अटलबिहारी वाजपेयी के मुंह से अकाली आतंकवादियों का नाम नहीं निकला न उनके सिपहसालार भिंडरावाले का। भारतीय जनता पार्टी ने पंजाब और दिल्ली बंद करवाया सो किसके खिलाफ? जिन्होंने मारा उनके खिलाफ नहीं। यह बंद भी सरकार के खिलाफ। भारतीय जनता पार्टी को अपने लोगों के मरने की कोई चिंता नहीं है। उसे सरकार और कांग्रेस पार्टी को बदनाम करके उसके खिलाफ यह वातावरण बनाकर कि वह हिंदुओं की रक्षा नहीं कर रही है आगामी चुनाव में वोट लेना है।

साधो, लागोवाल ने भी कुछ दिन पहले बयान दिया था—पजाब के बाहर बस सिखो की रक्षा सरकार नही कर रही है। अब कोई बताये काई सिख ही बताये कि सारे भारत मे रह रहे सिखो मे से किसी एक को भी छुआ गया है। सिख सारे भारत मे भाईचारे के साथ मजे मे धधे कर रहे हैं और नौकरिया कर रहे है। सिख की जान को खतरा पजाब मे ही है, बाकी भारत मे नही। और यह खतरा अपने ही पथ के हिंसक दस्ता से है। आखिर मनवन्त भी तो सिख थे। डी आई जी अटवाल भी सिख थे और स्वर्ण मदिर मे मारे गये थे। लागोवाल बदमाशी का बयान देकर यहा के सिखो की हालत क्यो खराब करते है? यहा के सिखो को हिम्मत से बयान देना चाहिए—'ए लागोवाल और भिडरावाले, अपनी जबान हमारे बारे में मत खोलो। तुम्हे जो करना है वही करो। हम इधर चैन से है। हमे क्या अडचन मे डालते हो? तुम हमारे नेता नही हो। हमारी तरफ से बोलने का तुम्हे काई हक नही है।' ऐसा बयान जगह-जगह से यहा के सिखो को देना चाहिए।

साधो, मेरे बहुत दोस्त पजाब मे है। सिख भी है और गैर सिख भी। वे प्रोफेसर है, लेखक हैं। वे इधर आये भी। पिछले हफ्ते अमतसर के ही प्रोफेसर आये थे। उन्होने बताया कि पजाब मे शहर हो या गाव हिंदू और सिख भाईचारे से रह रहे हैं। ये कुछ उपद्रवी आतकवादी है जो अराजकता मचाये है। लोग इनसे डरते हैं और नफरत करते है।

साधो, मैंने पूछा कि ये सविधान के आर्टिकल २५ मे सशोधन कराके हिंदू की परिभाषा से अलग क्या होना चाहते हैं? उन्होने कहा—इस कानून मे बाप की जायदाद मे बेटी का भी हिस्सा होता है। ये लोग लडकियो को जायदाद मे हिस्सा नही देना चाहते है। दूसरा कारण यह है कि ये एक से अधिक शादी करना चाहते हैं। मेरा खयाल है, सिख औरतो को इसका विरोध करना चाहिए।

साधो, अब हालत यह है कि सरकार या काई भी समझौते का

बातचीत किससे करें? सन लागोवाल से? प्रकाशसिंह बादल से? नहीं। ये अब नेता नहीं रहे। इनके हाथ से नेतागीरी छिन चुकी। ये नरम पड़ेंगे तो इनको ही मार डालेंगे। ये भी 'हिट लिस्ट' में होंगे।

साधो, मामला साफ है। यह सब उस गुप्त योजना के मुताबिक हो रहा है जो वाशिंगटन में सी आइ ए ने बनायी थी। यह योजना गुप्त नहीं रही। अमेरिका के अखबारों में छप गयी। पैसा हथियार सब अमेरिका से पाकिस्तान के माफत आ रहा है।

मगर साधो इन्हें इतिहास से सबक लेना चाहिए। लिंकन ने जब दासप्रथा बन्द कर दी थी तब दक्षिण अमेरिका ने अपने को गणराज्य से अलग कर लिया। संघ इस तरह नहीं टूटता। राष्ट्रपति लिंकन ने मिलिटरी को हुक्म दिया कि दक्षिण के इन लोगों को कुचल दो। वे कुचल दिये गये और अमेरिका एक ही संघ राज्य रहा।

८ अप्रैल, १९८४

## नकल क्यों होती है ?

साधो, जब राजनीति मे बाजार मे प्रशासन मे, धर्म मे, पुलिस म, उद्योग म, कचहरी म, दफ्तरा मे ट्रस्टो म—यहा तक भ्रष्टाचार विरोधी विभाग तक म—भ्रष्टाचार हाता है और जिसे हमारे नेताओ न 'वे आफ लाइफ' (जीवन-पद्धति) मान लिया है तब छात्रो को परीक्षाओ म नकल करने स क्यो रोका जा रहा है? जिसे आगे चलकर 'जीवन पद्धति' बनना है, उसकी शिक्षा स्कूल-कालेज म ही हो जाय, उसकी परीक्षा भी हो जाय, तो ये लडके-लडकी बडी योग्यता से भ्रष्टाचार को जीवन पद्धति चलायगे, सफल सपन्न और सुखी नागरिक हागे। नकल रोकन और नकल करने पर सजा देने से उस बीज को ही मारा जा रहा है जो आगे चलकर मीठे फल देने वाला आम बनन वाला है। हमारी जीवन-पद्धति और नैतिकता का यह हाल है कि अतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के लिए विशेष भोजन के ट्यूब हमारी किसी कपनी से बनवाते, तो पहली ट्यूब का भाजन पट मे डालते ही उसे कै-दस्त होन लगते, ऐसी मिलावट हो जाती। गनीमत है कि राकेश शर्मा का भोजन रूस मे तैयार हुआ।

साधो, इस परीक्षा के मौसम मे हर साल अखबारो मे सबसे ज्यादा खबरें परीक्षाओ मे नकल की आती है। इस केंद्र मे नकल हो रही है उस केंद्र मे सामूहिक नकल हो रही है, उस केंद्र मे निरीक्षक को छुरा मार दिया उस केंद्र म पुलिस ने पद्रह का पकडा। हमारे विश्व-विद्यालय से किसी विषय की परीक्षा-कापिया किसी दूसरे विश्व-

विद्यालय के प्रोफेसर को जाचने के लिए भेजी गयी। उसने हफ्ते भर म बिना जाचे कापिया लौटा दी और लिखा—मैं इन्हे नही जाच सकता क्योकि मैं इसके योग्य नही हू। ये छात्र नही, बडी-बडी अथारिटीज' (अधिकारी विद्वान) है। जितना य जानते हैं, उतना तो मैं भी नही जानता। साधो, छात्रो को पुस्तको से पूरी नकल कर देने का सुझाव प्रिंसिपल और प्रोफेसरो ने दे दिया था।

साधो, भीतर छात्र परीक्षा दे रहे है और बाहर पास के मकान मे छुरे वाले दादा' लोग प्रोफेसरो से उत्तर लिखवाकर साइक्लो स्टाइल कराके अपने चेलो को भीतर भेज रहे है। निरीक्षक मिले हैं चपरासी मिले है, प्रिंसिपल अपने कमरे मे कैद है—क्योकि बाहर छुरा लिए दादा' लोग खडे है। जिस बेचारे छात्र का कोई धनी धोरी नही, वही स्मृति से पेपर करता है और कम नबर पाता है।

साधो, मैं इस शिक्षा के मामले मे बहुत भीतर रहा हू। नकल खुद निरीक्षक, जो अध्यापक है, कराते है। वे अपने अपने छात्रो को नकल कराते है। या सब मिलकर सबको नकल करने देते है और इसमे मदद करते है। पर्चियो, कापियो, किताबो का ढेर होता है, हर केंद्र म। मैं यह नही कहता कि सब अध्यापक एसे है—नही, सब नही है। मगर जो ऐसा नही करते उनकी सख्या काफी कम है। साधो, विश्वविद्यालय और पुलिस मिलकर 'फ्लाइंग स्क्वाड' (उडनदस्ता) बनाते हैं, नकल पकडने के लिए। यह अचानक परीक्षा केंद्र पर छापा मारता है। मगर इसके आने की खबर लग जाती है और पर्चिया, कॉपिया, किताबें किसी कमरे म बद कर दी जाती हैं और उडनदस्ते के जाने के बाद निकाल ली जाती है। किसी किसी केंद्र का प्रिंसिपल ज्यादा चतुर हुआ, तो वह उडनदस्ते को दफ्तर म चाय वाय करके वापस कर देता है। मगर एक से एक बहादुर पडे हैं। तुम जानते होगे, एक कॉलेज जब उडनदस्ता पहुचा तो उस पर छात्रो ने पथराव किया —पथराव का नेतृत्व खुद प्रिंसिपल कर रहे थे।

साधो, कुछ साल पहले यह हुआ कि इस क्षेत्र मे भी पुलिस आ

गयी। परीक्षा कराने का काम पुलिस को सौंप दिया गया। अस्पताल और कालेज में डंडा लिए पुलिस है और परीक्षा चल रही है। एक-दो साल तो सरकार ने परीक्षा का काम जिला मजिस्ट्रेट को दे दिया। उसने पुलिस सुपरिंटेंडेंट को इंचार्ज कर दिया। पुलिस अफसर कह रहा था—ये शिक्षा वाले यही नहीं मानते कि हमारी शिक्षा व्यवस्था असफल हो गयी। हमारी शिक्षा प्रणाली गलत है। इसे हम बदल दें। मगर ये बदलेंगे नहीं। इसी को खींचे जायेंगे। और जिम्मेदारी हम पुलिस वालों पर डाल देते हैं। अब हम लड़कों को मां बहन की गाली देते हैं और वे हमारी मां-बहन एक करते हैं।

साधो, हमारे इधर इस साल सरकार ने अध्यादेश जारी कर दिया है। नकल करने वाले को फौरन जेल में डालो, नजरबंद रखो, जुर्माना करो। मगर फिर भी नकल रुक नहीं रही है। सैकड़ों लड़के पकड़े भी जा रहे हैं।

साधो, तुम पूछोगे कि गुरु क्या कभी नकल रुकेगी? मैं कहता हूं—इन हालात में कभी नहीं रुकेगी। सबसे मूल कारण तो यह है कि जब सब क्षेत्रों में सफलता बेईमानी से है, बेईमानी सर्वव्यापी है, तब अलग से शिक्षा के क्षेत्र में ईमानदारी नहीं आ सकती। बाप घूस लेता है चाचा दुकान में मिलावट करता है, बनिया कम तौलता है, पुलिस घूस लेती है, तो लड़का नकल करेगा ही। मगर यह बात भी ध्यान में रखो कि अधिकांश लड़के नकल नहीं करना चाहते। फिर क्या करते हैं?

साधो, जो अध्यादेश लगाते हैं, पुलिस खड़ी करते हैं, फ्लाइंग स्क्वाड दौड़ाते हैं, वे 'यानी शिक्षा और शासन' के मालिक यह कभी नहीं देखते कि अध्यापक पढ़ाते भी हैं या नहीं। मैं कहता हूं—प्राइमरी से लेकर विश्वविद्यालय तक अधिकांश अध्यापक सारा साल नहीं पढ़ाते। क्लास-क्लास जाकर प्राचार्य नहीं देखता कि अध्यापक कक्षा में है या नहीं। ये अध्यापक क्लास में ही नहीं जाते। पढ़ाते ही नहीं। सब ऐसे नहीं हैं। बहुत अध्यापक ईमानदारी से पढ़ाते हैं। इनकी इज्जत लड़के करते हैं।

साधो, आम बात यह है कि नही पढाते। घर पर ट्यूशन के लिए बीस-बीस लडके बुलाते हैं। पर पढाते वहा भी नही। हर महीने पैसे ले जाते ह। यह ठेका है पास कराने का। अब साधो जिन लडका को पढाया ही नही गया, व नकल न करें तो क्या करें? और जिन गुरुआ ने सैकडो को पास कराने का ठेका ले लिया है, पूरा पैसा ले लिया है वे नकल कराके पास न करायें तो क्या हर चौराह पर जूते खायें? नकल कैसे खत्म हो सकती है?

१५ अप्रल, १९८४

## शर्म या गर्व की बात ?

साधा, कुछ बात भावुकता म कहने मे अच्छी लगती ह जैसे यही कि हाय, गाधी के दरिद्रनारायण गरीबी की रेखा के नीचे जीत ह। अहमदाबाद के दंगे पर ऐसी ही भावुकता की बात गाधी जी के पोते पत्रकार अरुण गाधी ने कही है—गुजरात का शम आनी चाहिए। मैं पूछता हू कि जब बिहार का, असम को, पजाब का शम नही आ रहा है, दिल्ली को कभी शम नही आयी ता गुजरात का ही शम क्या आनी चाहिए ? इसलिए कि गाधी जी गुजराती थे ? यानी सारे देश की शम बटोरकर आप गुजरात के ऊपर डाल दो क्योंकि अनजान यह सयोग हो गया कि गाधी जी गुजरात के थे। क्या गाधी जी अनत काल तक गुजरात के सिर पर शम डलवाने के लिए ही वहा पैदा हुए थे ? फिर दगा कराने वाले कह सकते हैं कि हा हम शम है—मगर इस बात की नही कि हम दगा कराते ह बल्कि इस बात की कि हमारे यहा मोहनदास करमचद गाधी नाम का आदमी पैदा हुआ। साधा कई साल पहले पठान गाधी खान अब्दुल गफ्फार खा भारत आये थे। इस उपलक्ष म और उनकी अगवानी मे अहमदाबाद म दगा हुआ था। खान साहब ने कहा था—अर हिंदोस्तानियो, कुछ तो शम करो। यह देश महात्मा गाधी का है। वे अनशन पर बैठ गये। दगाइया ने मौका टाला, शासन सख्त हो गया ता दगा बद हो गया। मगर श्रेय मिल गया गफ्फार खा को। असल मे दगा कराने वालो ने कहा—

साधो, आम बात यह है कि नहीं पढ़ाते। घर पर ट्यूशन के लिए बीस-बीस लड़के बुलाते हैं। पर पढ़ाते वहां भी नहीं। हर महीने पैसे ले जाते हैं। यह ठेका है पास कराने का। अब साधो, जिन लड़कों को पढ़ाया ही नहीं गया, वे नकल न करें तो क्या करें? और जिन गुरुओं ने सैकड़ों को पास कराने का ठेका ले लिया है पूरा पैसा ले लिया है, वे नकल कराके पास न करायें तो क्या हर चौराहे पर जूते खायें? नकल कैसे खत्म हो सकती है?

१५ अप्रैल, १९८४

## शर्म या गर्व की बात ?

साधो कुछ बात भावुकता में कहने में अच्छी लगती है, जैसे यही कि हाय, गांधी के 'दरिद्रनारायण' गरीबी की रेखा के नीचे जीते हैं। अहमदाबाद के दंगे पर ऐसी ही भावुकता की बात गांधी जी के पोते पत्रकार अरुण गांधी ने कही है—गुजरात को शर्म आनी चाहिए। मैं पूछता हूं कि जब बिहार का, असम का पंजाब को शर्म नहीं आ रही है, दिल्ली को कभी शर्म नहीं आयी तो गुजरात को ही शर्म क्या आनी चाहिए ? इसलिए कि गांधी जी गुजराती थे ? यानी सारे देश की शर्म बटोरकर आप गुजरात के ऊपर डाल दो क्योंकि अनजान यह संयोग हो गया कि गांधी जी गुजरात के थे। क्या गांधी जी अनंत काल तक गुजरात के सिर पर शर्म डलवाने के लिए ही वहां पैदा हुए थे ? फिर दंगा कराने वाले कह सकते हैं कि हां हमें शर्म है—मगर इस बात की नहीं कि हम दंगा कराते हैं बल्कि इस बात की कि हमारे यहां मोहनदास करमचंद गांधी नाम का आदमी पैदा हुआ। साधो कई साल पहले पठान गांधी खान अब्दुल गफ्फार खां भारत आये थे। इस उपलक्ष में और उनकी अगवानी में अहमदाबाद में दंगा हुआ था। खान साहब ने कहा था—अरे हिंदोस्तानियो, कुछ तो शर्म करो। यह देश महात्मा गांधी का है। वे अनशन पर बैठ गये। दंगाइयों ने मौका टाला, शासन सख्त हो गया तो दंगा बंद हो गया। मगर श्रेय मिल गया गफ्फार खां को। असल में दंगा कराने वालों ने कहा—

गांधीवादी बूढ़े, तू तो अभी यहां से टल। आगे तो हम यह सब करेंगे ही।

साधो किसी क्षेत्र पर यह नाजिमी क्या हो कि यहां दुर्घटना में एक महात्मा हो गया है तो उस क्षेत्र की पीढ़ियों की यह मजबूरी है कि वे उस महात्मा के उपदेशों पर चलें। उसकी नैतिकता मानें। एसे तो पंजाब के हठी अकालियों और आतंकवादियों से कहा जायगा कि तुम्हारे यहां गुरु नानक हो गये हैं तो उनके उपदेशों पर चलो। अरे, दंगे नहीं करायेंगे तो राजनीति कैसे करेंगे सत्ता पर कब्जा कैसे करेंगे, घर में माल कैसे भरेंगे, सी आई ए का पैसा कैसे पायेंगे? नानक की बात मानेंगे तो राजनीति कैसे करेंगे?

साधो, महात्मा के उपदेश महात्मा के लिए ही होते हैं। वहां उपदेश वाले, वहीं पालें। हमें कोई महात्मा बनने की सजा नहीं मिली है। लोगों को सत्ता राजनीति करना है, धार्मिक उन्माद पैदा करके चुनाव जीतना है जमीन पर और पार्टी पर कब्जा करना है, लूट का माल घर में भरना है दो नंबरी धंधा करना है। अब महात्मा कहता है—ईश्वर अल्ला तेरे नाम, सबको सन्मति दे भगवान! तो महात्मा जी, आप अपने ईश्वर और अल्लाह को लिए रहिए। सन्मति भी आपको ही मुबारक। हमें नहीं चाहिए नुकसानदेह सन्मति। अगर तुम्हारे ईश्वर और अल्लाह इधर आये, तो लहूलुहान हो जायेंगे। हमें निहित स्वार्थों की रक्षा करना है। आर्थिक लाभ उठाना है इसलिए हम धर्म और सम्प्रदाय की नफरत की राजनीति करेंगे ही। हम उन्माद पैदा करके लोगों को बेवकूफ बनायेंगे ही। इतने बड़े-बड़े काम हमें करना है और महात्मा हमें उलटे उपदेश देता है।

साधो, इस भावुकता और हाय-हाय का अंत नहीं है। अभी हाय हाय वाली खबर छपी है—पोरबंदर जहां के महात्मा गांधी थे, वहां गैर कानूनी शराब का सबसे बड़ा अड्डा है। इसमें क्या गलत है? अरे, वहां महात्मा का पुण्य प्रताप मंडरा रहा है। ऐसे पवित्र वातावरण में शराब नहीं उतारी जायेगी, तो क्या भजन पूजन किया

जायेगा। फिर महात्मा के दरिद्रनारायण का कल्याण सिर्फ सस्ती शराब से हो सकता है। सब करके देख लिया, सारी योजनाएं चला ली, सारे उपदेश दे लिए, मगर दरिद्रनारायण सुखी नहीं हुआ। सुखी होता है वह दो घूंट पीकर। तो उसे पिला रहे हैं। महात्मा का ही बाकी काम कर रहे हैं। साधो, इससे भी अच्छी खबर साल भर पहले पढ़ी थी। राजकोट में गांधी जी का जो मकान है वह शराब जुआ और अनाचार का अड्डा बना है। इसमें दुखी होने की बात नहीं है। गांधी जी का एक ढंग से उपयोग हो रहा है। पुलिस उस मकान के सामने से सिर झुकाकर चली जाती होगी या पुलिस वाले भीतर जाकर दो घूंट अमृत तो लेते होंगे। महात्मा के घर में शराब पीना कम पुण्य नहीं है। साधो, ये सब लोग—दंगा राजनीति वाले, धार्मिक उन्मादी, दो नंबरी, शराब के धंधे वाले महात्मा का सही उपयोग जानते हैं।

और साधो, गांधी शांति प्रतिष्ठान के मालिकों ने तो महात्मा के सारे सत्य के प्रयोग कर डाले। सबसे बड़ा सत्य का प्रयोग यह किया कि गांधी जी का चश्मा किसी पश्चिमी धनपति को बेच दिया। उसकी जगह कबाड़ी की दुकान का चश्मा लाकर रख दिया। बताओ, गांधी जी के उपदेशों पर चलना और किसे कहते हैं? अगर गांधी जी का अब बेकार चश्मा दो चार लाख डालर में खरीदा जा रहा हो, तब वह गांधीवादी नहीं, 'महामूर्ख' होगा, जो नहीं बचेगा।

२३ अप्रैल, १९८४

## झोपडी वालो की बात

साधो, इधर मध्यप्रदेश म एक चमत्कार और हास्य और दुघटना एक साथ ही हो गय । हुआ य कि मुख्यमत्री न विधानसभा म अचानक घोषणा कर दी कि झोपडी वाले जिस जमीन पर झोपडी बनाकर रहत ह, वह उन्ही को द दी जायगी । उस पर उनका मालिकाना हक हो जायेगा । यह घोषणा चमत्कारिक थी, आकस्मिक थी । काग्रेस पक्ष के विधायक भी पहले से ताली बजाने को तैयार नही थे । मुख्य विरोधी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के विधायक दस मिनट तक हतप्रभ बठे रहे । व समझ नही रहे थे कि क्या प्रतिक्रिया की जाय । दस मिनट बाद जब बेहोशी टूटी तब भारतीय जनता पार्टी के नता ने कहा कि यह चुनाव स्टट है ।

साधो, विरोध नही कर सकत थ क्योकि शहरा की ६० फीसदी आबादी झोपडा म रहती है, समथन कर नही सकते थे क्योकि इसम काग्रेस की प्रतिष्ठा बढती है । य ६० फीसदी झोपडे वाले ही हैं जिनके वोटो से कोई भी सरकार बनती है । भारतीय जनता पार्टी ने स्टट कहा तो दूसरे दिन मुख्यमत्री न एक अध्यादश जारी करा दिया कि जो नगर निगम और नगरपालिका जमीन नही देगी, वह भग कर दी जायेगी । इससे भारतीय जनता पार्टी क चुनाव स्टट के वणन का धक्का लगा । तीसर दिन एक अध्यादश और जारी कर दिया उन सरकारी अफसरा को सजा दने के लिए जो इसम अडगा

डालेंगे। अब स्टेट वाई कैसे कहे ! बड़ी अड़चन में पड़ गयी, भारतीय जनता पार्टी और जनता पार्टी। साम्यवादी पार्टी तो इसके लिए जुलूस ही निकालती थी और माग करती थी। लेकिन अब भी मैं जिस विपक्षी राजनेता से पूछता हू वही कहता है कि ये चुनाव स्टेट है। मुश्किल है कि ये झोपड़ी वालो से नही कह सकते कि यह चुनाव स्टेट है। यह सही है कि चुनाव के साल में बहुत सोच-समझकर यह कदम उठाया गया है और यह हर कांग्रेसी शासन के राज्य में होगा तब मजबूरी में गैर-कांग्रेसी सरकारें भी यह कदम उठायेंगी।

साधो, अंग्रेजी में कहावत है कि 'देयर इज मनी ए स्लिप विटवीन दी कप एण्ड दी लिप' यानी कप और होठ के बीच में कई फिसलने हैं। इस बात को मुख्यमंत्री ने या कहा कि—विचौलिए इस योजना के अमल में बाधा डालेंगे। मेरा खयाल है कि समाज में जितनी कल्याणकारी शक्तियां हैं, सबको इस संकटकाल में एक हो जाना चाहिए। विपक्षी एकता की राह देखना अब घातक है।

साधो, हरिजनों को चार पांच एकड़ जमीन के पट्टे मिलते हैं पर वह उसे कभी जोत नहीं सकता। गांव में बड़े किसान उसके खिलाफ पटवारी उसके खिलाफ, पुलिस उसके खिलाफ नेता चाहे किसी पार्टी का हो उसके खिलाफ। वह हल चलाने जाये तो बड़े भूमिपति के लठैत उसका सिर फाड़ देते हैं। उसके हाथ में पट्टा ही-पट्टा रहता है और वह खेत मजदूर ही बना रहता है। गांव की जन-कल्याणकारी शक्तियों का यह पुनीत कर्तव्य है जो वह निभाती है।

साधो जहां मैं रहता हू वहां जमीन की कीमत सत्तर रुपया वर्गफुट है शासन ने झोपड़ी वालों को पचास वर्ग मीटर जमीन देने का निश्चय किया है। जब जमीन इस तरह मुफ्त में बांटी जा रही है तो दीन दयालु गरीबनवाज, परोपकारी लोग कैसे बर्दाश्त करेंगे ?

दो झोपड़ी वालों की जमीन मिलाकर इमारत तानी जाय तो वह लाखों की होगी। नेता लोग अफसर दो नंबरी पैसे वाले, प्रापर्टी डीलर इस पाप को कैसे होने देंगे कि वह जमीन भुक्खड़ झोपड़ी वाले के कब्जे में आ जाय ? ये पुण्यवान लोग अपना कर्तव्य

निवाहेंगे नगर निगम और पालिका के सदस्य दूसरे वर्ग के होते हैं, वे पूरी कोशिश करेंगे कि इस मवहारा वर्ग को जमीन न मिले। अफसर इसमें सहयोग देंगे अमल की प्रक्रिया में खामी निकाली जायगी। हाईकोर्ट में रिट होगी, झोपड़ी वालों को धमकाया जायगा। पूंजी वालों के लठैत इन गरीबों के सिर पर सवार रहेंगे। यह सारा पुनीत कर्तव्य निभाया जायेगा।

साधो, सवाल यह है कि इन गरीबों को अधिकार दिलाने में मदद कौन करेगा? मामले उलझेंगे, इस दफ्तर से उस दफ्तर जायेंगे, वकील बीच में दांव पेच करेंगे आतंक का उपयोग होगा, जमीनों पर झूठे दावे किये जायेंगे। कौन मदद करेगा इन लोगों की? संसदीय पद्धति की नैतिकता के हिसाब से निर्वाचित सरकार के निर्णयों को उस पार्टी के कार्यकर्ता लागू कराते हैं तो क्या कांग्रेस मैन कुंभकर्णी नींद त्याग सकेगा? हिलने-डुलने में उसे तकलीफ तो नहीं होगी, चलते चलते उसे नींद तो नहीं आ जायेगी क्यों कि काफी सालों से इंदिरा जी की जय बोलकर वह जीतता ही रहा है।

साधो, भारतीय जनता पार्टी इसे क्या कहेगी जिसने स्टंट कहा है झोपड़ी वालों से कोई स्वयं सेवक यह तो नहीं कह सकता कि जमीन मत लेना, यह स्टंट है। मुझे लगता है कि सबसे अधिक सक्रिय भारतीय जनता पार्टी के सदस्य ही होंगे। यह पार्टी गरीबों की जमीन छीनने वाली ही है, देने वालों की नहीं! मगर उसके कार्यकर्ता दौड़ धूप करेंगे और झोपड़ी वालों से बार-बार कहेंगे कि ये सरकार तो बेईमान है। सिर्फ घोषणा करती है। वे तो हम हैं जो सरकार पर दबाव डालकर तुम्हें जमीन दिलवा रहे हैं। चुनाव हो जाने के बाद ये फिर कोशिश करेंगे कि वो गरीब बेदखल हो जाय और जमीन उनकी पार्टी के व्यापारी को मिल जाय। कम्यूनिस्ट पार्टी यहां कमजोर है फिर भी वह झोपड़ी वालों की मदद करेगी।

साधो, अब मैं देख रहा हूं कि झोपड़ी वाले मिलते हैं तो खुशी जाहिर करते हैं। उधर शासकीय अधिकारी और कर्मचारी खाने-पीने

का रास्ता ढूंढ रहे हैं और पुण्यात्मा लोग अपना कर्तव्य करने में लगे हैं।

१ मई, १९८४

## राकेश शर्मा और उदास लोग

साधो, राकेश शर्मा अंतरिक्ष यात्रा से लौट आये और भारत में कई जगह उनका स्वागत हुआ। मगर इसके पहले जब वे रूस में ही थे, एक भारतीय पत्रकार ने उनसे पूछा—क्या आप फिल्मों में काम करेंगे? राकेश शर्मा ने जवाब दिया—नहीं। बनई नहीं अपने यहां हिंदी वालों को यह लगता है कि अंतरिक्ष में उड़ना चांद व मंगल पर जाना कुछ नहीं। अगर इसके बाद किसी व्यावसायिक फिल्म के हीरो न हुए भगवान कृष्ण अवतार ले लें तो सबसे पहले उन्हें व्यावसायिक फिल्म बनाने वाले घेरेंगे कि प्रभु एक फिल्म आप पर बना लेने दीजिए। इसमें रासलीला और रुक्मणीहरण का विशेष चित्रण होगा। बाकी आपकी गीता वगैरह फिल्म के काम की नहीं है।

साधो अगर राकेश शर्मा चाहें तो एक बढ़िया रंग बिरंगी बाक्स आफिस व्यावसायिक फिल्म उन पर बना सकती है। रोल वे यही करेंगे अंतरिक्ष यान में उड़ने का, मगर वे अकेले ही बंबई के स्टूडियो में बनाये गये अंतरिक्ष यान को लेकर उड़ेंगे। फिल्म में उनकी एक प्रेमिका होगी। वह हठ करेगी कि मैं तुम्हारे साथ चलूंगी। राकेश शर्मा उससे कहेंगे, अभी तुम्हारी ट्रेनिंग इस लायक नहीं है। मगर प्रेमिका अपने पिता की सन् १९३० की खटारा कार को अंतरिक्ष यान चुपचाप बनाती जाती है। जब राकेश शर्मा अंतरिक्ष यान में पृथ्वी का एक चक्कर लगा चुका होता है तो वह देखता है कि एक पुरानी कारनुमा अंतरिक्ष यान पास आता है। वहां उसकी है प्रेमिका, बस दोनों

अतरिक्ष यान जुड जाते हैं। राकेश शर्मा और उसकी प्रेमिका गाते हैं

चलो दिलदार चलें
चाद के पार चलें।

साधो, फिर वाहे की प्रयोगशाला, वाह के प्रयाग और वाहे का अध्ययन! दोनो मिलकर गाना गायेंगे।

सितारो से आगे जहा और भी है,
अभी इश्क के इम्तहा और भी हैं।

साधो, यह एक ही फिल्म बहुत पैसा दिला जायेगी। दूसरी फिल्म बनेगी तो बैठ जायेगी। लोग एक बेवकूफी को एक बार देखना चाहेंगे। इसलिए हर व्यावसायिक फिल्म मे अलग-अलग प्रकार की बेवकूफिया होती हैं। इतनी बेवकूफिया सोचना महान दिमाग का काम है। राकेश शर्मा चाहे तो किसी कपडा मिल के रगीन विज्ञापन म भी आ सकता है। विज्ञापन मे यह होगा कि राकेश शर्मा यह कपडा पहनते रहे हैं इसलिए अतरिक्ष यात्रा कर सके। एक विज्ञापन जाघिया का देखता हू जिसमे एक जवान आदमी खास कपनी का जाघिया पहने है। उसने गाउन के बटन खोल रखे ह इसलिए जाघिया दिखता है। उसके बगल मे एक लडकी है और वह एक आदमी के जबडे पर घूसा मार रहा है। विज्ञापन का मतलब है कि यह जाघिया पहनते ही आदमी बहादुर हो जाता है। इतना फूहड विज्ञापन है यह कि उस जाघिया वाले को जूते मारने की तबीयत होती है। राकेश शर्मा को कोई सकोच की बात नहीं है। लेफ्टिनेंट जनरल अरोडा, जिन्होने बागला देश-युद्ध मे जनरल जियाजी से समपण कराया था, कपडे के विज्ञापन म आ चुके है।

साधो, अब दूसरी तरफ नजर दौडाओ। इधर मेरे शहर मे राकेश शर्मा हवाई अड्डे पर थोडी देर रुके थे। तीस-पैंतीस किलोमीटर दूर हवाई अड्डे पर कई हजार स्त्री पुरुष व बच्चे पहुच गये थे। वे जय जयकार कर रहे थे। आम भारतीय गौरव का अनुभव कर रहा है कि हमारा एक आदमी अतरिक्ष म गया। राकेश शर्मा के साथ उसके दो साथी रूसी अंतरिक्ष यात्री भी भारत मे घूम रहे ह तो लोग नारे लगाते—हिंदी रूसी भाई भाई।

साधो, इस पूरी घटना से और इस हिन्दी रूसी भाई भाई के नारे से, राष्ट्रपति द्वारा रूसियों को अशोक चक्र देने से काफी लोग दुखी हैं। इनमें ज्यादा राजनीति वाले लोग हैं। रूसी अंतरिक्ष यान में राकेश शर्मा के रूसी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ जाने से यह महान गौरव हासिल करने पर कांग्रेस सरकार और दोनों कम्यूनिस्ट पार्टियों ने खुशी जाहिर की है और बधाई दी है। इन्होंने इसे राष्ट्रीय गौरव माना है। इनके सिवाय चंद्रजीत यादव ने और हेमवती नन्दन बहुगुणा ने यह खुशी जाहिर की है। चंद्रजीत यादव कम्यूनिस्ट पार्टी में रहे और बहुगुणा चरणसिंह के अनुसार के० जी० बी० एजेंट हैं।

साधो बाकी विरोधी पार्टियों के नेता इस कदर चुप व दुखी हैं जैसे यह कोई राष्ट्रीय शर्म की बात हो गयी हो। अटलबिहारी वाजपेयी चरणसिंह जार्ज फर्नांडीस भगवान एन० टी० रामाराव, शरद पवार बाला साहेब देवरस—सब चुप हैं। तुम इनके दुख का कारण भी जान लो। राकेश शर्मा रूस के अंतरिक्ष अड्डे अखानूट से उड़ा। यह शर्म की बात है। जिन महान नेताओं की उदासी का जिक्र मैंने किया है, वे खुश होते अगर वह अमरिकी अंतरिक्ष केंद्र केप केनेडी से अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ जाता। वे सब बिचारे दुखी हैं, इस देश का आम आदमी खुश है, इसे गौरव मानता है मगर वे देश भक्त दुखी हैं।

साधो, मेरी इनके प्रति बहुत करुणा है। इनसे जो बन रहा है कर रहे हैं। ये कह रहे हैं कि सब चुनाव स्टंट है। कांग्रेस पार्टी वोट के लिए राकेश शर्मा का प्रोपेगंडा कर रही है। मेरा कहना है कि अगर आप लोग भी इस खुशी में शामिल होते और बयान देते तो अकेली कांग्रेस पार्टी प्रोपेगंडा नहीं करती। वैसे भी राजनीति में जो मौके का फायदा नहीं उठाता है वह बेवकूफ है। साधो अब शैतानी भरी खबरें फैलायी जा रही हैं और विरोधी अखबारों में छप रही हैं। एक खबर तो यह कि रवीश मल्होत्रा को अंतरिक्ष में नहीं भेजा गया इसलिए कि उसकी कुछ ट्रेनिंग अमेरिका में हुई थी। दूसरी खबर यह उड़ायी जा रही है

कि राकेश शर्मा को रूसी अंतरिक्ष यात्रियों ने कुछ नहीं बताया, उसे कुछ नहीं करने दिया, बस लादकर ले गये थे और लादकर लौटा लाये। उसका खंडन खुद राकेश शर्मा ने हवाई जहाज से उतरते ही किया।

साधो, सच पूछो तो मुझे तो इसमें भी शक है कि अंतरिक्ष यान गया भी था या नहीं। अटलबिहारी वाजपेयी को सरकार के इस दावे में शक है कि पुलिस ने एक गुरुद्वारे में घुसकर सोलह अपराधियों को बंदी बनाया, दो सौ तीस स्त्री पुरुष-बच्चों को उनकी कैद से छुड़ाया और हथियार बरामद किये। वे सचाई की जांच के लिए अपने लोगों को पंजाब भेज रहे हैं। मेरा उन्हें सुझाव है कि ऐसा ही एक प्रतिनिधि मंडल रूस भेजें जो पता लगाकर आये कि सच में अंतरिक्ष यान गया था या सब झूठा प्रोपेगंडा है।

१३ मई, १९८४

# रावी की लड़ाई नर्मदा पर

साधो, भारतीय जनता पार्टी ने बहुत राजनीतिक बुद्धिमानी का निर्णय लिया है। उसने रावी की समस्या को नर्मदा के किनारे हल करने का निश्चय किया। अटलबिहारी वाजपेयी घबड़ाये हुए अपने बंगले में बैठे हुए हैं और डॉक्टरों ने उन्हें पूर्ण आराम की सलाह दी है। पंजाब के आतंकवादियों ने उन्हें धमकी दी है और लालकृष्ण आडवानी वगैरह प्रधानमंत्री से प्रार्थना कर रहे हैं कि वाजपेयी की सुरक्षा का प्रबंध कीजिए—उसी प्रधानमंत्री से जिस पर आरोप लगा रहे थे कि वे पंजाब में सिखों पर अत्याचार कर रही हैं। उसी प्रधानमंत्री से वाजपेयी कह रहे हैं कि पंजाब को फौज के हवाले कर दो। कहां तो यह तय था कि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी मिल कर सरकार बनायेंगे और कहां यह दिन आ गया कि आर्तनाद हो रहा है—सरकार, हमारी जान बचाओ!

साधो पूरी ट्रेजडी और कामेडी एक साथ है। कहां पंजाब और कहां मध्यप्रदेश! कहां रावी और कहां नर्मदा! मगर भारतीय जनता पार्टी ने जुलाई के पहले हफ्ते में मध्यप्रदेश में पंजाब समस्या के हल के लिए आंदोलन करना तय किया है जिसमें एक लाख सदस्य गिरफ्तारी देंगे। साधो तुम कहोगे कि यह तो पागलपन है। इसका अर्थ क्या है? देखो यह पागलपन नहीं है। बहुत सोच-समझकर बनायी गयी योजना है। यह उसी बड़ी योजना के अंतर्गत है जो वाशिंगटन में बनी थी।

भारतीय जनता पार्टी वाले सच्चे राष्ट्रभक्त हैं इसलिए उस

योजना पर चल रहे हैं। हम राष्ट्रद्रोही हैं, तो आलोचना कर रहे हैं।

साधो, योजना के मुताबिक पूरे देश में अभी तक हिंदू सिख संघर्ष हो जाना चाहिए था। मगर इनके दुर्भाग्य से वह नहीं हुआ। भिंडरावाले और अटलबिहारी दोनों चाहते हैं कि झगड़ा देश भर में हो जाय। पर इधर हिंदू और सिख बहुत ज्ञान और समझदार हैं। वे हिल मिल-कर रह रहे हैं। इस हेल मेल, भाईचारा और शांति को नष्ट करना है। दोनों दल जनता को बेवकूफ मानते हैं और उनसे बेवकूफी कराना चाहते हैं। साधो, इस समय सबसे आसान राजनीतिक काम है—सरकार पर दोष लगाना कि वह पंजाब समस्या को हल नहीं कर रही है। असल में बी० जे० पी० चाहती भी नहीं है कि पंजाब-समस्या का हल हो। उसने शुरू से समझौते में अड़ंगा डाला है। अकालियों को भड़काया है। यह पार्टी चाहती थी कि सीधे सिख और हिंदू बांट बट जायें कांग्रेस का सफाया हो जाय और दोनों की सरकार बन जाय। इधर हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के हिंदू भी अपनी रक्षक भारतीय जनता पार्टी को मानें और वोट दें। मगर पंजाब में अब लोंगोवाल से नहीं, भिंडरावाला से निपटना पड़ रहा है। और इस समय भिंडरावाला ज्यादा बड़ा फासिस्ट नेता बन गया है। दो तरह के फासिस्टवाद की टक्कर में अटलबिहारी को मई में भी थपकपी आ रही है।

साधो, इसलिए रावी से राजनीतिक स्टंट की नहर निकालकर उसे नर्मदा में मिला रहे हैं। अटलबिहारी फरहाद होते तो शीरीं की शादी उसका बाप उनसे कर देता। साधो, तुम पूछोगे कि ये वीर—गिरफ्तारी कैसे देंगे? गिरफ्तारी तो कानून तोड़ने पर होती है। फिर यहां गिरफ्तार होने से पंजाब-समस्या कैसे हल होगी? साधो, तुम सीधे हो। पंजाब-समस्या का हल वे चाहते ही नहीं हैं। इस समस्या के हल होने से भारतीय जनता पार्टी का नुकसान है। ये लोग समस्या को विस्तार देना चाहते हैं। जब जुलाई में मध्यप्रदेश में आंदोलन करेंगे तो उत्तेजना तो फैलेगी ही। उस उत्तेजना में वे कुछ घटनाएं हिंदू सिख

टकराव को करवा देंगे। लीजिए साहब, पंजाब के बाहर हिंदू-सिख भेद की आग फैला दी। अब यह आग भारत के दूसरे भागों में भी फैल सकती है। इस तरह एक राज्य की समस्या कई राज्यों की समस्या बन जायेगी। इसका राजनीतिक लाभ भारतीय जनता पार्टी लेगी। मगर इस देश का, इस राष्ट्र का क्या होगा, इससे कोई मतलब इस पार्टी को नहीं है।

साथी, मगर रावी को नर्मदा में मिलाने का असली उद्देश्य मैं बताता हूं। मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का संगठन अच्छा है। कुछ उप चुनाव भी उसने जीते हैं। वह इस योजना से काम कर रही है कि अगले चुनाव में उसे विधानसभा में बहुमत मिले और उसकी सरकार बने। उसे आशा भी है। तो यह जो जुलाई में पंजाब के नाम से आंदोलन होगा, वह वास्तव में अगले चुनाव के लिए प्रोपेगंडा है। इसमें उपद्रव होंगे, कांग्रेस सरकार को गालियां दी जायेंगी। जहरीला वातावरण बनाया जायेगा। दंगे भी कराये जा सकते हैं। यह सब वोट लेने के लिए होगा। पंजाब के लिए नहीं। साथी, इस वक्त जब इनके नेता भिंडरावाला के नाम से कांपने लगे हैं, इन्हें तुम लोग शांत मध्यप्रदेश में हिम्मत दिलाओ।

३ जून, १९८४

## स्त्री अफसर और संस्कृति वाले

साधो, या तो मेरा विश्वास है कि जो गधा जहां चर रहा है उसे वहां चरने दो। और यह भी नीति ठीक है—राम की चिरिया, राम के खेत खाओ री चिरिया भर-भर पेट। इसलिए सरकारी शब्द 'एनक्रोचमेंट' 'अतिक्रमण' वगैरह मुझे पसंद नहीं हैं। गधे के पास जाकर कोई सरकारी अधिकारी उससे कहे कि तू जमीन पर अतिक्रमण कर रहा है, तू यहां से निकल जा, तो वह गधा दुलत्ती मारेगा अधिकारी के मुंह पर और फिर चरने लगेगा। यही उसका कानून है यही भूमि संबंधी संहिता है, यही गधा जाति की संस्कृति है—वह दुलत्ती मारकर रेंकने लगेगा। इसका बुरा नहीं मानना चाहिए। आखिर वह गधा है। अपने चरित्र और संस्कृति के हिसाब से ही चलेगा।

साधो, तुम पूछोगे, गुरु, आज गधे क्यों याद आ गये? साधो, बात यह है कि मुझे भी वह पत्र मिला है जो मध्यप्रदेश शासन ने बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों के नाम जारी किया है। इस पत्र में लिखा है कि सरकार ने कानून बनाया है कि जो गरीब आदमी जिस जमीन पर झोपड़ी बनाकर रहता है, वह जमीन उसी की हो जायेगी। पचास वर्ग मीटर तक जमीन का पट्टा उसे मिल जायेगा। पत्र में साफ लिखा है कि बिचौलिये, निहित स्वार्थी आदि इसमें अड़ंगे डालेंगे। इसलिए आपसे अनुरोध है कि गरीबों को आवास भूमि देने के इस पुण्य कार्य में सहयोग करें।

साधो, मैंने अपने घर के पास के झोपड़े वालों को बुलाकर कहा—

अब जमीन से चिपक जाओ। छोड़ना मत। कोई किराया माग या घूस मागे या खाली कराने को गुंडे भेजे तो घर के सब लोग जमीन पर लेट जाओ। एक आदमी मेरे पास आओ। मैं तुम्हे चिट्ठी लिखकर पुलिस और मजिस्ट्रेट के पास भेजूगा। यह मैंने अपना कर्तव्य किया। अखबारो म लिखकर भी सहयोग दे रहा हू। म जानता हू, मामला सरल नही है। बहुत उलझाव है। यहा सत्तर रुपया वगफुट जमीन का रेट है। गिद्ध ऐसी बढ़िया कीमती जमीन चिड़ियो को कैसे ले लेने देंगे! बाज झपट्टा मारेंगे इन चिड़ियो पर!

साधो, सबसे बड़ी चिंता भारतीय जनता पार्टी को है। पहले से इसके नेताओ ने सरकार के इस फैसले को आदत के मुताबिक चुनाव स्टंट कह दिया। यह आदत ऐसी है कि इस गर्मी म कहीं प्याऊ खोल दी जाय, तो यह भी चुनाव स्टंट है। अगर मुख्यमंत्री बाल कटाकर सदन म आ जाय तो यह भी चुनाव स्टंट। मगर बाद म इन लोगो न सोचा—अगर इसे स्टंट कहा तो झोपड़ी वाले नाराज हो जायेंगे। चुनाव सामने है। इसलिए इस तरकीब से चलो कि गरीबो को तो यह दिखाओ कि हम तुम्हे जमीन दिलाने के लिए प्राणो की बाजी लगा रहे हैं। मगर चुपचाप कोशिश यह करो कि इन्हे जमीन न मिले। पार्टी म बहुत बिचौलिये है जो झोपड़ी वालो से पैसा वसूलते है। फिर यह जमीन तो वे खुद हड़पने की तैयारी मे है। यह सकस के उस्ताद का काम है। एसी स्त्री का कमाल है जो वास्तव मे छिनाल हो, मगर पतिव्रता के रूप म पूजी जाती है। ऐसा कमाल भारतीय जनता पार्टी कर लेती है।

मगर साधो इसी से लगी दूसरी समस्या आ गयी—अतिक्रमण हटाने का हुक्म हो गया। सब जानते है कि सरकारी नगर निगम की नजूल की जमीन पर सबसे ज्यादा कब्जा भारतीय जनता पार्टी वाले ही किये हैं। अब सयोग यह कि अतिक्रमण हटवाने वाली नारी डिप्टी कलेक्टर! वह काफी साफ और सख्त मानी जाती है।

साधो, अब कामेडी देखो। स्त्री अफसर ने अतिक्रमण हटाने के सख्त आदेश दे दिये और पुलिस की दस रेल म अतिक्रमण हटाये जाने

लगे। भारतीय जनता पार्टी के नेता स्त्री अफसर के पास गये। पटाने की कोशिश की। वह पटी नहीं। धमकी दी कि आगामी सरकार हमारी बनेगी। वह डरी नहीं। इस दौरान एक अतिक्रमण हटाते समय परिवार के एक वृद्ध का हार्ट फेल हो गया। हार्ट फेल कैसे भी होता। पर इस पार्टी के नेताओं ने उसे अतिक्रमण से जोड़ा। बूढ़े की आत्मा की भी फजीहत की।

साधो एक जगी ग्रामसभा कर लो। अब एक बात समझ लो — भारतीय जनता पार्टी के नेता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से चरित्र का शिक्षण लेकर आते हैं। ये हिंदू संस्कृति में दीक्षित होते हैं। इस संस्कृति में नारी का बड़ा सम्मान है। यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता। इसे संस्कृति में पराई स्त्री को मां या बहन माना जाता है, जिन्हें स्त्री संबंधी अपराधों में जेल में होना चाहिए, पर वे संसद की शोभा बढ़ाते हैं।

मगर साधो, आखिर संस्कृति वाले लोग हैं। इन लोगों ने ग्राम सभा में उस युवा स्त्री अफसर का नाम नाम ले लेकर इतने पवित्र वचन बोले हैं, कि सुनने वालों ने शर्म से सिर झुका लिए। गंदी-गंदी गालियां, संभोग के शब्द सब्द पर सीधेपर बलात्कार करने की धमकी—उस स्त्री के लिए जो संस्कृति के अनुसार उनकी बहन होती है। वह विवाहिता है। तो जिन अंगों का नाम लिया, वे उसके खूब देखे और भोगे हैं।

साधो, एक दैनिक पत्र ने बड़े दर्द के साथ लिखा है कि यह क्या पागलपन है कि एक इज्जतदार स्त्री के बारे में ये नेता सभा में इतना गंदा बोले जितना रेडियो के दलाल भी नहीं बोलते। साधो, ये सब परम पवित्र वचन टेप हो गये हैं। कैसेट बन गये हैं। सुनकर लोग थूकते हैं। मगर बेशर्म के खास स्थान पर घड़ा खड़ा हो जाय तो वह कहता है, अच्छा है। छाया हो गयी। ये लोग खुद अपने गंवार चेलों को वे कैसेट सुनाते हैं कि देखो, तुम्हारे नेता कितने जोरदार हैं। यह

संस्कृति है। प्राणीशास्त्र कहते हैं कि सूअर और कुत्ते भी गाली नहीं बकते। अब तुम समझ गये होगे कि मैंने शुरू में गधे की संस्कृति क्या बतायी।

१० जून, १९८४

## मरहम लगाओ

साधो, स्वर्ण मंदिर में फौज के जाने से सरकार भी दुखी है, खुद फौज दुखी है, हम साधु दुखी हैं और आमतौर पर सब भारतीय दुखी हैं। मगर सवाल यह है कि फौज को बुलाया किनने ? किनके निमंत्रण पर फौज वहां गयी ? किन लोगों के कारण फौजों को वहां जाने पर मजबूर होना पड़ा ? इसका सीधा जवाब है—स्वर्ण मंदिर पर जिन्होंने कब्जा कर लिया था और जिनके हुक्म से पंजाब में उन्मादी सिख युवक चाहे जिसकी हत्या कर रहे थे—उन नेताओं ने फौज को बुलाया। जो यह मानने लगे कि इस देश में रहकर भी हम इसके नियम कानून, संविधान नहीं मानेंगे, हम इस देश की सरकार को भी नहीं मानते, हम पुलिस को नहीं मानते, हम न्यायालय को भी नहीं मानते—इन लोगों ने फौज को बुलाया। इनके कामों के निमंत्रण पर फौज गयी और इतने फौजी मारे गये, जितने भारत पाकिस्तान युद्ध के एक मोर्चे पर मारे जाते हैं। हरमंदिर साहब से गोलियां चलती रहीं और फौज के सिपाही मरकर या घायल होकर गिरते रहे। एक गोली भी उन्होंने नहीं चलायी क्योंकि उन्हें स्वर्ण मंदिर की पवित्रता का खयाल था। अगर यह पवित्रता का खयाल नहीं होता, तो कुछ तीस मिनट का काम था सफाया करने का। फौज के पास बड़ी तोपें और टैंक भी थे।

साधो, अगर किसी मंदिर में भक्त भगवान राम की प्रार्थना करने जायें और उनकी गर्दन काट ली जाय तो वह मंदिर नहीं, बूचड़खाना हो गया। अगर मस्जिद में मुसलमान नमाज पढ़ने जायें और उसे छुरा

घुसड दिया जाय तो वह मस्जिद नहीं रही। वह मकतल हो गया। अगर गुरुद्वारा में सिख मत्था टेकने जाय और उस गोली से उड़ा दिया जाय तो वह गुरुद्वारा कहा रहा? वह कत्लगाह हो गया। उसकी क्या पवित्रता? उसकी पवित्रता तो उन्हीं संतों और नेताओं ने नष्ट कर दी जो बंदूकें बम, बारूद लिए बैठे हैं और पवित्रता की आड़ में छिपे रहकर हत्या करवा रहे हैं। साधो, अब तो सिख भी स्वर्ण मंदिर जाने में डरते थे। वहां सिख भी मार डाले जाते थे। कई शरीफ धार्मिक सिखों ने अखबारों में बयान दिये कि अब तो हमें गुरुद्वारा जाते भी डर लगता है। किसी को भी तो ये लोग मार डालते हैं। साधो! इन लोगों ने जो संत और नेता कहलाते थे, स्वर्ण मन्दिर को अपवित्र कर दिया था। जो सिख अब पवित्रता भंग के नाम पर काली पगड़ी पहन रहे हैं काले पटटे लगाये हैं उन्हें तब काली पगड़ी पहननी थी। शोक दिवस वे ही थे। मगर तब ये चुप थे।

साधो, सिखों का इतिहास है कि उन्होंने कमजोरों, दीनों, पीड़ितों और बेकसूरों पर अत्याचार करने वालों का सिर काटने के लिए हमेशा तलवार निकाली। वही सिख बस रोककर बेकसूर मुसाफिरों को गोली से भून रहे थे। स्त्री और बच्चों को भी नहीं छोड़ते थे। राह चलते आदमी को गोली मार देते थे। गांव के चौपाल पर बैठे किसानों को गोली से भून देते थे। एक स्त्री को गोली मार दी जिसकी गोद में नौ महीने का बच्चा था। तब सिखों ने शोक क्यों नहीं मनाया? तब काली पगड़ी क्यों नहीं पहनी? तब क्यों नहीं गुरुद्वारों में प्रस्ताव पास करके इनकी निंदा की? क्या सच्चे सिख इस भेड़िया जैसे कुकर्म को धर्म और पंथ की रक्षा के लिए उचित मानते थे? पंजाब के बाहर जो ये काली पगड़ी बांधकर विरोध प्रकट कर रहे हैं अगर उनके साथ दूसरे लोग पंजाब सरीखा करने लगे तो क्या वह उचित होगा? जो पंजाब में धार्मिक और पवित्र हिंसा है वह मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश में धार्मिक और पवित्र क्यों नहीं होगी? है कोई तर्क? तर्कों को तो दफना दिया गया और पागलपन तक बन बैठा।

साधो भारत सरकार क्या करती? क्या इंदिरा घोषणा कर देती

कि इस देश में कोई सरकार नहीं है ? कोई कानून नहीं है ? कोई संविधान नहीं है ? अब हर राज्य में जो जिसकी चाहे हत्या करे। अब हम हत्या या किसी भी अपराध की छूट हर भारतीय नागरिक को देते हैं। अगर ऐसा होना पंजाब में जायज है तो बिहार और मध्यप्रदेश में भी। और अगर इसे पंजाब में रोकना धर्म पर हमला है तो बाकी भारत में रोकना भी धर्म पर हमला है। यह तर्क की बात है। क्या यह तर्क उपद्रव पर उतारू सिखों की समझ में आता है ? अगर आता है तो अपने भविष्य पर गौर करें।

साथी, हम इन शोक मना रहे उत्तेजित सिख भाइयों से कहते हैं कि जो यह हो रहा है, उसकी योजना अमृतसर में नहीं, वाशिंगटन में बनी है। यह गुप्त योजना गुप्त नहीं, सी० आई० ए० की है। यह अमेरिका के अखबारों में भी छप चुकी है। उस योजना में यही है—सारे भारत में हिंसा और अराजकता फैलाना, क्षेत्रीयता को बढ़ाना, देश के टुकड़े-टुकड़े कर देना। इसके लिए अरबों डालर गुप्त रूप से इस देश में आ रहे हैं। विदेश में खालिस्तानी नेता डॉ० जगजीतसिंह वगैरह अमेरिकी पैसा खा रहे हैं और यहां के सिखों को भड़का रहे हैं। सारा षड्यंत्र पाकिस्तान और चीन के माफत हो रहा है। जम्मू में सिखों ने नारे लगाये—खालिस्तान जिंदाबाद ! पाकिस्तान जिंदाबाद ! दोनों एक साथ जिंदाबाद !

साथी अब जनरल आर कहते हैं कि स्वर्ण मंदिर अहाते में बिल्कुल आधुनिक विदेशी हथियार मिले। वही हथियार मिले जो अमेरिका ने अफगान विद्रोहियों को पाकिस्तान के माफत दिये हैं। यह बात कोई राजनेता नहीं बोला। राजनेता झूठ भी बोल जाता। मगर यह बात एक सीनियर लेफ्टिनेंट जनरल ने कही है। इसलिए सही है। सवाल है कि अकाली नेता और संत भिंडरवाला हमारे देश के दुश्मनों से मदद क्या ले रहे थे ? उनके दिये हथियारों का क्या इस्तेमाल कर रहे थे ? कोई भी सिख अपनी आत्मा पर हाथ रखकर अपने आपसे पूछे कि क्या यह देशभक्ति है ? अगर नहीं है तो क्या है ? कुछ और है ? इस कुछ और की सजा दुनिया के किसी भी देश में क्या

होती है ?

साधो, हम तो सबका भला चाहते है। सिख भाइयो से कहते हैं कि दिमाग को ठडा करके सोचो। पजाब का तो आधा-गा नाश वे लोग कर चुके थे। उसे ठीक करना है। मगर बाकी देश में अमन चन, भाई चारा होना चाहिए।

साधो, साफ बात यह है कि ये लोग पाकिस्तान और चीन की मदद से बागलादेश जैसा करना चाहते थे। पूरी योजना १९७१ के बागला देश सघप की थी। उसी मेजर जनरल ने, जिसने बागला देश में मुक्तिवाहिनी को प्रशिक्षण दिया था सिख युवको की भी मुक्तिवाहिनी बनायी थी। बहाना बनाकर पाकिस्तान और चीन उनकी मदद के लिए घुसते। यह योजना नाकाम कर दी गयी। इस पर सिखो को, अगर वे भारत के नागरिक है शोक मनाने और काली पगडी पहनने की जरूरत नही है। ऐसा करना अपनी वफादारी पर शक पैदा करना होगा। कभी कभी बुद्धि से भी काम लिया जाता है।

१६ जून, १९८४

## चुनाव के चैतुआ चले

साधो, गाँव में जब हम लोग रहते थे, तब एक घटना हो गयी थी। एक स्त्री लछमी पड़ोस में रहती थी। उसका पति एक औरत को लेकर भाग गया, मगर गाँव में यह प्रचार कर गया कि लछमी बदचलन है। तब अड़ोस पड़ोस की औरतें बैठतीं तो उनमें बात होती—बहना, जैसो लछमी के साथ हुआ वैसो भगवान कोई के साथ न करे। दखी, मरद की जात। खुद तो एक छिनाल रखे था और बदनाम कर गया बेचारी लछमी को। लछमी ऐसी अच्छी है। दूसरे आदमी की तरफ आख उठाके नहीं देखती। तब कोई धीरे से कहती—बाबी, तिरिया चरित्तर को भगवान भी नई जाने। क्या पता लछमी बाहर कछू और भीतर कछू और होय! दूसरी औरतों ने भी कहा—कहा, लछमी के रंग-ढंग कभी-कभी कछू अच्छे नहीं लगत। बजार में इत्ती दुकान है पर लछमी उस छैल छबीले रामकिसन सेठ की दुकान पै ही क्यों जाती है? एक ने कहा—अरी जीजी, बड़ी देर तक उसके साथ हँसी ठिठोली करती है। उसका दिया पान खाती है। वे औरतें जो लछमी के पक्ष में बात शुरू करती थीं, इस निष्कर्ष के साथ उठतीं थीं कि लछमी में गड़बड़ है।

साधो, यह घटना मैंने तुम्हें इसलिए सुनायी कि आजकल जनता पार्टी अध्यक्ष चन्द्रशेखर की हालत इस लछमी की तरह ही हो रही है। उनकी पार्टी के नेता यह बदनामी करते पार्टी छोड़ रहे हैं कि चन्द्रशेखर भ्रष्ट हैं। उसने बिहार में विधायक खरीदने के लिए तीन लाख रुपए

दिय थे। साधो, तीन लाख मे कोई बदनाम हो जाय, यह बडी हसी की बात है। हरियाणा में एसे महापुरुष हैं जो पाच लाख की दर से बीस विधायक थोक खरीदत रह है। मगर गरीब पार्टी और गरीब चद्रशेखर। वही हाल हुआ कि गाव की मनचली से गाव का रसिया मेले मे कह—आज रात को मिलेगी? वह जवाब देती है—हा, न पडा खिलाय न अगूठी पहनाय—और कहे कि रात को मिलेगी! रसिया उसे आधा किलो पडे खिलाता है और निकल की रगीन अगूठी पहना देता है। देखने वाली देख लेती है और प्रचार शुरू—मैंने अपनी आखो से देखा। वह हस हस के पेडे खा रही थी उसके। बडी बेशरम है। अरी दस ठो पेडा में बिक गयी!

साधो, आज चद्रशेखर आधा किलो पेडे और निकल की अगूठी में बिकी बदचलन औरत जैसे हो गय ह। साधो जिन सुब्रह्मण्यम स्वामी न यह प्रचार किया कि मैंने इसे पेडे खाते और ठिलठिल करते देखा वे स्वामी खुद ऊचे रट की राजनीतिक कॉलगल ह। वे नकद लेती हैं और कम से-कम थ्री स्टार होटल में शरीर देती ह। चद्रशेखर बलिया क देहाती है ता छबीली थोडे में फस गयी। सुब्रह्मण्यम स्वामी हारवड की पढी सी० आई० ए० से आसन सीखी, अमेरिकी स्टट डिपाटमेंट की प्रतिष्ठित कॉलगल है। उनकी ग्राहकी ऊची ह। वह जनरल जिया क पास चीन के प्रधानमत्री के पास इसराइल के प्रधानमत्री के पास जाती है। य दो टाइप हुए। तीसरा टाइप उन पार्टियो में उनका है जिनका ले रुपय में अच्छे होटल में नही मोटर गरिज में ही ले जाओ। साधो सिद्धातविहीन और केवल सीट तथा सत्ता क लिए जो पार्टिया चलती है उनमें राजनीतिक कालगल होती है बाजार म बैठी खुली वश्याए होती ह और एक से ज्यादा आदमियो को फसाय बठी मनचली होती ह।

साधो, जनता पार्टी छोडकर बहुत लोग चले गय और जा रहे हैं। इनके नेता हैं समाजवादी लोग। इनकी रैली का उद्घाटन चरणसिंह ने किया। उसी चरणसिंह को य समाजवादी यह कहकर छोड आय थे कि तानाशाह अवसरवादी और सिद्धातहीन है। य समाजवादी उसी

चरणसिंह के पास लौट रहे हैं। छोड़ देने और फिर कर लेने में कई औरतें कोई संकोच नहीं करती। नीची जातियों में इस मामले में कुछ शब्द प्रचलित हैं—'उसके घर बैठ गयी' और फिर 'छोड़ छुट्टी ले ली' और 'फिर कर लिया।' इस स्तर की राजनीति हो गयी है।

साधो, चंद्रशेखर के बारे में मुझे तभी डर पैदा हो गया था, जब उन्होंने कन्याकुमारी से दिल्ली तक पैदल यात्रा करके दूसरे 'लोकनायक' बनना चाहा था। तभी कुछ जनता पार्टी नेता एतराज उठा रहे थे कि चंद्रशेखर ने पार्टी की मंजूरी नहीं ली। व्यक्तिगत निर्णय ले लिया। फिर चंद्रशेखर गलत दिन दिल्ली में आये। उन्हें दो दिन हरियाणा में रुककर आना था। इस बीच कपिलदेव इंग्लैंड में प्रूडेंशल कप जीत लेते। मगर जब दिल्ली में चंद्रशेखर ने प्रवेश किया तब वहां कपिलदेव की जय हो रही थी। ये समझे थे मेरी जय होगी। लोग टेलीविजन से चिपके बैठे थे, तो इनकी रैली भी नाकामयाब हो गयी। कपिलदेव ने चंद्रशेखर को एल० बी० डब्ल्यू० कर दिया।

साधो तभी से जनता पार्टी में खींचतान मची है। बिहार की घटना ने साफ टूटन की तैयारी कर दी है। पुराणपुरुष मोरार जी डॉ० स्वामी के समर्थक हैं। ये जो निकलकर चरणसिंह के पास जा रहे हैं, सो इस आशा में कि चौधरी हमें सीट दे देगा। मगर चौधरी का समझौता भारतीय जनता पार्टी से है, तो इन्हें अलग 'सब दल' करना पड़ेगा। अभी ये जरूर शेखी बघार रहे हैं कि हम चौधरी को अटलबिहारी से काट लेंगे।

साधो, चिंता की बात नहीं है, पार्टियां सब रहेंगी। ये धीरे धीरे सगे भाई हो जायेंगे, क्योंकि इन्हें सिद्धांत की कोई झंझट नहीं है। कोई पार्टी मरने लगेगी, तो अखबार एक हफ्ते में उसे आल इंडिया पार्टी बना देंगे। वे जगजीवनराम की पार्टी का अपने शहर में एक भी आदमी का नाम नहीं बता सकते। मगर उनकी कांग्रेस (जे) को अखबार आल इंडिया पार्टी बनाये हैं। सबका भला होगा। चंद्रशेखर का भी भला होगा और जाज का भी।

साधो, राजनेताओं और उनके अनुयायियों के इस दल से उस दल में और उस दल से तीसरे दल में आने-जाने में कुछ अजीब नहीं है। चुनाव राजनीति के चैत का मौसम है। चैत में समूह-के-समूह फसल काटने वाले यहां से वहां जाते हैं। इन्हें 'चैतुआ मीत' कहते हैं। जब तक एक जगह फसल काटते रहते हैं, तब तक साथ रहते हैं और दोस्त रहते हैं। वहां का काम खत्म होने पर यहां वहां चले जाते हैं—

खाई रोटी गाये गीत
जे चल दिये चैतुआ मीत

साधो, ये सब राजनीतिक वाले सिर्फ 'चैतुआ मीत' हैं।

२४ जून, १९८४

## विरोध का फार्मूला

साधो, भारत म जैसा अदभूत राजनीतिक विपक्ष है वैसा दुनिया के किसी लोकतत्र मे नही। मैं कल्पना नही कर सकता कि ऐसा विराध पक्ष कभी भविष्य मे कही होगा भी। भारत मे एक तो वामपथी विराध पार्टिया हैं। इनका आधार एक विचारधारा, सिद्धात और कायक्रम है। मैं इनकी बात नही कर रहा हू। मैं बात कर रहा हू, गैर वामपथी विरोधियो की जिनका सिद्धात है— राम की चिडिया राम के खेत, खाओ री चिडिया भर भर पेट। चिडिया तो है राम के खेत भी हैं मगर फसल नही है।

दक्षिणपथी पार्टियो का काम बहुत ही आसान है। एक तो इनमे से अधिकतर में एक व्यक्ति होता है जो पहले मत्री या मुख्यमत्री रह चुका हो। पता नही उसने किस तरह इतना धन कमाया होता है कि अकेली दम पर पार्टी चला लेता है। एसी पार्टिया बहुगुणा, जगजीवनराम व शरद पवार की हैं। ये सब अगर इदिरागाधी द्वारा मत्री या मुख्यमत्री बना दिये जाते तो ये पार्टिया बनती ही नही। अब जनता पार्टी व लोकदल जसी पार्टिया—इनके एक तिहाई सदस्य हमेशा गतिवान रहते हैं। आज लोकदल म हैं तो कल जनता पार्टी म और परसा फिर लौटकर लोकदल म। फिर किसी प्रदेश म एक ही पार्टी के दो नेताओ म नही पटी तो दोनो अलग अलग पार्टिया बना लेते है।

साधो, दूसरे लोकतात्रिक देशो मे विरोध पक्ष म मजबूत सगठन होता है। जैस इग्लड म कजरवेटिव लेबर पार्टियां हैं। इनके अपने घोषणापत्र हैं कायक्रम हैं। इनमे कभी नही सुना कि लेबर पार्टी और

कजरवेटिव पार्टी मे आया राम—गया राम हुआ हो। वहा विरोध पक्ष बहुत गभीर होता है। राष्ट्रीय पक्ष पर गैरजिम्मेदारी से बर्ताव नही करता। सरकार के हर काय का विरोध नही करता, हर चीज का दोष सरकार के माथे पर नही मढता। जैसे कजरवेटिव पार्टी की सरकार है तो लेबर पार्टी के विशेषज्ञ उसकी अथ नीति, विदेश-नीति, उद्योग नीति आदि का गहरा अध्ययन करेंगे। साथ ही अपने विचार रखेंगे। लेबर पार्टी की एक 'शेडो केबिनेट' होगी यानी आगामी चुनाव जीतने पर कौन किस विभाग का मत्री होगा, यह पहले से तय होगा। इतनी तैयारी के साथ राष्ट्रीय हित ध्यान मे रखकर लेबर पार्टी कजरवेटिव सरकार की आलोचना ठोस मुद्दो पर करेगी।

साथो यह कितना कठिन काम है। पार्टी को सगठित रखो, विचार करो अध्ययन करो, नीति बनाओ सिद्धात के अनुसार चलो। कितनी बडी झझट है। हमारे भारत म विरोध पक्ष ने कितना सरल रवया अपना लिया है। एक तो पच्चीस विरोधी पार्टिया हैं इनम हर एक का छोटा, मझोला, बडा नेता—सिफ सीट पाने करने म लगा रहता है। कभी इस पार्टी से पटाई, कभी उस पार्टी से पटाई। सिद्धात कायक्रम नीति—सब मिलाकर सिफ सीट होती है।

अब इन विरोधियो की सरकार की आलोचना भी कितनी सरल होती है। इनमे न कुछ अध्ययन करना पडता है न विचार, कोई मेहनत ही नही पडती। बुद्धि को तकलीफ देने की जरूरत नही पडती देश के भले-बुरे का विचार करने की भी झझट नही है। सीधी लाइन है। जो कुछ इदिरा सरकार करती है उसे सबको गलत कहो और हर समस्या की जिम्मेदारी इदिरा गाधी के सिर पर रखो जाओ। कितना आसान काम है। भूकप कही आ जाये तो पोस्टर बयान जारी करेंगे कि इदिरा गाधी ने भूकप कराया जनता विनाश किया। नदियो म बाढ म तबाही हो तो सीधा आरोप—इदिरा गाधी के कारण बाढ आयी और जनता विनाश हुआ।

साथो पजाब-समस्या को लो, इस बारे म विरोधी लोग बिलकुल

स्पष्ट है। वे कहते हैं कि पंजाब की समस्या इंदिरा गांधी ने पैदा की। अकालियों को दोष नहीं देते, बात आगे बढ़ी तो समझौता वार्ता चलने लगी, विरोध पक्ष ने अकालियों को उत्तेजित करके कोई समझौता नहीं होने दिया मगर बयान दिये—इंदिरा गांधी समझौता करना ही नहीं चाहती—समझौता नहीं करना इसमें वे राजनीतिक लाभ देखती हैं। इस बीच हत्यारे आतंकवादियों के गिरोह के नेता भिंडरावाला सबसे ऊपर आ गया और पंजाब में हत्याएं होने लगीं। तब इन्हीं विरोधियों ने बड़ी समझदारी की बात की कि भिंडरावाला को इंदिरा गांधी ने बनाया है और वह उनका एजेंट है। क्या सच है, क्या झूठ—सब खुल जायेगा मगर मैं समझ के आदमी से पूछता हूं—क्या किसी देश का प्रधानमंत्री इतना मूर्ख होगा कि खुद हत्यारों और आतंकवादियों की फौज बनवाये? अपने ही देश के भीतर और इस प्राइवेट आतंकवादी फौज का किसी को नेता बनाये? ऐसा कोई पागल और मूर्ख प्रधानमंत्री कर सकता है? वह आतंकवादियों की फौज प्रधानमंत्री के खिलाफ भी आगे चलकर कार्यवाही कर सकती है। इंदिरा गांधी बहुत चतुर, चालाक व समझदार प्रधानमंत्री हैं। भिंडरावाले की हथियारबंद फौज वे खुद बनवायेंगी, ऐसी नासमझ प्रधानमंत्री उन्हें कोई नहीं मानेगा।

साथी, जब हत्याएं होने लगीं, बैंक लूटने लगे और विरोध के नेता मारे जाने लगे तब इन नेताओं ने चिल्लाना शुरू किया कि इंदिरा गांधी कठोर कदम नहीं उठा रही है, उन्हें कठोरता से आतंकवादियों को कुचल देना चाहिए। अटलबिहारी वाजपेयी, जिन्हें जान से मार डालने की धमकी मिल रही थी—बार बार चिल्लाने लगे कि स्वर्ण मंदिर में सेना भेज देना चाहिए। यही अटलबिहारी वाजपेयी कुछ महीने पहले कहते थे कि इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार की पुलिस पंजाब में अत्याचार कर रही है।

साथी, स्वर्ण मंदिर में सैनिक कार्यवाही हो गयी और पंजाब में फौज छिपे आतंकवादियों को निकाल रही है। मगर उन्हीं अटलबिहारी वाजपेयी की पार्टी की मांग है कि पंजाब में सेना भेजने की उच्चस्तरीय

जाच हो। यह सब मामला कितना हास्यास्पद है! पिछले पाच छह महीनो म इस विरोध पक्ष के कारनामे और बयान पर तो बच्चे को भी हसी आ जायेगी।

अगर साधो, इस पर ध्यान दो कि भारत म विरोध पक्षी होना कितना सरल है कितना सीधा फार्मूला है। अब असम का लो। यह भी बहुत सरल मामला है। असम समस्या इदिरा गाधी ने पैदा की, यह बात ये कहे जायेंगे। दूसरे लोग सब जानते हैं कि असम-समस्या विदेशी एजेंटो, खास कर चीनी एजेंटो, सी० आई० ए० मिशनरियो और राष्ट्रीय स्वयसेवक सघ ने पैदा की। असम आदोलन के नेता दिल्ली मे प्रधानमत्री से समझौता करके निकलते थे और विरोध के नेता उनसे दूसरे दिन बयान दिलवा देते थे कि हमारा कोई समझौता नही हुआ, हम आदोलन चालू रखेंगे। ये नेता बयान देते थे कि आदोलनकारी तो समझौते को तैयार थे परतु इदिरा गाधी समझौता करना नही चाहती। साधो, जरा सोचो कि क्या कोई प्रधानमत्री अपने बारे म यह राय बनने देगा कि उससे आतरिक समस्या हल नही हो रही?

साधो, कितना आसान काम है भारत म इस दक्षिणपथी विरोध पक्ष का! दुनिया के दूसरे लोकतत्रो म विरोधी राजनेता अगर गभीर हैं, सोचते हैं, समस्या का हल खोजते ह, अध्ययन करते हैं, देशहित का खयाल रखते ह तो फालतू मेहनत करते हैं। बेवकूफ लोग हैं। उन्हे भारत आकर ट्रेनिंग लेनी चाहिए।

८ जुलाई, १९८४

## 'बेशरम' के पौधे

साधो, हजारो गाव जहा इस मौसम मे बह जाते है, वहा हमारे साथ कोई ज्यादती उस रात नही हुई जब मुहल्ले के मकानो मे आधी रात को पानी भर गया। बस, जरा-सा फर्क है। हमारे साथ जो हुआ, उसकी जिम्मेदारी प्रकृति पर नही है— उन पर है जिन्हे ऐसा नही होने देने की तनख्वाह मिलती है। कुछ जिम्मेदारी हमारी भी है। उस रात करीब दो बजे हल्ले से नीद खुली तो देखा, कमरे मे पानी भरा है और हम पलग पर लेटे है। भागने का सवाल ही नही था। पक्के मकान है। थोडी देर बाद पानी निकल जाता।

साधो यह मुहल्ला सिविल लाइस सरीखा है। तरह-तरह के टैक्स कार्पोरेशन और सरकार लेती है हमारी हिफाजत के लिए। मगर सारे अधिकारी और कर्मचारी हमारे लिए बठे हुए सिर्फ प्रार्थना करते हैं

जय जगदीश हरे
भक्त जनो के सकट पल मे दूर करे।

साधो, इसी प्रार्थना का प्रताप है कि सडको पर चौथाई शताब्दी से गहरे गड्ढे देख रहा हू। ये गड्ढे शायद बाईसवी शताब्दी मे भरे जायेंगे। लडकियो के कॉलिज के सामने की सडक पर गड्ढो का खास इतजाम किया गया है। उद्देश्य यह है कि लडकियो की साइकिलें इनमे गिरें और गुडे उन्हें आसानी से पकड सकें। प्रशासन, पुलिस, कार्पोरेशन, पब्लिक हैल्थ विभाग के सहयोग का नतीजा है कि सडकें पहाडियो जैसी है और दो घंटे की बारिश मे पक्के घरो मे पानी घुस जाता है। मैं अपने

शहर की तारीफ नहीं कर रहा हूं। हर शहर का यह हाल है क्योंकि भारत की आत्मा एक है जनचरित एक है संस्कृति एक है। इसीलिए

कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी
कब से रहा है दुश्मन दौरे जहां हमारा।

साधो, कुछ नुकसान खास नहीं हुआ। हम कई साल पहले की वह रात याद है, जब रात भर में १७ इंच पानी बरसा था। सुबह नावें चली थीं। तो कल परसों का तो कोई यह हादसा नहीं था। सुबह आपस में बातें करने के लिए अच्छा विषय ही था। मेरे पास भी तीन चार पड़ोसी बैठे थे। उनमें से एक के घर में पीछे की दीवार की दरार को चौड़ा करके पूरे घर में पानी भर गया था। सवाल यह है कि पानी बह क्यों नहीं गया? इकट्ठा कैसे होता गया? हम दो नालों के बीच में रहते हैं। एक तरफ बड़ा नाला है जो बरसात में नदी बन जाता है। दूसरी तरफ छोटा नाला है जो रेलवे की हद में नाम मात्र को है। इसकी जिम्मेदारी से कार्पोरेशन बरी है और रेलवे को परवाह नहीं है क्योंकि उससे रेलवे का कुछ नहीं बिगड़ता।

साधो, बातचीत दुघटना नहीं, उत्सव के मूड में हो रही थी। सामने की सड़क भी योजना से ऐसी संवेदनशील बनायी गयी है कि आसपास के पानी के घुस जाने और ऊपर से दबाव पड़ने के कारण, सड़क में से फुहारे फूट पड़े थे। आठ-दस फीट ऊंचे फुहारे। ऐसे सुखदायी वातावरण में पानी भरने के कारणों का विवेचन हो रहा था। एक सज्जन परेशान थे। बोले—हम दो नालों के बीच हैं। उधर के नाले से रेला आये, तो इधर के नाले में बह जाये। इधर के नाले का रेला आये तो उधर के नाले में बह जाये। मुझे गालिब का शेर याद आया

हुए हम जो मरके रुसवा, हुए क्यों न गर्क दरिया,
न कहीं जनाजा उठता, न कहीं मजार बनता।

गालिब 'गर्क दरिया' होने के लिए ऐसी ही जगह रहना पसंद करते। बह जाते। न कहीं जनाजा उठता, न कहीं मजार बनता।

साधो, एक पड़ोसी दोनों नालों का मुआइना करके लौटे तो बोले—

रेलवे तरफ का जो नाला है वह कभी साफ नहीं हुआ। वह मलवे से भरा है। लिहाजा हमारे तरफ का पानी उधर बहकर जाता है तो नाले का तेज पानी उसे अपने साथ वापस बहा लाता है। यह पानी हमारे घरों में घुसता है। दूसरे तरफ के बड़े नाले का यह हाल है कि आसपास के लोग सारा साल इसमें अपने घरों का कचरा डालते हैं। कार्पोरेशन ने जगह जगह कचरा डालने के टैंक बना रखे हैं। पर वहां कौन कचरा डालने जाय! सच्चा भारतीय वह है जो छज्जे से अपने पड़ोसी के बरामदे में कचरा फेंके। तो यह नाला सकरा हो गया। दूसरी तरफ गया पानी लौटकर इधर ही आता है। गंगा-यमुना मिल जाती है। इसका पुण्यफल आप देख ही रहे हैं—घरों में पानी है और सड़क पर फुहारे हैं।

साधो, वे सज्जन क्रोध से बोले—सब हरामखोरी चल रही है। साल भर समय समय पर इन नालों की सफाई होनी चाहिए। इन्हें चौड़ा और गहरा करते जाना चाहिए। मुहल्ले की नालियों का बहाव नाले तक साफ रखना चाहिए। तब ये नाले बरसात सभाल सकते हैं।

साधो, तभी एक बुजुर्ग स्थिति का अध्ययन करके आये। उन्होंने समझाया—देखिए, नाले के किनारे पर 'बेशरम' के आठ आठ फीट ऊंचे पौधे खड़े हैं। इन्होंने घनी झाड़ी का रूप ले लिया है। 'बेशरम' के पौधे ऐसे ही इकट्ठे पैदा होते हैं। इनका डंठल पोला होता है और किसी किसी में सांप रहता है। 'बेशरम' की झाड़ियों ने मिट्टी रोक रखी है, पौधे भी सघन हैं। अब बताइए पानी नाले में जाये तो कैसे जाय? सारा पानी ये 'बेशरम' रोक लेते हैं।

साधो, मुझे समझ में आ गया कि हमारी मुसीबत का कारण ये 'बेशरम' हैं। ये कहीं भी पैदा हो जाते हैं और इनके भीतर सांप रहते हैं। मगर 'बेशरम' सिर्फ इस नाले के किनारे थोड़े ही हैं। 'बेशरम' कहां नहीं हैं! मध्यप्रदेश में हैं तो क्या बिहार में नहीं हैं? दिल्ली में नहीं हैं? किस क्षेत्र में बेशरम की कतारें नहीं हैं? राजनीति से लेकर, धर्म, व्यापार, प्रशासन, विकास योजनाएं, शिक्षा सब जगह 'बेशरम'

छाप हैं। अखिल भारतीय से लेकर स्थानीय 'बेशरम' तक हैं। इनके भीतर साप रहते हैं, तो लोग इन्हें उखाड़ने में भी डरते हैं। सचमुच हमारी सारी दुर्गति का कारण ये 'बेशरम' के पौधे हैं, जो तीस पैंतीस सालों में अब झाड़ हो गये हैं।

३१ जुलाई, १९८४

## अब ओलंपिक का विलाप

साधो, किसी किसी जाति का यह परंपरागत स्वभाव बन जाता है कि उसे समय समय पर रोने और शिकायत करने के लिए कोई घटना चाहिए। यों तो देश में कुछ न कुछ होता ही रहता है—जैसे साम्प्रदायिक दंगा। साल में कम से-कम दो बार दंगा कराने वाले इस जाति को रोने और शिकायत करने का मौका देते हैं। इससे जातीय मन खिन्न होकर स्वस्थ रहता है। एक-दो महीने धर्मों की एकता का प्रचार होता है, हिंदू मुस्लिम-सिख ईसाई, सब भाई भाई हो जाते हैं और अगले दंगे की राह देखते हैं।

साधो, इस वक्त रोने और शिकायत करने का मौका ओलंपिक ने दिया। हाय हाय मची है कि सत्तर करोड़ का देश और एक ठीकरे का मैडिल भी नहीं लाये हमारे खिलाड़ी। हम उद्बोधन देने वाले हमारे युवकों को 'वीरों की संतान' कहते हैं। मगर सारे वीर तो घूस खाने और काला पैसा कमाने में लगे हैं। इनकी जातिगत संतान कैसी हो रही है यह किसी भी कालेज और विश्वविद्यालय में देखी जा सकती है। अब तो खेल के मैदान भी नहीं रहे। युवकों में जो खास वीर हैं, वे हॉकी स्टिक लेकर खेलने जाते नहीं दिखते। वे जेब में चाकू रखकर शाम को मुफ्त शराब और मुर्गे की तलाश में निकल पड़ते हैं। स्कूलों, कालेजों से ही खिलाड़ी पैदा होते हैं। अब वहां से उठाईगीर पैदा होते हैं।

साथो रोना है तो गाओ। मगर रोने का कारण मुझे कोई नहीं लगता। वह लड़की पा० टी० ऊषा एक सेकेंड के सौवें हिस्से से पदक खो आयी है। हम कल्पना नहीं है कि एक सेकेंड का सौवां हिस्सा कितना होता है। एक रिकॉर्ड तो एक सेकेंड के हजारवें भाग से टूटा है। मगर मैं कहता हूं कि यह गणना तुम्हें किसने सिखाई? हम चाहे कभी एक पदक भी न जीतें, मगर जो गणना तुम करते हो, वह कर नहीं सकते थे अगर भारत के प्राचीन मनीषियों ने शून्य और दशमलव का आविष्कार न किया होता। तुम समय क्या नापते अगर हमारे मनीषियों ने 'काल' चिंतन करके तुम्हें समय न समझाया होता? विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वगैरह चिल्लाते क्यों नहीं कि मामा, हमारी ऊषा हारी, मगर जिस गणना से वह हारी, वह हमारी ही दी हुई है। कम से कम यह श्रेय तो हम दो चाहे मेडिल तुम सब ले जाओ।

साथो, अभ्यास नहीं था, ठीक ट्रेनिंग नहीं थी, ताकतवर भोजन नहीं था ठीक चुनाव नहीं था हारना तो था ही। मगर हारने से भी जो खराब बात हुई वह यह कि हमारे खिलाड़ी ऐसा अनुभव करते रहे कि वे दुश्मनों के बीच आ गये हैं। हमारे खिलाड़ियों का अपमान हुआ, उन पर हमले हुए, हमारा राष्ट्रीय झंडा पैरों तले कुचला गया। ऐसा सिर्फ भारतीयों के साथ हुआ। वहां खालिस्तानियों, पाकिस्तानियों और अमेरिकी उचक्कों ने यह किया। अमेरिका हमारी टीम को सुरक्षा नहीं दे सका। शायद, सुरक्षा देना जरूरी भी नहीं समझा। या शायद जान बूझकर हमारा अपमान किया गया। अमेरिकी शासन भारत की नीतियों से इतना परेशान है कि उसे भारतीय टीम का आना ही बुरा लगा होगा।

साथो यह आधी दुनिया का ओलंपिक था। रूस ने अमेरिका से कहा था कि वह तब शामिल होगा, जब अमेरिका ओलंपिक के नियमों और शर्तों का पालन करेगा। इनमें प्रमुख शर्त के अनुसार अमेरिका को रूसी टीम की सुरक्षा का आश्वासन देना था। अमेरिका ने

आश्वासन नही दिया। वह शायद दे भी नही सकता। जहा राष्ट्रपति रीगन ने ऐसे कठघरे से उद्घाटन किया जो 'बुलेट प्रूफ' था, वहा बाहर के लोगो की खास कर रूसियो की रक्षा कैसे होती। प्रचार से रूसियो के खिलाफ इतना जहर भरा गया है कि उन पर हमला भी हो सकता था। नतीजा यह हुआ कि रूस और दूसरे समाजवादी देशो ने ओलपिक मे भाग नही लिया। तब अमेरिका ने कोस्टारिका जैसे छोटे छोटे देशो को मनाया कि तुम तो आओ।

मगर साधो, रूसी बायकाट से अमेरिका को बहुत फायदा हुआ। ओलपिक मे सबसे ज्यादा गोल्ड मैडिल रूस को मिलते थे और उसके बाद पूर्वी जर्मनी को। अमेरिका का नबर तीसरा आता था। इस बार सबसे अधिक गोल्ड ले गया अमेरिका—अस्सी से ऊपर। अगर रूस और पूर्वी जर्मनी आ जाते तो यही पद्रह बीस गोल्ड मिलते। वे नही आये तो ढेर लग गया। एक पान के ठेले पर रेडियो पर ओलपिक समाचार आ रहे थे। आठ दस लोग खडे सुन रहे थे। बार बार सुनायी पडता कि अमेरिका के इतने गोल्ड मैडिल हो गये। पान वाले ने रिमार्क किया—ले जा पट्ठे सारे गोल्ड! तेरा चाचा नही आया है न!

साधो, अगला ओलपिक दक्षिण कोरिया मे होगा। दक्षिण कोरिया अमेरिका का चमचा है। तो आगामी ओलपिक मे अमेरिका को दक्षिण कोरियाई सरकार से कहना चाहिए कि कुछ ऐसा करो जिससे रूस और पूर्वी जर्मनी नही आयें। तब अधिकाश गोल्ड मै ले जा सकूगा।

साधो मगर भारत को भी सोचना चाहिए कि उसे अपनी बेइज्जती कराने कहा कहा जाना है। एक लिस्ट बन जाय विदेश विभाग मे उन देशो की जहा बेइज्जती कराना राष्ट्रीय गौरव के लिए जरूरी है। एक बात तो सीधी है—अमेरिका और उसके चमचा देशो मे जाओ तो बेइज्जती होगी।

१९ अगस्त, १९८४

# हनुमान फिर युद्ध-क्षेत्र मे

साधो, जो विदूषक सनकी, बदर हनुमान, पगला कहलाता है वही राजनारायण फिर विरोधियो की एकता करवा रहा है। उसने पहले भी एकता करायी थी, और फिर तोडी भी थी। अब फिर वही एकता करायेगा और फिर वही तोडेगा। अभी एकता के देवता फिल्मी भगवान रामाराव थे। वे रेशमी गेरुआ सन्यासी वेश धारण कर, अर्द्धनारीश्वर बने भारत की राजधानियां जाते थे बैठकें आध्र प्रदेश हाउस मे करते थे, हाथ जोड मुस्कुराते हुए हठी चरणसिंह और अटलबिहारी के द्वार पर पहुच जाते, तो वे भी आ जाते। अटलबिहारी बीच बीच मे एलान करते कि अगला प्रधानमत्री दक्षिण भारत का होगा, तो भगवान राम समझते कि वह मैं ही हू। इधर चरणसिंह गुर्राते—अच्छा अटलबिहारी, तुझे देखूगा।

साधो इस वक्त जब व राजधानी म महीने भर नही थे, तब भास्कर राव ने अपनी सेना से राजमहल घेर लिया। राम लौटे तो उनसे कहा गया कि आप सिंहासन स उतार दिय गये। यह कहा राज्य पाल ने। अगर य रामाराव हैं तो वह भी रामलाल है। रामलाल दुनिया म राजनीति का खेल खेले हुए है। रामाराव पर्दे पर खेल की राजनीति किय हुए हैं। भाग्य की बात है—भिल्लन लूटी गोपिका वही अर्जुन वही बाण! अर्जुन और उनक बाण बेकार हो गय। साधो रामाराव के भक्त पुलिस गोली से मर रहे हैं। लोकतत्र की हत्या का नारा लगाया जा रहा है। भगवान को पुन गद्दी पर बिठाने की माग

की जा रही है। साधो, लोकतंत्र की हत्या की बात चरणसिंह कर रहे हैं कि किसी दूसरे देश मे ऐसा होता तो खून की नदिया बह जाती। हम कायर है। तो खून की नदिया तो नही बह रही हैं पर डबरे जरूर भर गये है। मगर, लोकतंत्र ? जहा यह नैतिक मान लिया गया है कि दल बदलो, विधायक खरीदो, बहुमत बनाओ और राज करो, वहा पार्टी आधारित ईमानदारी की लोकतांत्रिक पद्धति का सपना देखा जा रहा है। कांग्रेस के दल-बदलू तेलगूदेशम मे गये तो भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ। वही दलबदलू राम को छोड रहे है, तो उनका सिंहासन जायेगा ही। रामराज दलबदल बेईमानो और खरीदे गये विधायको की दम पर कैसे चलता है, इस पर कोई प्रकाश न वाल्मीकि ने डाला, न तुलसीदास ने। साधो, राज्यपाल की कार्यवाही जरूर विवादास्पद है। विधानसभा मे नही, अपनी कोठी मे सरकार गिराना गलत है। मगर विरोध पक्ष का अनजाने ही रामलाल ने बहुत भला किया। वे रामाराव की शहादत पर एक हो गये। आज मैं इक्कीस तारीख को तुमसे यह बात कह रहा हू। इसके छपते छपते क्या हो, कह नही सकता।

साधो, बात मैंने शुरू की थी परमवीर राजनारायण से। मगर भगवान रामाराव ने मुझे खीच लिया। मैं उन्हे प्रणाम करके हनुमान की सेवा म लौटता हू। साधो, जहा वफादारी, ईमानदारी, सिद्धात अश्लील शब्द हो गये हो वहा गुलाब और गेंदा की एकता मे खास अडचन नही है, अगर सच्चे साधक हो तो। ऐसे साधक राजनारायण हैं। विपक्षी एकता, राष्ट्रीय विकल्प, तानाशाही से सघर्ष देश की रक्षा से विपक्षी एकता की बात शुरू होती है और चुनाव आते आते अलग अलग अपने लिए एक पक्की सीट' पर आ जाती है। फकीर कहता है—बस, पाच पैसे का सवाल है मालिक परवरदिगार के नाम पर। यहा यह होता है—बस, एक सीट का सवाल है, भारत भाग्य-विधाता, लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर। यह 'भाग्य विधाता' बदलता रहता है। कल जो घोर पतित था, आज वह भाग्य विधाता हो सकता

है। और अगर वह सीट न दे तो, कल फिर पतित हो सकता है। एक सीट का सवाल है गरीब परवर! फकत एक सीट का!

साथो, सबसे पहले अटलबिहारी वाजपेयी ने चौधरी चरणसिंह को पटाया। उत्तर भारत में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाएं हैं और उत्तर भारत में ही जाट हैं। जैसे स्वयंसेवक की एक निष्ठा अपने एकमेव नेता के प्रति है चाहे वह कुछ भी करे, वैसे ही जाट की एकमात्र अंधनिष्ठा चरणसिंह में है चाहे वे कोई भी पार्टी बनायें कहीं भी चले जायें। दो फासिस्टी ताकतों की एकता राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा कहा गया। मगर चौधरी गड्ढे पड़ने गये क्योंकि अटलबिहारी उन्हें चक्कर देने लगे। यह मोर्चा अभी भी अपने को राष्ट्रीय विकल्प कहता है। पर सवाल है—राष्ट्रीय विकल्प चरणसिंह या अटलबिहारी?

साथो, दूसरा राष्ट्रीय विकल्प चंद्रशेखर के अध्यक्ष बनने लगा था। इन पार्टियों और नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी साम्प्रदायिक दल है। हम उससे समझौता नहीं करेंगे। चंद्रशेखर ने कन्याकुमारी से दिल्ली तक पद यात्रा की। इस पद-यात्रा के प्रताप से वे दूसरे जयप्रकाश नारायण बनने वाले थे। पर वे दिल्ली ही गलत वक्त पर आये—उस वक्त जब कपिलदेव ने इंग्लैंड में प्रतिष्ठा का प्रूडेंशल कप जीता, तो रैली ही आधी रह गयी।

साथो, इसके बाद समाजवादियों, सुब्रह्मण्यम स्वामी, सत्यनारायण आदि ने चंद्रशेखर के हाथ पांव कान, नाक काफी काटकर उनकी साइज छोटी कर दी। तब भगदड़ मची। जो लोकदल से आये थे उनमें से काफी बाहर निकल और रैली कर डाली। इस रैली को चरणसिंह ने आशीर्वाद दिया। विरोध पक्ष की एकता के लिए शरद पवार, बहुगुणा, चंद्रजीत यादव वगैरह भी कोशिश कर रहे थे। मगर सवाल था—एकता का नेतृत्व कौन करे? इसी समय—आप गये हनुमान जिमि करुणा महं वीर रस। उसने समझाया—कहां चक्कर में पड़े हो समाजवाद, लोकतंत्र, धर्म निरपेक्षता सिद्धांत वगैरह के चक्कर में। यह सब

माया है। सत्य है—सीट! सुरक्षित सीट! इस देश में सिर्फ एक राजनेता है, जिसके उत्तर भारत में मृत्यु तक वोट पक्के हैं—जाट और यादव वोट। वह नेता है—चरणसिंह। तो राष्ट्रीय विकल्प तो पहले से तय है। 'चलो रामलीला मैदान।'

साधो, हनुमान ने रैली करा ली और चरणसिंह ने आशीर्वाद दे दिया। इसी वक्त हनुमान ने भगवान राम का कर्नाटक में वनवास करा दिया। यह विरोधी एकता के लिए वरदान है। सब मिल जाओ, और लड़ो इंदिरा की तानाशाही से। जब वह राम को निकाल सकती हैं तो हम तो नौकर चाकर हैं। उपद्रव और हिंसा का नेतृत्व करो चरणसिंह हैदराबाद पहुंच गये और २५ अगस्त को भारतव्यापी उपद्रव तय कर दिये। भारतीय जनता पार्टी का अछूतोद्धार हुआ जा रहा है। एक सीट का सवाल है बाबा, खुदा के लिए!

२६ अगस्त, १९८४

# लोकतंत्र की नगर वधुएं

साधो, अभी इसकी चिंता मत करो कि आंध्र मे क्या होगा, या कर्नाटक मे क्या दाल गल रही है। अभी तो लोकतंत्र के स्वस्थ विकास को देखो। हम कहा से कहा जा पहुचे। १९५२ मे पहला आम चुनाव हुआ था। उसके बाद के काफी सालो तक विधायको के दल बदल और खरीदी की बात सुनी भी नही गयी। मगर आज रामाराव कहते हैं कि मेरे विधायक पच्चीस लाख मे खरीदे जा रहे हैं। खरीदे जा रहे हैं का मतलब है कि वे बिक रहे हैं। जितना पवित्र खरीदने वाला है उससे कम पवित्र बिकनेवाला नही है। यह खरीद बिक्री आम चीज जैसी नही है। आलू बिकता है तो उसके दाम आप को नही, दुकानदार को मिलते हैं। मगर लोकतंत्र के बाजार मे दाम आपको ही मिलते हैं। विधायक बिकता है तो दाम उसी के हाथ मे जाते हैं। साधो, इससे अच्छा धंधा कोई और नही है। तुम विधानसभा के सदस्य किसी पार्टी से हो जाओ। जब विरोधी गुट उस पार्टी की सरकार को गिराने की योजना बनायेंगे, तब विधायक खरीदे जायेंगे। तुम पाच-दस लाख लो और दल बदल दो। धंधा यही खत्म नही होता। विधायक कोई आलू नही है कि एक बार बिका और उसकी सब्जी बनाकर खा ली गयी। विधायक की सब्जी नही बनती। वह आलू का आलू ही रहता है। दुबारा जब फिर सरकार पलटाने की तैयारी हो, तो फिर पाच-दस लाख लेकर अपनी पुरानी पार्टी मे लौट आये। यह अपने को बेचने का धंधा कभी बंद नही होता। जैसे-जैसे लोकतंत्र का बाजार फैलता जाता है उपभोक्ता वस्तु की

कीमत बढती जाती है। काले धन के कारण मुद्रा स्फीति बढ़ती है और विधायक के दाम बढते जाते हैं।

साधो, दल-बदल शुरू करने वाले महापुरुष चौधरी चरणसिंह है, जिन्होंने १९६७ मे उत्तर प्रदेश मे दल-बदल कराके कांग्रेस सरकार बनायी थी। ऐसी सरकार फिर मध्य प्रदेश मे बनी जहा विजयराजे सिंधिया ने दल बदल कराया। पर तब विधायको की कीमत और खरीदी की बात नही सुनी गयी। हो सकता है, चुपचाप पर्दे के पीछे कुछ दिया गया हो। पर यह जनता के सामने नही आया था। तब और उसके कुछ वर्ष बाद तक यह धधा था भी तो खानगी था। ऊपर से इज्जत बनाये रखकर कुछ स्त्रिया गुप्त रूप से अपना शरीर कुछ चुने हुए ग्राहको को बेचती है। वह सार्वजनिक नही होती। मगर धीरे धीरे राजनीतिक ईमान ऐसा बढा, शर्म इस तेजी से गायब हुई कि बस लोकतत्र की रूप जीवाए अब बाकायदा कोठे पर पहुच गयी हैं। बारजे पर खडी होकर ग्राहक बुलाती हैं, और जब वह कोठे पर पहुचता है तो उसे अपना रेट बता देती हैं बिना झिझक के। दल-बदल के पुराण पुरुष हरियाणा के गया लाल हुए। जिन्होंने राजनीति मे आयाराम-गयाराम का सिद्धात जोडा। और विधायक क्या है इसकी घोषणा भजनलाल ने की। उसने थोक विधायक खरीद लिये। मगर आध्र ने हरियाणा को पीट दिया। वहा रेट पच्चीस लाख तक पहुच गया। एक मामले मे हम और आगे बढे है। अपने या खरीदे हुए विधायक अभी तक उसी राज्य मे रहते थे और विधानसभा अधिवेशन की राह देखते थे। मध्य प्रदेश मे १९६७ में सविद के नेता गोविंद-नारायण सिंह को डर था कि रात को उनके जीते हुए विधायक मुख्य-मत्री द्वारा फिर से जीत लिये जायेंगे। तब उन सारे विधायको को विधानसभा अध्यक्ष ने अपने बगले और अहाते मे रात भर ठहराया और पहरा लगा दिया। सुबह वे सीधे विधानसभा गये और कांग्रेस सरकार को गिरा दिया।

मगर साधो, रामाराव ने अपने विधायको की राष्ट्रपति के सामने परेड करवाके उन्हे हैदराबाद नही जाने दिया। डर था वे बहका लिये जायेंगे या खरीद लिये जायेंगे। उन्हे किराये के विमान से बैंगलोर भेज दिया जहा वे रामकृष्ण हेगडे की सुरक्षा मे रहेंगे। मगर हेगडे की सरकार गिर गयी तो ? वे विधायक जगल मे डाकुओ के बीच हो जायेंगे। मेरा निवेदन है रामाराव से कि वे अपने विधायको को अभी दूसरे देश मे रखें। जनरल जिया उल हक से बात करके उन्हे मिलिटरी के पहरे मे लाहौर मे रखा जाये और ऐन वक्त पर सीधे हैदराबाद ले आया जाये। पार्टी निष्ठा, ईमान और सिद्धात का जब यह हाल हो गया है तब इसके सिवा कोई रास्ता नही है। पाकिस्तानियों मे इससे लोकतत्र की बहाली के लिए उत्साह भी पैदा होगा। साधो, तुम पूछोगे—गुरु, क्या भास्कर राव को अपने विधायको के बारे म चिंता नही होगी ? उन्हे चिंता इसलिए नही होगी कि एक चीज दो ग्राहको को एक साथ नही बिकती। दूसरे तेलगूदेशम' के एक तिहाई से, अधिक विधायक काग्रेस से निकले हुए थे। भास्कर राव को काग्रेस का समथन है। तो वे विधायक अपने बिछुडे हुए भाइयो की भुजाओ में होंगे।

साधो, अब करना यह चाहिए। रोज विधान सभा के बाहर एक बोर्ड पर आज का बाजार भाव लिखा रहे। साथ ही उन विधायको की सूची चिपकी रहे जो बिकने को तैयार हैं। इससे खरीददार को भी सुभीता होगा और माल को भी ! तुम पूछोगे—गुरु, यहा तक हम पहुच कैसे गये ? साधो, बात यह है कि १९४७ तक तो त्याग और बलिदान ही राजनीति रही। १९४७ से प्राप्ति की राजनीति, काम की राजनीति आ गयी। जैसे-जैसे हम आगे बढे राजनीति मे से नीति' गायब हो गयी और 'राज व्यवसाय' हो गया। अब व्यवसाय में सिद्धात, आदश वगैरह को नष्ट कर देना पडता है। तो वे नष्ट हो गये। सबसे ददनाक उदाहरण लोहिया के चेले समाजवादियों का है। जब डॉ लोहिया थे तब ये कफन लपेटे तुरत क्रांति के लिए उतावले

थे, उग्र थे, लडाकू थे, सिद्धातो पर अटल रहने की बात करते थे। मगर आज इस देश मे समाजवादी पार्टी है ही नही। और महान् उग्र क्रातिकारी जाज फर्नांडिस, राजनारायण, कर्पूरी ठाकुर आदि कभी चरणसिह के आगे हाथ जोडे खडे रहते हैं, कभी मोरारजी के सामने एक सीट की भीख मागने के लिए। क्रातिकारी, समाजवादी, समाज विरोधी और क्राति से चिढनेवालो से एक सीट और सत्ता के काम की भीख मागते हैं। आज सिद्धातहीनता की राजनीति चल रही है। सीट चाहिए। सत्ता चाहिए। इसलिए हमारे भाग्यविधाता कभी इसके हाथ बिकते हैं, कभी उसके हाथ! न अपने पर विश्वास रहा, न दूसरा पर!

साधो, तुम पूछोगे—विधायक खरीदने के लिए इतना दान कौन महान त्यागी देते हैं। अरे, यह सब गुप्त धन का सौदा है। इस धन की भूमिगत नदिया देश मे बह रही हैं और तुम्ह दिखती नही ह। दस विधायक खरीदने के लिए जो ढाई करोड रुपया देंगे, वे क्या लोकतत्र के लिए त्याग कर रहे हैं? यह धधे की लागत है। पूजी निवेश है। इनवेस्टमेट होता है यह। सत्ता मिलने पर मुनाफे समेत ढाई करोड के पच्चीस करोड कमाये जाते हैं। तुमने करोड रुपये देखे हैं? लाख भी नही देखे। तुम इस धधे को समझ नही सकते। जहा कुछ हजार मे बहादुर फौजी अफसर सी आई ए के हाथ बिक जाते है वहा उनके मालिक राजनीतिक पुरुषो का रेट लाखो होगा ही।

२ सितबर, १९८४

# कुलपति और पुलिस

साथो, पुलिस को खुश होना चाहिए कि एक जगह तो है जहा उसका स्वागत करने को लोग लालायित हैं। पुलिस की कोई अगवानी नही करता। दुनिया के किसी देश मे पुलिस के दर्शन इतने अप्रिय नही हैं जितने भारत मे। मैं लोकतांत्रिक स्वाधीन देशो की बात कर रहा हू। इन देशो मे सिर्फ अपराधी पुलिस से डरते हैं। आम आदमी नही। भारत मे अपराधी पुलिस से दोस्ती रखते हैं और आम आदमी उससे डरते है। मेरे एक कलेक्टर मित्र ने जो हाल ही लदन म थे बताया कि वहा हडताली कोयला मजदूरो और पुलिस म दोस्ता की तरह सघर्ष हो रहा था। सिर्फ 'बेटन' पुलिस के पास थे और मजदूर भी हमला नही कर रहे थे। एक और सज्जन ने बताया जो इग्लैंड म पढे है। कहने लगे—मैं रात को जरा देर से घूमकर लौट रहा था। एका एक मेरे पास पुलिस की पेट्रोल कार रुकी और एक पुलिसमन ने नम्रता से कहा—आपको देर हो गयी है। क्या आप रास्ता भूल गय ? मैंने कहा कि मैं रास्ता नही भूला। उन्होने मेरा नाम पता लिख लिया और होस्टल के वाडन से फोन पर पूछकर जाच की। हमारे यहा की पुलिस उस आदमी को पहले तो गाली देती, शायद चाटा मारती और गाडी म बिठाकर थाने ले जाती। जब पुलिस भले आदमी से यह सलूक करती है, उसी वक्त पुलिस के मित्र अपराधी अपना धधा कर रहे होते हैं। मजदूरो का जुलूस निकले तो लाठी, बदूक चलती है।

साथो, अग्रेजो ने अपनी पुलिस को एक तरह का बनाया और

अपने साम्राज्य की पुलिस को दूसरी तरह का। इंग्लैंड की पुलिस को नम्र नागरिक की सेवक, आम आदमी की मित्र बनाया। साम्राज्य की पुलिस को गवार असभ्य, लट्ठमार, अत्याचारी और आम आदमी का दुश्मन बनाया। अंग्रेज चले गये, मगर नौकरशाही और पुलिस की वही साम्राज्यवादी परंपरा चल रही है। न्यायमूर्ति आनंद नारायण मुल्ला की तो टिप्पणी है कि इस देश में पुलिस सबसे सुसंगठित अपराधी गिरोह है। साथी, उत्तर प्रदेश में जब किसी जगह दंगे होते हैं, तो दोनों संप्रदायों के लोग ऊंचे अधिकारियों से प्रार्थना करते हैं कि आप प्रॉविंशल आर्म्ड कांस्टेबुलरी हटा लीजिए। साथी, मंदिर में पुलिस के जाने से वह अपवित्र हो जाता है। किसी शरीफ आदमी का मित्र पुलिस इंस्पेक्टर वर्दी में उससे मिलने आ जाय, तो बाद में उसे मुहल्ले वालों को समझाना पड़ता है कि कोई ऐसी-वैसी बात नहीं थी। इंस्पेक्टर यों ही आये थे।

साथी, यह पुलिस जिसे कोई अपने यहां नहीं देखना चाहता, जिससे सब दूर रहते हैं, उसे बरसात है उस पुलिस ने वह खुशखबर अखबारों में पढ़ ली होगी जिसकी मैं तुमसे बात कर रहा हूं। हुआ यह कि दिल्ली में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की एक बैठक हुई। कुछ को छोड़कर बाकी सारे कुलपतियों ने कहा कि विश्वविद्यालय में पुलिस को हमारे बिना बुलाये ही आना चाहिए। यहां शांति व्यवस्था की जिम्मेदारी भी पुलिस की ही है। उसे हमारे बिना बुलाये आ जाना चाहिए।

साथी, जब यह समाचार हम अखबार में पढ़ रहे थे, मेरे पास तीन सज्जन बैठे थे। एक स्वाधीनता संग्राम में जेल गये हुए सज्जन थे। दूसरे इंजीनियर थे। एक पत्रकार थे। स्वाधीनता संग्राम सैनिक ने कहा—जमाना कितना गिर चुका! विद्या के मंदिर में पुलिस को निमंत्रण दिया जा रहा है। एक वह वक्त था। हम कॉलेज में पढ़ते थे। प्रिंसिपल अंग्रेज था। हम कॉलेज में नारे लगाते—भारत माता की जय! अंग्रेजो निकल जाओ। वंदे मातरम्। हम कांग्रेसी थे ही। अंग्रेजी कलेक्टर को मालूम हुआ, तो उसने प्रिंसिपल को फोन किया कि इन

लडको को पकडने के लिए पुलिस भेज रहा हू। प्रिंसिपल ने जवाब दिया—मैं अपने कॉलेज मे पुलिस नही घुसने दूगा। मेरे छात्रो को अपने सामने गिरफ्तार नही होने दूगा। एक वे प्रिंसिपल होते थे और अब ये कुलपति हैं, जो पुलिस को स्थायी निमत्रण देते है। कसा जमाना आ गया।

साधो, मैंने उनसे कहा—जमाना सभी के लिए आ गया है ऐसा। मैं एक कॉलेज की प्रबध समिति का सदस्य था। कॉलेज के प्रिंसिपल की शिकायतें थीं। जाच करने पर मालूम हुआ कि हरिजन छात्रो की छात्रवृत्ति के जो चेक आते है प्रिंसिपल और बडे बाबू भुना लेते हैं। कॉलेज के कई सामान जैसे—टेप-रिकॉर्डर, प्रोजेक्टर, वगैरह प्रिंसिपल के घर मे थे। ये चीजें पकडी गयी तो छात्रो मे बात फैली। अब बताइए, ऐसा प्रिंसिपल पुलिस के बिना कैसे कॉलेज चलाये? साधो, दूसरे सज्जन ने कहा—जब मैं बनारस विश्वविद्यालय मे पढता था, आचार्य नरेन्द्रदेव कुलपति थे—पाच फुटे दुबले आदमी, सादे कपडे, सरल स्वभाव। मगर जब आचार्य जी अपने ऑफिस से बाहर निकलते और 'राउड' लेते तो सन्नाटा छा जाता। बडे-से-बडे 'गुडे' छात्र इधर उधर हो जाते थे कि कही आचार्य जी की नजर न पड जाय। आचार्य जी जब तक रहे, पुलिस नही आयी। मगर अब कुलपति खुद असुरक्षित महसूस करते हैं।

साधो, मैंने कहा—आचार्य नरेन्द्र देव महापडित थे। उनकी बौद्धिकता, चरित्र और सदभावना का इतना आतक था, कि कोई नजर नही मिला सकता। तब अध्यापक पढ़ाते भी होंगे। अब कुलपति का पद सत्ता का इनाम है अपने लोगो को। न इनमे बुद्धि बल, न चरित्र बल। फिर अध्यापक पढ़ाते नहीं। बदनाम और कमजोर कुलपति, न पढ़ाने वाले अध्यापक, न पढ़ने वाले छात्र। सब तथाकथित हैं—तथाकथित कुलपति तथाकथित अध्यापक तथाकथित छात्र! शिक्षित बेरोजगारी के कारण शिक्षा का विश्वविद्यालय का अवमूल्यन हो ही चुका है।

साधो, कुलपति का पद अब मान-गरिमा का पद नही रहा। यह प्रशासनिक पद हो गया है। आज का कुलपति दिन भर पढाई की बात

नही सोचता बल्कि शांति और व्यवस्था की बात सोचता है। मुह मे शराब भरकर छात्र नेता कुलपति के मुह पर कुल्ला करता है, तो कुलपति पुलिस को आमंत्रित न करें, तो क्या करें? मुझे बताया गया है कि पुलिस के रिटायर्ड इंस्पेक्टर जनरल सफल कुलपति हैं। वे पिस्तौल हाथ म लेकर छात्र-नेताओ से बात करते हैं।

साधो, मेरे पत्रकार मित्र ने कहा—देखिए, जो अध्यापक विषय के जानकार है ध्यान से पूरा पीरियड पढाते हैं, जो चरित्रवान हैं उनका आदर अभी भी छात्र करते हैं। गुंडे, छात्र भी उनसे डरते है। लेकिन अधिकाश प्रोफेसर लोग विषय के ज्ञाता नही होते। वे बिल्कुल नही पढाते। क्लास मे ही नही आते। वे पढा भी नही सकते। वे विश्वविद्यालय की टाग खीचू राजनीति मे लगे रहते हैं। सौ मे से पचानवे लडके पढना चाहते है। वे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार के हैं। डिग्री लेकर वे जीविका कमाना चाहते हैं। मगर इन्हे पढाया नही जाता। एक तो अध्यापक नही पढाते। दूसरे गुंडे छात्र नेता क्लास नहीं लेने देते। आज विश्वविद्यालय मे राज न कुलपति का है, न शिक्षा-मत्री का, न मुख्यमत्री का न प्रधानमत्री का। राज है इन गुंडे छात्र-नेताओ का जो राजनीतिक दलो द्वारा पाले जाते हैं। इन्हे सत्ताधारी और विरोधी पार्टियो के नेता जबरदस्ती भरती कराते हैं, इनकी रक्षा करते हैं और अपनी राजनीतिक चालबाजी कराते हैं। ये पेशेवर जाने हुए अपराधियो से अधिक खतरनाक है। इन्हे राजनीतिक सुरक्षा प्राप्त है। पुलिस इन्हे नही छेडती, इसीलिए ये छात्र नेता शहर बद करवा सकते हैं, ये जुलूस लेकर पुलिस थाने पर हमला कर सकते हैं, ये कुलपति का घिराव कर सकते हैं। ये ट्रैफिक बद कराते है, दुकान लूटते हैं। इनसे रक्षा के लिए बेचारे कुलपति बिना बुलाये पुलिस चाहते हैं। हर विश्वविद्यालय परिसर मे अब एक थाना खुल जाना चाहिए। विद्या के मदिर की बात फालतू है। ज्ञान का नही, ला एड आर्डर का मामला है। स्वर्ण मदिर से लेकर विश्वविद्यालय तक सब ला एड आर्डर के मामले हो गये हैं। पतनशीलता सर्वव्यापी है।

१८ सितबर, १९८४

## जैक का जिल को उपदेश

साधो, जब आदमी का मन गिरावट में होता है, उसकी आशाएं खत्म हो जाती हैं तब उसकी चेतना से ज्ञान और विवेक फूटकर बहने लगता है। यह हाल आजकल बाबू जगजीवनराम का है। १९४६ में जब पंडित नेहरू ने कार्यकारी सरकार बनायी थी, उसमें बाबू जी मंत्री थे। तब से लगातार १९७७ तक कांग्रेस सरकार में रहे। १९७७ में जब लगा कि या तो इंदिरा गांधी हारेंगी अथवा जीत भी गयी तो बहुत करके वे मंत्री नहीं बनाये जायेंगे, तो बाबू जी की पवित्र आत्मा ने नैतिकता की पुकार लगायी। आपातकाल लगाने का प्रस्ताव बाबू जी ने ही संसद में रखा था। पर १९७७ के निराशा के क्षण में उन्हीं बाबू जी की पवित्र आत्मा ने गंगा स्नान करके आवाज दी—आपातकाल लगाना लोकतंत्र की हत्या थी। तानाशाही थी। और बाबू जी खिसककर कांग्रेस छोड़ जनता पार्टी में आ गये। फिर १९८० तक जनता सरकार में मंत्री रहे। वे प्रधानमंत्री नहीं हो सके। यह कसक रही। १९८० से बियाबान में हैं। लगातार इंदिरा जी के पास संदेश भेजते रहे हैं पर वे बुलाये नहीं गये। वे अकेली दम अखिल भारतीय पार्टी कांग्रेस (जे) चला रहे थे। अब उन्होंने दूसरी और विशाल पार्टी बना ली है। इसमें कुछ नहीं लगता—बस कुछ पैंड छपाना पड़ते हैं और रबर स्टैंप बनवाना पड़ता है।

साधो, बाबू जी हरिजन के नाम से लगातार मंत्री हैं। मौलाना आजाद कांग्रेस के शिखर के नेता थे पर मुहम्मद अली जिन्ना उन्हें 'मुस्लिम शो-बॉय ऑफ दी कांग्रेस' कहते थे। बाबू जी भी 'हरिजन

शो ब्वाय' रहे हैं। मगर वे बहुत योग्य मंत्री माने जाते हैं। उनके विरोधी भी मानते हैं। साथ ही उनके दोस्त और विरोधी कुछ बुरी बातें भी मानते हैं—जैसे यह कि इतनी दौलत कहां से आयी ? या यह कि कामदेव उन पर तीर चलाता रहा है। पर बाबू जी अगर गुलाब हैं तो उनमें काटे होंगे ही। अब बाबू जी अस्सी से ऊपर होंगे, पर जैसा संत ने कहा है—तृष्णा तू न गयी मेरे मन से। जब तृष्णा चरणसिंह के मन से नहीं गयी, तो बाबू जी के मन से क्यों जाये ? तृष्णा मरने के बाद भी नहीं जाती। कहते हैं उसी की पूर्ति के लिए फिर जन्म लेना पड़ता है। चरणसिंह, बाबू जी ऐसे जर्जर बूढ़े हैं, पर तृष्णा जवान है। अगर अर्थी जा रही हो और खबर आये कि लोकसभा के बहुमत ने आपको प्रधानमंत्री चुन लिया है, तो भगवान से कहेंगे—प्रभु बस दो दिन की जिंदगी बढ़ा दें। शपथ लेकर मैं संसद में प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठ लूं। फिर जरा राजकीय सम्मान से मरघट पहुंच जाऊंगा। चरणसिंह की तृष्णा के साथ आशा है। बाबू जी की तृष्णा के साथ निराशा है। इसीलिए ज्ञान और विवेक की बात बाबू जी करते हैं। चरणसिंह अहंकार से बात करते हैं। दोनों की हालत इस शेर में है

मेरे अल्लाह मुझे दो पल की जिंदगी दे दे
उदास मेरे जनाजे से जा रहा है कोई

साधो, तुम कहोगे—गुरु, यहां-वहां बहुत घुमा रहे हो। यह तो बताओ कि बाबू जी ने कौन से ज्ञान की अमृत बूंदें बरसायीं। बताता हूं। बाबू जगजीवनराम ने विरोधी दलों, गुटों और सिपहसालारों से कहा है—पहले अभी इस बात पर विचार करके कुछ तय कर लो कि तुम अगर जीत गये और तुम्हारी सरकार बन गयी तो करोगे क्या। यानी बाबू जी सिद्धांत और कार्यक्रम की बात उठा रहे हैं। इसी से साफ जाहिर होता है कि बाबू जी निराश हैं। इस वक्त सिर्फ निराश आदमी जिन्हें कुछ नहीं होना है, सिद्धांत और कार्यक्रम की बात करते हैं। जिसे आशा है और जिसे होना है, वह इन फालतू चीजों में नहीं उलझता। वह कुछ होने में लगा है। फारूख अब्दुल्ला-काण्ड होता है तो

बार-बार श्रीनगर जाता है। रामाराव काड होता है तो बार-बार हैदराबाद जाता है। कायक्रम क्या है? सब इस कोशिश मे हैं कि फारुख और रामाराव के मामले को लेकर ही एकता हो जाय और जनता हमे हमारे कारण नही, फारुख और रामाराव के बलिदान के नाम से वोट दे दे।

साधो, बर्नाड शा ने कहा है—जो कर सकता है, वह करता है। जो नही कर सकता, वह शिक्षा देता है। जो कर सकते हैं वे कर रहे हैं। रोज मीटिंगें करते है—मोर्चा बनाने के लिए, विलय के लिए, सीटो के तालमेल के लिए। इसम चूहा, गाय, बैल भसा सियार, शेर—सब एक से एक प्राणी हैं भगवान के बनाये। साधो, सिद्धातहीनता भी एक सिद्धात है। प्राचीन ऋषि, मुनि जीवन भर तपस्या करते थे, तब ऐसी शुद्ध-बुद्ध चेतना होती थी। कायक्रम करना हो तो उसकी बात करें। अभी एक ही सिद्धात है, एक ही कायक्रम है—इदिरा काग्रेस को सरका-कर सत्ता पर कब्जा करो। फिर कायक्रम खोजने कही जाना नही है। १९७७ का बना-बनाया कायक्रम है—आपस मे लडो, पार्टी या मोर्चा तोडो और ढाई साल मे सब सडक पर आकर धूल फाका और नारे लगाओ—'इदिरा गाधी तानाशाह है।' एक तो कायक्रम यह है ही। फिर कुछ लोग हैं, जो यह मानते हैं—सरकार तो बनाओ। कायक्रम तो वाशिगटन से आ जायेगा।

साधो, चरणसिह किसान-नेता हैं। कितने शम की बात है कि एक किसान नेता स्वामी सहजानद थे जिन्होने छोटे किसानो की लडाई लडी—और उनके बाद ये चरणसिह किसान नेता कहलाते हैं, जो छोटे किसानो को खत्म करके उन्हे बडे किसानो के गुलाम बनाना चाहते हैं। वे सहकारी खेती के खिलाफ हैं क्योकि उसमे छोटा किसान भी जीवित रहता है। वैसे चरणसिह ने किसानो के लिए बहुत किया है—उन्हे दशन देते हैं और किसान-रली निकालते हैं।

किसाना के लिए ही उन्हें दल-बदल करके किसी-न किसी पद पर रहना है। कोई और ऊचा पद न मिले तो किसी मत्रालय म चपरासी

भी बन सकते हैं। चपरासी भी सरकार का हिस्सा होता है; इतना अविश्वासनीय और बेशर्म नेता दूसरा नही है। सिद्धांत की बात होती तो वे ग्राम पचायत के सदस्य भी नही बन पाते। मगर वे दल-बदल के खेल के जान मेकनरो है। जान मेकनरो ने अभी चौथी बार टेनिस का खिताब जीता है। इधर देखो—चरणसिंह के आसपास सब विरोधी चक्कर लगा रहे हैं। भारत मे यही सिद्धात की राजनीति है।

साधो, बाबू जगजीवनराम की बात ठीक है। पर जब वे समर्थ थे तब यह बात ठीक नही थी। वे भी १९८० मे जनसघ की तरफ से हरिजन प्रधानमत्री बनने के लिए भाग रहे थे। सरकार बनने पर क्या करेंगे, यह अभी क्या सोचे। अभी तो दस प्रधानमत्री देश मे चक्कर लगा रहे हैं। मगर चरणसिंह ने अपने-आपको पहले से प्रधानमत्री बना लिया है। जैक और जिल मे से जैक नीचे गिरकर उपदेश दे रहे हैं और जिल पहाडियों की कगार पर खडे गिरने को है—जैक एड जिल वेंट ऑफ दी हिल।

२५ सितबर, १९८४

## फौजी अफसर और अमेरिकी प्रेम

साधो, इस बीच बड़ी दिलचस्प बातें हो गयी हैं। कुछ बातों पर रोना या हसना, यह समझ में नहीं आता। आखिर अपनी ही बात दुहराना पड़ता है—साधो, देखो जग बौराना। अब देखो, साधो, सिख प्रधान ग्रंथियों ने रछपालसिंह को जो सजा दी है वह कैसी है। सजा है—गुरुद्वारे में, बतन और फर्श साफ करना। अब बताओ गुरुद्वारे का फर्श साफ करना सजा कैसे हो गयी। यह तो पुण्य है। रछपालसिंह को सेवा का पुण्य करने की सजा दे दी गयी। मगर सजा और भी है, जिससे मैं हैरत में आ गया। उन्हें जप साहब' और 'चौपाई साहब' का पाठ करने की सजा दी गयी है। 'जप साहब' में भगवान के जय के पद हैं और 'चौपाई साहब' में ज्ञान और भक्ति की चौपाइयां हैं। यानी जप और मुक्ति सजा है—जाओ तुम्हें दस दिन भगवान का भजन करने की सजा दी जाती है। जाओ, तुम्हें भगवान की आरती करने की सजा दी जाती है। ये कोई सजाएं हैं? मगर क्या करें—साधो देखो जग बौराना।

और साधो, रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा से कलकत्ता में स्थित कूटनीतिज्ञ पटना आकर मिले। जनरल सिन्हा को प्रधान सेनापति नहीं बनाया, तो उन्होंने रिटायरमेंट ले लिया। तब कुछ नेताओं ने हल्ला मचाया था कि जनरल सिन्हा के पिता जयप्रकाश नारायण के साथ थे और उन्होंने १९७५ की संपूर्ण क्रांति में भाग लिया था। इसलिए इंदिरा सरकार ने उनका हक मार दिया। पर सरकार की तरफ से कहा गया कि जनरल सिन्हा को युद्ध के संचालन का कोई

अनुभव नही है। जनरल वैद्य को युद्ध का बहुत अनुभव है। अब साधो, इस खबर से कि जनरल सिन्हा इंदिरा विरोधी हैं और जयप्रकाशी हैं, अटलबिहारी, चंद्रशेखर, चरणसिंह सब गद्‌गद हो गये। अहा, हमारा जनरल है। अब इसका उपयोग करेंगे। अमेरिका की स्वाधीनता की मूर्ति के स्तनों से भी दूध की धार निकलकर जनरल सिन्हा के मुंह में आने लगी। यही दूध की धार कभी जनरल थिमैया के मुंह में गिरती थी। फिर यही अमरीकी वात्सल्य की दूध की धार जनरल बी० एम० कौल के मुंह में आने लगी। ये जनरल कौल १९६२ के चीनी हमले के वक्त पूर्वी क्षेत्र में तैनात थे और डरकर असम से भागकर दिल्ली आ गये थे।

साधो, ये जनरल कौल भी अमेरिकी राजदूत से बहुत मिलते थे। एक दिन रक्षा मंत्री कृष्णा मेनन ने उन्हें बुलाकर कहा—तुम मेरे सिर पर से अमेरिकी राजदूत से क्यों मिलते हो? कौल ने कहा कि मेरे उनसे व्यक्तिगत संबंध हैं। मेनन ने कहा—तुम्हारे उनसे क्या व्यक्तिगत संबंध हो सकते हैं? कोई रिश्तेदारी है? देखो, तुम एक फौजी अफसर हो। तुम कूटनीतिज्ञों से नहीं मिल सकते। मिलना हो तो पहले मुझसे अनुमति लो। पर जनरल कौल फिर अमेरिकी राजदूत से मिले। तब मेनन ने उन्हें बुलाया और कहा—देखो तुम फिर मिले। अब तुम अमेरिकी नागरिक क्यों नहीं हो जाते? भगोड़े जनरल कौल ने चीनी हमले के बाद रिटायरमेंट ले लिया। जो बातें मैंने बतायी हैं वे खुद जनरल कौल ने अपनी कैफियत की किताब 'दी अनटोल्ड स्टोरी' में लिखी हैं।

साधो, सेवा में लगे और रिटायर्ड खास फौजी अफसरों के प्रति अमेरिका का प्रेम इस तरह क्यों बरसने लगता है? इसका जवाब इस तथ्य में है कि इस समय एक रिटायर्ड एयर मार्शल और एक मेजर जनरल पर पैसे लेकर अमेरिका के लिये जासूसी करने के आरोप में मुकदमा चल रहा है।

साधो, जनरल सिन्हा के बारे में अखबारों में खबर छपी कि

अमेरिकी कूटनीतिज्ञ ने जनरल सिन्हा से कहा कि आप एक क्षेत्रीय पार्टी बनाकर आगामी चुनाव लड़ें। पैसे की कोई चिंता नहीं—यानी पैसा अमेरिका देगा। इसके बाद जनरल सिन्हा का स्पष्टीकरण छपा कि मैंने इस संबंध में गृह और सुरक्षा मंत्रालय को स्पष्टीकरण दे दिया है।

अमेरिकी कूटनीतिज्ञ मुझसे मिले जरूर पर पार्टी और चुनाव की बात नहीं की। हमने विश्व की हालत और सामान्य विषयों पर बातचीत की। साथी अब सवाल उठते हैं—जनरल सिन्हा की अमेरिकी कूटनीतिज्ञों से ऐसे प्रेम संबंध कब से थे कि अमेरिकी साहब सद कलकत्ता से पटना यह पूछने आये कि अब जुकाम कैसा है? कूटनीतिज्ञों से संबंध तो राजनीतिक नेतृत्व के या विदेश सचिवों के होते हैं। फौजी अफसर ने प्रेम-संबंध क्यों बना लिये? जनरल सिन्हा ऐसे कौन से राजनीतिक दार्शनिक चिंतक हैं कि अमेरिकी कूटनीतिज्ञ उनसे विश्व के कल्याण के बारे में चिंता के साथ कुछ सीखने आये थे?

साथी, जनरल थिमैया जब कोरिया में भारत की शांति सेना के कमांडर थे तभी अमरीकी शासन ने उन्हें प्रेम रस पिला दिया था। उनके बारे में अमेरिका से अमेरिकी लेखक की एक किताब छपाई गयी थी। जनरल के गुब्बारे में खूब हवा भरी गयी—संसदीय लोकतंत्र भारत में चलेगा नहीं। भारत पर संकट आयेगा तब जनरल थिमया, आप देश को बचायेंगे। अमेरिका आपको पूरी मदद करेगा। थिमैया भारत लौटे तो अपने को भारत भाग्य विधाता समझने लगे और तैयारी करने लगे अफसरों के एक गुट से मिलकर। यह फौजी तानाशाही की तैयारी थी। जब १९५८ में कृष्णा मेनन रक्षामंत्री हुए तो उन्हें यह सब पहले से मालूम था ही, उन्होंने अफसरों के उस गुट को तोड़ दिया।

उन्होंने जनरल थिमैया के पंख काट लिये। थिमैया ने पंडित नेहरू से शिकायत की, पर मेनन ने महत्वाकांक्षी अमेरिका परस्त थिमैया के षड्यंत्र को खत्म कर दिया था।

साथी, यह क्या बात है कि कुछ सैनिक अफसरों को अमेरिका का प्रेम लपेट लेता है? रूसी प्रेम क्यों नहीं लपेटता? क्यों अमेरिकी

स्वाधीनता देवी के स्तनो से दूध जबरन निकलकर इन अफसरो के मुह में गिरने लगता है ? रूसी मा के स्तन मे भी तो दूध है। वह इनके मुह मे क्या नही आता ? जबकि फौजी मामलो मे हमारे रूस से सबसे विश्वासी सबध है। और साधो, यह क्या रहस्य है कि जब किसी अमेरिकी परस्त अफसर पर आरोप लगता है तब हमारे दक्षिणपथी दल उसके पक्ष मे क्यो शोर मचाते हैं ? इन दलो की देशभक्ति की व्याख्या की जाय ? इन्हें रोनाल्ड रीगन क्यो भारत का कल्याण करने वाला लगता है और इदिरा गाधी देश का नाश करने वाली ? रीगन ने किस भारत माता का दूध पिया है ?

३० सितबर, १९८४

## माया महाठगिनी हम जानी

साधो, महाभारत मे एक प्रसग है जिसमे यक्ष युधिष्ठिर से कुछ प्रश्न करता है। एक प्रश्न करता है—धर्म क्या है ? युधिष्ठिर जवाब देते हैं—धर्म का तत्त्व गुहा मे छिपा है। इसलिए महाजन जिस पथ पर चलते हैं वही सत्पथ है। उसी पर चलो। साधो, धर्म का तत्त्व सचमुच इतना गहरा छिपा है कि समझ मे नही आता। अब धर्म की यह उलटबासी देखो। स्वर्ण मदिर परिसर म पुलिस और फौज के घुसने से प्रधान ग्रथियो की नजर मे मदिर अपवित्र हो गया था। मगर अभी जब भिंडरावाले के सिरफिरे चेले और खालिस्तानियो ने प्रमुख ग्रथियो को ही खदेड दिया तब पुलिस ने आकर ग्रथियो की रक्षा की, उन्हे खदेडने वालो को गिरफ्तार किया और प्रमुख ग्रथियो को अकाल तख्त पर कब्जा दिलाया। तब क्या मदिर अपवित्र नही हुआ ? इस बार तो पुलिस ग्रथियो की सहमति से आयी थी। प्रमुख ग्रथी कहते हैं—यह अपवित्रता दूर कर ली जायेगी ? इसलिए कि यह पवित्र अपवित्रता है जिसने प्रमुख ग्रथियो को प्रापर्टी और पद पर कब्जा दिला दिया। यानी जिसमे स्वार्थ सिद्ध हो वही पवित्र है, वही धर्म है। वही सच्चा पथ है।

साधो भिंडरावाले और उनके हत्यारे गिरोह को खत्म करने के लिए जब सेना घुसी थी तब घोर अपवित्रता हो गयी थी। इसलिए कि प्रमुख ग्रथी अकाली दल की राजनीति खेल रहे थे। तब ये ग्रथ ही भूल गये थे जिसमे गुरुओ के उपदेश हैं कि अत्याचार पाप है। अत्याचारी का दमन होना चाहिए। ग्रथी अत्याचारी को धार्मिक सत और अत्याचार को धर्म

बता रहे थे। अकाल तख्त को टूटी फूटी हालत में सजाकर रखना चाहते थे जिससे वह हिंसा और नफरत का दर्शनीय स्मारक बना रहे। यह भी अकाली दल की कुटिल राजनीति थी। जब बाबा सता सिंह ने पथ के नाम पर किये गये इस पाप को ढाकने के लिये 'कारसेवा' शुरू की तो प्रमुख ग्रंथियों ने उन्हें 'तनखइया' बना दिया। पथ का अपराधी बना दिया। उन्हें पथ से निकाल दिया। गुरुओं ने दुराचार रोकने के लिए 'तनखइया' की व्यवस्था की थी। बुरे काम करने वाले को तनखइया' घोषित करके उसका सामाजिक बहिष्कार करने से बुरे काम रुकते हैं। मगर प्रमुख ग्रंथियों ने अच्छा काम करने वाले बाबा सता सिंह को ही 'तनखइया' कर दिया। मगर वह पापी अकाल तख्त की मरम्मत करके उसे वैसा ही शानदार बनाकर चला गया तो प्रमुख ग्रंथियों ने उस पर झट कब्जा कर लिया। यह नहीं कहा कि अकाल तख्त की मरम्मत पाप की और हम इस पाप की इमारत को छोड़ते हैं। साधो, माया महाठगनी हम जानी। धर्मस्य तत्व निहित गुहायाम।

साधो, युधिष्ठिर ने कहा था—महाजन जिस पथ से चले वही धर्म-पथ है। महाजन तो हमारे यहां 'सूदखोर' को कहते हैं। जो लोग रुपया उधार देकर घर और खेत पर कब्जा कर लेता है। क्या इस महाजन के पथ पर चलना धर्म है? दूसरे महाजन महापुरुष हिटलर जैसे होते हैं जिनके पीछे उन्माद में लोग चलते हैं। इस महाजन हिटलर ने आधी दुनिया का नाश किया था। ऐसे ही महाजन भिंडरावाले हुए जिनके उन्मादी चेले हिंसा कर रहे थे। तब प्रमुख ग्रंथी उनसे डरते थे और समझते थे, वह पथ की सेवा कर रहा है। तब न उसे अकाल तख्त से निकाला, न आतंकवादी की निंदा की। शांति होने के बाद भी न तो प्रमुख ग्रंथियों ने उस आतंकवाद की निंदा की, न खालिस्तानवाद की। अब जाकर प्रमुख ग्रंथियों ने आतंकवाद की निंदा की जब वे खुद खदेड़े गये। तो धर्म यही कहता है क्या—और गुरुओं का यही उपदेश है कि जब तक अत्याचारी दूसरे बेकसूरों को मारे, वह पुण्य है? मगर जब अपने को ही खदेड़ दे तब पाप है? धन्य है धर्म की इस सही समझ को।

प्रमुख ग्रंथियो के मन मे तो चोर बैठा है।

साधो, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबधक कमेटी ने भी ऐसा पवित्र प्रबध किया था कि सारे हत्यारे मदिर मे छिप जाओ। यहा गोला-बारूद और हथियार जमा करो। और यहा से बेकसूरो, स्त्रियों और बच्चो की हत्या करते जाओ। हत्या करके फिर यही छिप जाओ। पुलिस यहा से तुम्हे नही पकडेगी क्योकि हम तो बठे हैं —सरकार को डराने के लिए कि खबरदार, मदिर को अपवित्र मत करना।

साधो, धम का कारोबार बहुत सधा हुआ चल रहा है। अगर किसी अपराध मे पकड लिये गये तो पुलिस अफसर के पावो पर पडना पुण्य है। और अगर वही पुलिस अपराध रोकने मदिर मे घुसे तो पाप हो गया। मदिर अपवित्र हो गया। अगर देखा जाये तो देश के सबसे बडे सिपाही राष्ट्रपति ज्ञानी जैलसिंह हैं। वे तीनो सेनाओ के प्रधान सेनापति हैं। वे स्वर्ण मदिर अभी गये थे। उन्होंने ग्रथियो के मुख से अपनी ही सरकार की आलोचना सुनी। धमकिया भी सुनी। मगर मदिर तो अपवित्र हो ही गया। क्योकि जैलसिंह बिना वर्दी के देश के सबसे बडे सिपाही हैं।

साधो, अब अकाली दल का कार्यालय भी फिर मदिर परिसर मे आ गया। यह भी शुभ हुआ। यह भी पवित्रता को बढाने के काम मे सहायक होगा। मदिर में आदमी जब जाता है तो इसलिए कि थोडी देर, तो मन, स्वार्थ, छल, प्रपच, नफरत, फरेब से बरी होकर शुद्ध होगा। वरना जिदगी मे चौबीसो घटे लगे रहते हैं। अकाली दल राजनीतिक दल है। सब राजनीतिक पार्टिया झूठ, फरेब, छल, प्रपच, षड्यत्र करती हैं तो मदिर मे अकाली दल का प्रधान कार्यालय क्यो? शायद इसलिए कि श्रदालुओ का मन ज्यादा शुद्ध होने लगे तो अकाली दल रोक लगा दे। अधिक शुद्ध होना भी धम के विरुद्ध होता है। साधो, मदिर सारे सिखो का है बल्कि सारी मनुष्य जाति का है। पर अकाली दल में सारे सिख नही हैं। सिखो का अल्प मत अकाली दल मे है। फिर इसे यहा जगह क्या दी गयी? इसलिए कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबधक कमेटी भी अकालियों के हाथ मे है। साधो, इससे धम की पवित्रता यो सिद्ध होगी

कि पजाब के एक वग के स्वार्थों की माग यहा से उठेगी और उसे 'धमयुद्ध' कहा जायेगा। पिछली बार हिंसा इसी 'धमयुद्ध' के नारे से शुरू हुई थी—जो वास्तव में 'स्वार्थ युद्ध' था।

साधो, अब धर्म का चमत्कार देखो। खतरा टल गया, पुलिस ने ग्रथियो का फिर कब्जा दिला दिया, ग्रथियो की घबराहट मिटी तो उनके मुह से अकाली सकीण राजनीति बोलने लगी। व अब कहते हैं कि यह घटना तो सरकार ने करायी थी। इनके मुह से सत्य कब बोलेगा? इन्हे धम के कारण नहीं डर के कारण सत्य बोलने की आदत पड गयी है। कल ये पुलिस को धन्यवाद दे रहे थे। आज षड्यन्त्र का आरोप लगा रहे है। पता नहीं कल क्या कहेंगे। गुरुओ सभव हो तो इन्हे थोडा विवेक दो।

७ अक्टूबर, १९८४

# हनुमानजी हडताल पर

साधो, दशहरा और मुहरम लगभग साथ पडे और बहुत मामूली विघ्न के साथ देश भर मे मना लिये गये। एक विघ्न तो यह पडा कि एन वक्त पर जब सुदरकाड चल रहा था, तब रावण, हनुमान और सीता ने हडताल कर दी। यह दुघटना दिल्ली के श्रीराम कला केंद्र' म हुई। एक बडे उद्योगपति हो गये हैं लाला सर श्रीराम। उनके बेटे हैं—भरत राम और चरतराम। दिल्ली क्लाथ मिल और श्रीराम' के नाम से दूसरे कई उद्योग हैं इनके। यह श्रीराम उद्योग समूह है। मगर लदन म बसे उद्योगपति स्वराजपाल ने इन उद्योगा तथा एस्काटस कपनी की पोलें खोल दी। उसने कुल ग्यारह करोड के शेयर खरीदकर इन कपनियो को सकट मे डाल दिया। उसने बताया कि इन कपनियो के मालिको का कुल दो प्रतिशत पैसा लगा है। अग्रेजी मुहावरा है—धुल इन ए चाइना शाप, यानी चीनी मिट्टी के बतना की दुकान मे साड का घुस पडना। स्वराज्यपाल ने एसे ही साड का काम किया। ऊपर से वह कहता है—यह मेरा सिफ ग्यारह करोड का केवरे' था। आगे आगे देखिए होता है क्या ?

मगर साधो, मैं बात कर रहा था श्रीराम कला केंद्र की रामलीला की। लाला भरतराम और चरतराम की पत्निया पढ़ी लिखी और कला प्रेमी हैं। पडित नेहरू न प्रोत्साहित किया, जमीन और सरकारी सहायता दी और उन लोगा ने श्रीराम कला केंद्र खोल दिया। इसमे सारा साल ऊचे स्तर के नृत्य, नाट्य और सगीत के कायक्रम होते हैं। नियमित

नौकरी पर वह कलाकार, संगीतज्ञ आदि है। साधो, इस साल राम-लीला मे एक वेतन-लीला हो गयी। यह माया 'रमैया की दुल्हन' बाजार लूटती फिरती है। यह रामलीला नृत्य-नाट्य (बैले) बहुत मशहूर है। दिल्ली मे भी यह रामलीला होती है और दूसरे शहरो मे भी। इस साल जब सुदरकाड और लकाकाड होने थे, तब रावण, हनुमान और सीता ने हडताल कर दी। इनके बिना रामलीला पूरी हो नही सकती। हनुमान लका नही जलायेंगे, सीता से बात नही करेंगे, वानरो की सेना कमाड नही करेंगे, सजीवनी बूटी नही लायेंगे, मगर सीता? सीता तो अशोक वाटिका मे होगी नही। वे हडताल पर है। रावण भी हडताल पर है तो राम किसे मारें? विभीषण टापते रह गये। साधो, सीता हो, चाहे हनुमान, चाहे रावण—तनखा सबको चाहिए। बिना तनखा के क्या लीला? रोजी रोटी का इतजाम तो भगवान को भी करना पडता है। भक्ति मे कोई 'प्रोटीन' नही होता। साधो, इसी तरह कृष्ण लीला मे जब द्रोपदी नगी की जा रही थी और वह कृष्ण को पुकार रही थी, तब ऊपर साडी लेकर बैठे कृष्ण चिल्लाये—अब कृष्ण साडी नही देंगे। उन्हे तीन महीने से तनखा नही मिली।

साधो, उपट्रस्टी श्रीमती लाला चरतराम कहती हैं—यह कलाकारो द्वारा 'ब्लैकमेल' है। वे नही जानती कि मजदूर मागें मनवाने के लिए ऐसा ही वक्त चुनते है। अगर केवट को रेट बढवाना होता, तो वह सरयू-तट पर खडे राम से कहता—पहले भरत से कहकर रेट बढवाइए। तब मैं आपको मुफ्त नदी पार करा दूगा। अन्यथा अयोध्या लौट जाइये।

साधो, रामलीला जगह-जगह हुई। ताजिये भी निकले। इनके साथ ही वे लीलाएं भी हुईं, जो करायी जाती हैं। मेरा मतलब 'साप्रदायिक दगो' से है। कुछ जगह हिंदू मुस्लिम दगे भी हुए। हुए नही कराये गये। नागदा मजदूरो की बस्ती है। ट्रेड यूनियन मजबूत है, तो मजदूरो को लडवाना और ट्रेड यूनियन तोडना भी धर्म की माग थी। धर्म की यह माग पूरी की गयी। बाकी जगह पत्थर फिकवा दिये। हजार रुपये दो तो चार गुडे पत्थर फेंक देंगे धार्मिक जुलूस पर। उत्तर प्रदेश मे मऊनाथभजन मे कई उद्योग हैं। वहा मजदूरो को लडवाना मालिको के

एजेंटो के लिए दुर्गाभक्ति और रामभक्ति था। पत्थर फिंकवाकर यह अनुष्ठान किया गया, जिसे बढाया जा रहा है। सब मगल काय हैं। अयोध्या मे भगवान राम को अपनी जमीन पर कब्जा दिलाने राजनीतिक उचक्को ने बिहार के सीतामढी से रथयात्रा निकाली। यह किस साप्रदायिक राजनीतिक दल और भारतीय सस्कृति के रखवाले किस चोर गिरोह का अभियान है, यह सब समझते हैं। जिन राम ने किष्किधा से लका तक विजय करके राज सुग्रीव और विभीषण को दे दिया, उन्ही राम को अपनी जन्मभूमि पर कब्जा अब राजनीति के कीडे मच्छर और पिस्सू दिला रहे हैं। राम का यह काम अगले चुनाव मे सीटें जीतने के लिए किया जा रहा है। इसीलिए सारे उत्तर भारत मे रथयात्रा करके यह प्रचार किया जा रहा है कि देखो, इस पापी सरकार को कि भगवान राम की जन्म-भूमि म्लेच्छो को दे दी है। अब हमे मत दो तो हम धम की रक्षा करेंगे। यह रथयात्रा लखनऊ तक होगी क्योकि कब्जा तो लखनऊ की सरकार पर करना है। इसके बिना राम को उनकी जन्मभूमि पर कब्जा दिलाना व्यथ है।

साधो, दूसरी तरफ शिया और सुन्नी मे सिर फुटौवल की अस्म अदा हो गयी। कोई बिरादराने मुसलमीन नही है। शिया है, सुन्नी है, अहमदिया है, बहावी है। करीब चौदह शताब्दी पहले की खलीफा के पद की लडाई की घटना है जिसकी याद मे आज भी मुहरम पर शिया सुन्नियो को—'लानत है, लानत है' कहते हैं और सुन्नी हमला कर देते हैं। अब तो खिलाफत ही नही रही। वह ओहदा ही मुस्तफा कमाल पाशा ने खत्म कर दिया। मगर शिया-सुन्नी जहा भी हैं लडे जा रहे हैं।

साधो, तीन सालो से दशहरा और मुहरम साथ पड रहे हैं। एक बार तो एक ही दिन। इस बार दशहरा और मुहरम दो दिन के अतर से पडे। इस देश मे हिंदू और मुसलमान के त्योहारो का होना सहज नहीं माना जाता। न उसे सहज होने दिया जाता। दशहरा है तो हो जायेगा। मुहरम है तो ताजिये निकल जायेंगे। यह सहज मानसिकता बनने नही दी जाती। इससे ठीक उलटी मानसिकता महीने भर पहले से

बनायी जाती है। शासन के क्षेत्रों, खासकर पुलिस में घबड़ाहट मचती है—अरे बाप रे, इस साल तो दशहरा और मुहर्रम एक साथ हैं। कुछ हो न जाय! इस घबड़ाहट में शासन 'ओवर एक्टिंग' करने लगता है। इधर दो दो कौड़ी के नेता बयान देने लगते हैं कि हिंदू-मुस्लिम भाई-भाई हैं। इसलिए दोनों पर्व शांति से मना लें। अपीलें निकलती हैं जिम्मेदार लोगों की कि शांति रखें, साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखें। जिनकी बात उनका कुत्ता भी नहीं मानता, वे छुटभैया नेता भी अपील निकालते हैं। साधो, दंगा आकस्मिक नहीं होता। कोई हिंदू या मुसलमान नागरिक घर से निकलकर परस्पर नहीं लड़ते। दंगा हमेशा आर्थिक और राजनीतिक फायदे के लिए साम्प्रदायिक राजनीति के नेता कराते हैं। अगर इन्हें दंगा कराना हो, तो क्या वह इन अपीलों से रुक जायेगा?

मगर साधो, दोनों सम्प्रदायों को याद दिलायी जाती है कि परंपरा से ऐसे मौके पर लड़ना तुम्हारा धर्म है। तुम लड़ोगे तो वह स्वाभाविक और नीतिगत होगा। इस तरह साम्प्रदायिक जहर उभारकर ये अपीलों और बयानों वाले झगड़े की मानसिकता बनाते हैं। सोचो, इससे क्या दंगों को प्रोत्साहन नहीं मिलता? चुप रहकर दशहरा और मुहर्रम हो क्या नहीं जाने देते? मगर चुप रहें तो बताएं कब कि हम तुम्हारे नेता हैं?

१४ अक्टूबर, १९८४

## उत्तर की डी० एम० के०

साधो, मगरमच्छ भस निगलने की महत्त्वाकांक्षा लिये मुह फाडे बैठा था, मगर भैंस हर बार खिसक जाती थी। आखिर मगरमच्छ ने घोडा और बिल्ली, खरगोश, चूहा निगलकर सतोष कर लिया। बिल्ली, खरगोश, चूहा मगर के पेट को सुरक्षित समझकर चले गये है। मगर जब मगरमच्छ इन्हे चबाने लगेगा तब कोई तो नाक या मुह म से खिसककर बच जायेगा, और कोई चबाया जाकर पचा लिया जायेगा। साधो, चरण सिंह चद्रशेखर से कह रहे थे कि गठबधन नही, विलयन होना चाहिए—यानी मेरे पेट मे जनता पार्टी आ जाय। चद्रशेखर के अगभग हो रहे थे मगर वे मगरमच्छ के मुह मे 'विलयन' के लिए नही गये। आखिर अभी अभी बहुगुणा लोकतांत्रिक समाजवादी दल लेकर चरणसिंह मे विलय कर गये। गुजरात के रतुभाई अदानी आ गये। जनता पार्टी के काफी नेता आ गये। और आ रहे हैं। शरद पवार की पार्टी लगभग पेट में चली गयी। देवीलाल वगैरह को, समाजवादियो को डेढ साल पहले चौधरी ने 'गेट आउट कर' दिया था। अब उन्हें गेट इन' का हुक्म दे दिया। चौधरी साहब का पार्टी चलाने का यही लोकतांत्रिक तरीका है—डिसमिस ! गेट आउट ! कम इन ! साधो, तुम पूछोगे कि गुरु, ये लोग आ क्यो गये। बात यह है कि इन्हें कही और जाने को नही था। इनमे कोई राष्ट्रीय नेता नही हो सका। बहुगुणा राष्ट्रीय नेता होने की महत्त्वाकांक्षा रखते थे, मगर वे क्षेत्रीय ही रह गये। चौधरी चरणसिंह रेडीमेट और स्थायी राष्ट्रीय नेता हैं। हालांकि उनके अनुयायी उत्तर के तीन राज्यो मे जाट और यादव बडे किसानो मे से ही हैं।

साधो, चौधरी साहब ने 'दलित मजदूर किसान पार्टी' बना ली है। चुनाव की घोषणा होते होते वे दो बार और दूसरे नामो से पार्टिया बना सकते हैं। जिंदगी भर वे यही करते रहे हैं। वे बहुत मुलायम लौह-पुरुष हैं। अब एकदम चुनाव हो जायें तो यह पार्टी काम की है। देर हुई तो यह नयी पार्टी बेकाम हो जायेगी। चौधरी सीमेंट की तरह है। सीमेंट मे पानी डालकर उस घोल को फौरन फर्श या दीवार पर या जोड मे लगाना पडता है। तब वह जकडती और जोडती है। देर हो जाये तो सीमेंट पत्थर होकर बेकार हो जाती है। अगर चुनाव मे देर हुई तो यह दलित मजदूर किसान पार्टी की बोरी की सीमेंट बेकार हो जायेगी और चौधरी नयी पार्टी की नयी सीमेंट की बोरी ले लेगें।

साधो, यह दलित मजदूर किसान पार्टी है। दलित कौन है, यह चौधरी तय करेंगे। दलित का इतना ही अधिकार और कर्तव्य है कि वह बडे भूमिपतियो की निष्काम सेवा करें और कभी कभी उत्सव के लिए उनम सिर फुड्वायें और अपनी झोपडियो म आग लगवाकर होली मनाए। मजदूर को चौधरी चोर और डाकू समझते है। उनका कहना है कि मजदूर सगठित होकर मजदूरी बढवाते है। बोनस लेत हैं—तो इस तरह पूजी पर डाका डालते है। लीजिए, हो गया मजदूरो का भला। अब किसान चौधरी, अपने को किसान नेता मानते है। मगर किसान कौन ? छोटे किसान को वे किसान नही मानते। बडे किसानो को इनकी जमीन छीन लेना चाहिए और इनसे अपने खेतो पर बेगार कराना चाहिए। चौधरी सहकारी खेती के घोर विरोधी हैं क्योकि इसमे छोटे किसान मिलकर पनपते हैं। ये सब सिद्धात चौधरी साहब के पहले से तय हैं, इसलिए पार्टी का घोषणा पत्र बनाने और कायक्रम तैयार करने का पाखड करने की जरूरत नही है। सिद्धात, झडा कायक्रम—सब चौधरी हैं।

साधो, मैंने पहले कहा है कि अभी मगरमच्छ निगल रहा है। इसके बाद वह एक-एक को चबायेगा। कर्पूरी ठाकुर वगैरह समाजवादी निगले जायेगें। भूतपूर्व साम्यवादी चद्रजीत यादव भी पेट मे पहुचेंगे। जब

चबाये जायेंगे तब बहुगुणा का रूस समर्थन, अल्पसंख्यक प्रेम, समाजवाद कचूमर हो जायेंगे। चरणसिंह बहुगुणा को के०जी०बी० एजेंट कहते रहे हैं। चालाकी में इंदिरा गांधी से हार खाकर बहुगुणा कांग्रेस छोड़कर खुद राष्ट्रीय नेता बनने लगे। इंदिरा विरोध ने उन्हें पागल बना दिया और उन्होंने बयान दे दिया कि सोवियत नेता भारतीय जनता से नहीं, एक व्यक्ति इंदिरा गांधी से मित्रता रखे हैं। यह परिपक्व और बुद्धिमान रूसी नेता वर्ग का अपमान तो है ही, भारत की जनता का भी अपमान है। हताशा में बहुगुणा चौधरी के पेट में चले गये। चौधरी इनके समाजवाद, रूस प्रेम, मुस्लिम समर्थन, धर्म निरपेक्षता को चबाकर पचा लेंगे। लोहिया समाजवादियों के समाजवाद और वर्ण-समानता को भी चौधरी पचाकर दस्त के रास्ते से निकाल देंगे। चंद्रजीत यादव के वैज्ञानिक समाजवाद को चौधरी थूक देंगे।

साधो, इसके बाद चौधरी चुपचाप भारतीय जनता पार्टी से समझौता करेंगे। ये पेट में जाने वाले अभी अभी तक इस पार्टी को साम्प्रदायिक कहते हैं जो वह है मगर जब चौधरी अटलबिहारी से समझौता करेंगे तब इन समाजवादियों और धर्मनिरपेक्ष लोगों को अटलबिहारी की शरण में जाना होगा। आखिर ये चौधरी के पेट में हैं, बाहर स्वतंत्र नहीं है।

साधो, सिद्धांतहीन इस राजनीति को देखकर मुझे इन लोगों पर गुस्सा भी आता है और दया भी आती है। अपना क्या हाल कर लिया इन लोगों ने! अंधी राजनीति, अंधी नफरत, अंधी कुर्सी दौड़ में ये कभी के क्रांतिकारी अब हास्यास्पद विदूषक हो गये हैं। चौधरी मस्त हैं—

सबसे भले विमूढ़ मति जिनहिं न व्यापे जगत गति!

२८ अक्टूबर, १९८४

## देशभक्ति विभाजित

साधो, अब यह स्पष्ट हो गया है कि 'दक्षिणपंथी राजनीतिक दल' यह मानते हैं कि जो भारत देश नाम की जायदाद है, इस पर इंदिरा गांधी ने कब्जा कर रखा है। यह उन्होंने व्यक्तिगत जागीर बना रखी है। ये दल यह भी मानते हैं कि यह कब्जा नाजायज है और इस जागीर पर असली हक उनका है। वे इस जागीर पर एक बार कब्जा कर चुके थे, पर यह सिर्फ ढाई साल रहा। अब वे स्थायी रूप से इस जागीर पर कब्जा करने की कोशिश में लगे हैं। जब तक यह जागीर इंदिरा गांधी के कब्जे में है तब इसकी रक्षा की जिम्मेदारी भी सिर्फ उन्हीं की है। पाकिस्तान अमेरिका चीन से अगर भारत जागीर को खतरा है तो उससे इंदिरा गांधी निपटे। हम क्या दूसरे की जागीर की रक्षा करें? बल्कि हम तो चाहेंगे कि भीतर और बाहर से वह इतनी तंग हो जायें कि कब्जा छोड़ दें तो हम जागीर पर कब्जा कर लें।

साधो, बड़ी साफ और सुखदायक स्थिति है। तुम चाहो तो इसे देशभक्ति भी कह सकते हो, राष्ट्रभक्ति भी कह सकते हो, राजनीतिक विवेक भी कह सकते हो। मगर वास्तविक स्थिति बिलकुल यही है। साधो, प्रधानमंत्री लगभग रोज ही बाहरी खतरे से देश को सावधान कर रही हैं। अगर वे झूठा डर पैदा कर रही हैं, युद्ध का उन्माद पैदा कर रही हैं, व्यर्थ उलझ रही हैं तो सचमुच बुरा कर रही है। मगर यह तय कौन करे कि वे झूठा हौआ खड़ा कर रही हैं? ये दक्षिणपंथी दल कहते हैं कि वे खतरे का हौआ खड़ा करके चुनाव जीतना चाहती हैं। अगर

वे सचमुच यह कर रही है, तो बहुत गलत कर रही हैं। मगर यह कैसे जाने कि वे ऐसा कर रही हैं? साधो, इसका एक पक्का तरीका तो यह है कि यह मान लिया जाय कि इंदिरा गांधी हर बात झूठ बोलती हैं और चंद्रशेखर, जार्ज फर्नांडिस, बीजू पटनायक, अटलबिहारी वाजपेयी वगैरह हर बात सच बोलते हैं। यह मान लो कि इस देश मे जैसे धान और गेहू और चने की नस्लें हैं वैसे ही राजनीतिज्ञो की भी नस्लें है। यहा सच्चे राजनेता और झूठे राजनेता के बीज अलग अलग हैं। झूठ के बीज से पैदा हुए हैं कांग्रेस नेता तथा दोनों कम्यूनिस्ट पार्टियो के नेता और चंद्रजीत यादव जैसे कुछ वामपंथी। ये सच्चे हो ही नही सकते क्योंकि ये झूठ के बीज से पैदा हुए हैं। बाकी दक्षिणपंथी सच के बीज से पैदा हुए हैं। अटलबिहारी वाजपेयी वगैरह सभी भाजपाई की विकसित नस्ल है—संकर नस्ल। ये पहले घोर पाकिस्तान विरोधी थे, मगर अब पाकिस्तान समर्थक। झूठ और सच और पाखंड के संकर बीज से यह फसल आयी है। अच्छी है। साधो, अगर झूठो और सच्चो की ये दो नस्लें मान लें तो बात समझ मे आ जाती है।

मगर साधो, तुम लोग हो काइया। इतनी सहज बात मानोगे नही। दाव पेंच मे सोचोगे। तुम पूछोगे, गुरु यह बताइए कि जब भी प्रधानमंत्री पाकिस्तान का नाम लेती हैं, तब देशी मुहावरे के अनुसार इन्हे मिर्ची क्यो लग जाती है? अटलबिहारी वाजपेयी ने कहा था—मैं पंजाब मे कोई विदेशी हाथ नही देखता। जो है, वे देशी हाथ है जिनमे एक दस्ताने पहने कोमल हाथ भी हैं। इसका क्या अर्थ है? क्या अटलबिहारी को यह भी बरदाश्त नही है कि यह कहा जाए कि पाकिस्तानी हथियार मिले हैं पाकिस्तानी मुद्रा मिली है पाकिस्तानी मदद के सबूत मिले हैं? तुम पूछोगे—गुरु जो तथ्य है, जो शक है, वह क्यों न कहा जाय? अटलबिहारी वाजपेयी जैसे राष्ट्रभक्त अपनी मातृभूमि भारत माता की चिंता छोडकर पाकिस्तान की चिंता मे क्या लगे हैं। चंद्रशेखर कहते हैं—इंदिरा गांधी पाकिस्तान से खतरे का झूठा हौआ खडा कर रही हैं, हालांकि मैं भी इस खतरे को कम करके नही

आंकता। भैया चंद्रशेखर, तू भी खतरे को कम नहीं आंकता। फिर अगर देश की प्रधानमंत्री आगाह कर रही हैं, तो क्या बुरा कर रही हैं। तू अगर प्रधानमंत्री होता तो तू भी आगाह करता।

साधो, तुम पूछोगे कि पाकिस्तान इतने हथियार क्यों एकत्र कर रहा है? हिंद महासागर में अमेरिकी फौजी बेड़े किसके लिए घूमते हैं? अमेरिका ने झूठी खबर उड़ा दी कि भारत के जगुआर विमान आगे के मोर्चे पर पहुंच गये हैं और वे पाकिस्तान के अणु ठिकानों को नष्ट करने वाले हैं। इस झूठी खबर से रीगन प्रशासन ने अमेरिकी जनता सीनेट और कांग्रेस को धोखा देकर पाकिस्तान को नयी हथियार पूर्ति के आदेश पर दस्तखत कर दिये। और फिर कह दिया कि बादलों के कारण हमारे उपग्रह को गलत दिख गया था। अब रीगन कहते हैं कि अगर भारत ने पाक पर हमला किया तो अमेरिका पाक की मदद करेगा। सवाल है कि कौन तय करेगा कि भारत ने हमला किया? वही अमेरिकी उपग्रह बतायेगा जिसने अभी बादलों में जगुआर विमान देख लिये थे? जब यह सब हो रहा है, तब अगर प्रधानमंत्री कहती हैं कि सावधान रहो, तो ये दक्षिणपंथी दल क्यों चिढ़ जाते हैं?

साधो, इस देश में देशभक्ति सीधे सीधे विभाजित हो चुकी है। रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा, जिनकी तबियत का हाल पूछने कलकत्ता से अमेरिकी कूटनीतिज्ञ पटना आये और बात करके सीधे अमेरिका चले गये। वे जनरल सिन्हा अपनी ठीक जगह आ गये। वे पूना में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय परिषद में अतिथि की हैसियत से बोलेंगे। वे चुनाव भी लड़ेंगे। साधो, साफ है कि जनरल सिन्हा जब नौकरी पर थे, तभी से अमेरिकी कूटनीतिज्ञों से उनके संबंध थे। यह अनुशासन भंग था।

साधो, तो देशभक्ति का विभाजन इस तरह हो गया है। दक्षिण-पंथी उस अमेरिकी योजना के हिसाब से काम कर रहे हैं जिसमें एशिया में अमेरिका द्वारा मोर्चाबंदी है। ये भारत की स्वाधीनता को सीमित करके देश को इस अमेरिकी जाल में डालना चाहते हैं। तभी उन्हें सब

कुछ प्यारा लगता है, जो अमेरिकी हो—यहा तक कि पाकिस्तान को दिये जा रहे हथियार भी। इन पवित्र हथियारो से मरने से स्वग मिलता है। यह देशभक्ति भारत की पक्षधर न होकर अमेरिका की पक्षधर है। दूसरी देशभक्ति है—देश स्वाधीन व गुट निरपेक्ष रहे, अमेरिका की अधीनता स्वीकार न करे, आत्म-सम्मान बनाये रखे और समाजवादी देशो से मित्रता रखे। आगामी चुनाव इन दो प्रकार की देशभक्ति की आपसी लडाई है। इसीलिए अमेरिकी डालर यहा बह रहे हैं। एक देशभक्ति है अमेरिकी साम्राज्यवाद का साथ देना और दूसरी उसका विरोध करना।

३० अक्टूबर, १९८४

□□□